

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को मांगपत्र सौंपते हुए सांसद सिकंदर कुमार।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्षः 19 अंकः 77 पृष्ठः 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group


# बीजापुर मुठभेड़ में 30 नक्सली ढेर

## एक जवान का बलिदान, इस मुठभेड़ में नक्सलियों के बड़े कैडर्स के मारे जाने की संभावना जताई गई

**अभियान**

**नक्सलियों के बीच गुरुवार को हुई मुठभेड़ में 30 नक्सली ढेर हो गए जबकि एक जवान बलिदानी हो गया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर के अंड्री जंगल और कांकेर जिले के नारायणपुर सरहदी क्षेत्र में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच गुरुवार को हुई मुठभेड़ में 30 नक्सली ढेर हो गए जबकि एक जवान बलिदानी हो गया। बीजापुर जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र अंर्तगत नक्सलियों के कोर सरहदी इलाके बीजापुर-दंतेवाड़ा सीमा पर अंड्री के जंगल में सुबह 7 बजे से सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच चल रही मुठभेड़ में अभी तक 26 नक्सली मारे गए हैं जबकि डीआरजी के एक जवान का बलिदान हो गया। इस मुठभेड़ में नक्सलियों के बड़े कैडर्स के मारे जाने की संभावना जताई गई है। वहीं कांकेर-नारायणपुर के सरहदी इलाके में नक्सलियों की उपस्थिति की पर सर्चिंग अभियान पर संयुक्त पुलिस बल रवाना हुई थी। इस इलाके में भी आज सुबह से डीआरजी और बीएसएफ की संयुक्त पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुए में अभी तक 4 नक्सलियों के शव और आटोमैटिक हथियार सहित अन्य नक्सल सामग्री बरामद की गयी है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने बीजापुर एवं कांकेर जिले में जारी मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए बताया कि बीजापुर से 26 नक्सललियों के शव और कांकेर जिले से 4 नक्सलियों के शव सहित मुठभेड़ स्थल से बड़ी मात्रा में हथियार और गोला बारुद के साथ अब तक 30 नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गये हैं। क्षेत्र में मुठभेड़ के साथ ही सर्चिंग अभियान जारी है, विस्तृत जानकारी पृथक से दी जाएगी।

## अगले साल 31 मार्च से पहले देश नक्सलमुक्त होने वाला है : शाह



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार नक्सलियों के विरुद्ध रुथलेस अप्रोच के साथ आगे बढ़ रही है। उन्होंने दावा किया कि अगले साल 31 मार्च से पहले देश नक्सलमुक्त होने वाला है। छत्तीसगढ़ में गुरुवार को दो अलग-अलग अभियानों में 22 नक्सलियों के मारे जाने के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा किए गए एक पोस्ट में अमित शाह ने कहा कि नक्सलमुक्त भारत अभियान की दिशा में आज हमारे जवानों ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है। छत्तीसगढ़ के बीजापुर और कांकेर में सुरक्षा बलों के 2 अलग-अलग ऑपरेशन में 22 नक्सली मारे गए। मोदी सरकार नक्सलियों के विरुद्ध रुथलेस अप्रोच से आगे बढ़ रही है और समर्पण से लेकर समावेशन की तमाम सुविधाओं के बावजूद जो नक्सली आत्मसमर्पण नहीं कर रहे, उनके खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है। अगले साल 31 मार्च से पहले देश नक्सलमुक्त होने वाला है। गृह मंत्रालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में नक्सलवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के चलते वर्ष 2025 में अब तक 90 नक्सली मारे जा चुके हैं, 104 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है और 164 ने आत्मसमर्पण किया है।

## चुनाव प्रक्रिया को मजबूत करने के लिए आयोग ने उठाए कदम



**एक्शन**

**मतदाता सूची में हेरफेर और डुप्लीकेट मतदाता पहचान पत्र को लेकर उठ रहे सवालों को लेकर आयोग गंभीर**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** मतदाता सूची में हेरफेर और डुप्लीकेट मतदाता पहचान पत्र को लेकर उठ रहे सवालों को लेकर चुनाव आयोग गंभीर है। चुनाव प्रक्रिया को मजबूत करने के लिए आयोग ने पिछले एक महीने में कई कदम उठाए हैं। आयोग ने गुरुवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में नए मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में लिए गए अहम फैसलों की जानकारी दी। आयोग ने कहा कि पिछले एक महीने में कई कदम उठाए हैं। लगभग एक करोड़ चुनाव अधिकारियों की निरंतर क्षमता वृद्धि के लिए डिजिटल प्रशिक्षण की योजना बनाई गई है। ईआरओ, डीईओ और सीईओ स्तर पर चुनाव अधिकारियों के साथ लगभग 5000 सर्वदलीय बैठकों के माध्यम से राजनीतिक दलों की भागीदारी बढ़ाने, आपत्तियों और अपीलों में सुधार और मतदाता सूची में नाम शामिल करने की प्रक्रिया पर जोर दिया गया है। इसके बाद अब तक केवल 89 प्रथम अपील और केवल 1 द्वितीय अपील दायर की गई है। आयोग ने कहा कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के पदभार ग्रहण करने के एक महीने से भी कम समय में निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी के साथ चुनाव आयोग ने सभी मतदाताओं की भागीदारी को बढ़ावा देने और उन्हें मतदान केंद्रों तक लाने के लिए बीएलओ स्तर तक पूरे निर्वाचन तंत्र को सही रास्ते पर ला दिया है। राजनीतिक दलों को प्रमुख हितधारकों के रूप में जमीनी स्तर पर शामिल किया जा रहा है। आयोग की ओर से कहा गया कि आधार और मतदाता पहचान पत्र को लिंक करने के लिए यूआईडीएआई और ईसीआई के विशेषज्ञों के बीच तकनीकी परामर्श जल्द ही शुरू होने वाले हैं। आयोग ने देश भर में ईपीआईसी नंबरों में डुप्लीकेट को हटाने और 3 महीने के भीतर दशकों पुराने मुद्दे को समाप्त करने का संकल्प लिया है। इसके अलावा जन्म और मृत्यु पंजीकरण अधिकारियों के समन्वय से मतदाता सूची को नियमित अपडेट किया जाएगा।

## सेना स्वदेशी आर्टिलरी गन सिस्टम खरीदेगी



**क्षमता**

**अगले सप्ताह सौदा होने की उम्मीद, हॉवित्जर के निर्माण में घरेलू क्षमता को बढ़ावा मिलेगा**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री की अगुवाई वाली सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) ने सेना के लिए स्वदेशी उन्नत टोड आर्टिलरी गन सिस्टम (एटीएजीएस) हासिल करने के लिए करीब 7,000 करोड़ रुपये के सौदे को मंजूरी दी है। यह सौदा 307 हॉवित्जर के लिए है, जिनकी मारक क्षमता 45-48 किलोमीटर तक है। इस सौदे में सेना की 15 आर्टिलरी रेजिमेंटों को हथियार पहुंचाने वाले 327 गन टोइंग वाहन भी शामिल हैं। इस अनुबंध पर अगले सप्ताह सौदे पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है, जिससे भारीभरकम हॉवित्जर के निर्माण में घरेलू क्षमता को बढ़ावा मिलेगा। भारतीय सेना ने चीन और पाकिस्तान के साथ सीमाओं पर तैनाती के लिए 307 उन्नत टोड आर्टिलरी गन सिस्टम (एटीएजीएस) खरीदने का प्रस्ताव लगभग दो साल पहले रक्षा मंत्रालय को भेजा था। मंत्रालय की मंजूरी मिलने के बाद आखिरी मुहर लगाने के लिए यह प्रस्ताव सुरक्षा कैबिनेट समिति के पास भेजा गया था।

## 100 गीगावॉट परमाणु ऊर्जा की तैनाती की परिकल्पना



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** बजट-2025 में घोषित परमाणु ऊर्जा मिशन में 2047 तक 100 गीगावॉट परमाणु ऊर्जा की तैनाती की परिकल्पना की गई है, जो 2070 तक नेटजीरो के लिए आवश्यक है। मिशन का उद्देश्य जीवाश्म ईंधन ऊर्जा स्त्रोतों के लिए विश्वसनीय ऊर्जा विकल्प प्रदान करना है। इसका उद्देश्य सेवानिवृत्त थर्मल पावर-प्लांट को बदलना, ऊर्जा गहन उद्योग के लिए कैप्टिव प्लांट स्थापित करना और ऊर्जा क्षेत्र को डीकाबोर्नाइज करने के उद्देश्य से दूरस्थ और ऑफ-ग्रिड स्थान के लिए ऊर्जा प्रदान करना है। यह जानकारी आज राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), परमाणु ऊर्जा विभाग, अंतरिक्ष विभाग डॉ. जितेंद्र सिंह ने दी। इसमें बताया गया कि डीएई भारत लघु मॉड्यूलर रिएक्टर (बीएसएमआर)-200 मेगावाट, लघु मॉड्यूलर रिएक्टर (एसएमआर)-55 मेगावाट और हाइड्रोजन उत्पादन के लिए गैस-कूल्ड उच्च तापमान रिएक्टर का डिजाइन और विकास कर रहा है। 2033 तक पांच एसएमआर की तैनाती के लिए बजट-2025 में 20,000 करोड़ रुपये का फंड आवंटित किया गया है। ऊपर उल्लिखित लघु मॉड्यूलर रिएक्टरों के विकास को समर्थन देने के लिए भी फंड आवंटित किया गया है।

## द्रमुक सांसद स्लोगन लिखी टी-शर्ट पहने पहुंचे, नहीं चली लोकसभा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** लोकसभा में को परिसीमन के मुद्दे पर द्रमुक सदस्य स्लोगन लिखी टी-शर्ट पहने पहुंचे। इसके चलते कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू होने के कुछ देर बाद ही स्थगित कर दी गई। वहीं 12 बजे दोबारा कार्यवाही शुरू होने पर भी द्रमुक सदस्यों के शोर-शराबे के बीच कार्यवाही 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। दो बजे भी इसी कारण से कामकाज नहीं हुआ और दो मिनट बाद ही कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। लोकसभा की कार्यवाही शुरू होने पर अध्यक्ष ओम बिरला ने द्रमुक सदस्यों के स्लोगन लिखी टी-शर्ट पहनने पर नाराजगी जताई। बिरला ने कहा कि सदन नियम प्रक्रिया और मयार्दा से चलेगा और इस तरह का व्यवहार अस्वीकार्य है। सदस्यों को नियम 349 पढ़ना चाहिए। सदन में नियमों का पालन सुनिश्चित कराना उनकी जिम्मेदारी है। इसके बाद उन्होंने कार्यवाही को 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। वहीं 12 बजे कार्यवाही दोबारा शुरू होने पर भी द्रमुक सदस्य टी-शर्ट पहने आए और शोर-शराबा किया। इसके बाद कार्यवाही को दो बजे तक के लिए स्थगित कर दिया।



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात करते हुए हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू।

## अब तक का सबसे गर्म साल रहा 2024, संरा ने जारी की स्टेटस रिपोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**जिनेवा। संयुक्त** राष्ट्र के विश्व मौसम विज्ञान संगठन ने अपनी वार्षिक क्लाइमेट स्टेटस रिपोर्ट जारी की। इसमें कहा गया कि 2024 अब तक का सबसे गर्म साल रहा। इसने 2023 के रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ दिया। संगठन के अनुसार, 2024 में पहली बार वैश्विक तापमान 1850-1900 में निर्धारित आधार रेखा से 1.5 डिग्री सेल्सियस ज्यादा दर्ज किया गया। यह रिपोर्ट 19 मार्च को यहां संगठन की महासचिव प्रो. सेलेस्टे साउलो ने जारी की। इससे पहले की रिपोर्ट में 2014 से 2023 का समय सबसे गर्म दशक के रूप में रिकॉर्ड किया गया था। इन 10 वर्षों में हीटवेव ने महासागरों को प्रभावित किया। साथ ही ग्लेशियरों को रिकॉर्ड नुकसान हुआ।

**महत्वपूर्ण कदम** बायोमैन्युफैक्चरिंग में उछाल में निजी क्षेत्र और स्टार्टअप की भागीदारी बढ़ाने के लिए विस्तृत चर्चा की

## प्रौद्योगिकी संचालित सहयोग को मजबूत करने का फैसला



**चर्चा**

**माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने गुरुवार को केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह से मुलाकात क**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।।** प्रौद्योगिकी संचालित सहयोग को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने गुरुवार को केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह से मुलाकात की। उन्होंने भारत के नवाचार को बढ़ावा देने और बायोमैन्युफैक्चरिंग में उछाल में निजी क्षेत्र और स्टार्टअप की भागीदारी बढ़ाने के लिए विस्तृत चर्चा की। दोनों पक्षों के प्रतिनिधिमंडलों की सहायता से आयोजित इस बैठक में जीन थेरेपी, वैक्सीन नवाचार, जैव प्रौद्योगिकी विनिर्माण और भारत के उभरते स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र में प्रगति को शामिल किया गया। डॉ. जितेंद्र सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने बायोटेक नवाचारों में उछाल देखा है, जिसे बायो ई3 जैसी नीतियों का समर्थन मिला है । उन्होंने भारत की जैव क्रांति को आगे बढ़ाने में निजी खिलाड़ियों और स्टार्टअप की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डाला, जिसमें जैव प्रौद्योगिकी उद्योग अनुसंधान सहायता परिषद जैसे संरचित तंत्र सहयोग को बढ़ावा दे रहे हैं। बिल गेट्स ने भारत की जैव प्रौद्योगिकी प्रगति की प्रशंसा की, वैक्सीन विकास में इसके नेतृत्व को स्वीकार किया, जिसमें एचपीवी और कोरोना वैक्सीन के लिए साझेदारी भी शामिल है। उन्होंने तपेदिक और मलेरिया जैसी बीमारियों से निपटने में भारत के प्रयासों का समर्थन करने में भी रुचि व्यक्त की। उन्होंने कहा कि भारत का अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र वैश्विक स्वास्थ्य सफलताओं के लिए अपार अवसर प्रस्तुत करता है। चर्चा का एक प्रमुख विषय भारत का जैव प्रौद्योगिकी स्टार्टअप बूम था, जिसमें अब इस क्षेत्र में 10,000 से अधिक स्टार्टअप काम कर रहे हैं। डॉ. जितेंद्र सिंह ने बताया कि इनमें से 70 प्रतिशत मेडिकल और स्वास्थ्य बायोटेक पर केंद्रित हैं, जबकि बाकी कृषि, पर्यावरण और औद्योगिक जैव प्रौद्योगिकी में योगदान दे रहे हैं।




# गोल्डन लाइन कॉरिडोर पर जून में काम शुरू होगा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली में एरो सिटी से तुगलकाबाद मेट्रो के गोल्डन लाइन कॉरिडोर पर खानपुर के बचे हुए 250 मीटर के हिस्से का भी काम जून में शुरू होने की संभावना है। दक्षिणी जिले के एलएसी (लैंड एक्विजिशन कलेक्टर) की ओर से सेक्शन-19 के तहत अवार्ड से पूर्व 21 मार्च को पहली जनसुनवाई होगी। लोगों की आपत्तियां दर्ज की जाएंगी। वहीं, मई में दूसरी जनसुनवाई के बाद जून में अवार्ड किया जाएगा। इसके बाद भूमि अधिग्रहण कर डीएमआरसी को हस्तांतरण किया जाएगा और इस हिस्से पर भी मेट्रो का काम शुरू हो जाएगा।

**अंडरग्राउंड चल रहा है काम**
दरअसल, एरो सिटी से तुगलकाबाद तक मेट्रो के गोल्डन लाइन का काम चल रहा है। साकेत जी ब्लाक से लेकर हमदर्द टी प्वाइंट तक एलिवेटेड लाइन और इसके



आगे अंडरग्राउंड काम चल रहा है। खानपुर रेड लाइट से आगे करीब ढाई किलोमीटर तक एलिवेटेड मेट्रो लाइन के साथ फ्लाईओवर का भी काम हो रहा है। इसी बीच वाले हिस्से में खानपुर मार्केट के 250 मीटर की दूरी में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया चल रही है।

**खानपुर में होगी पहली जनसुनवाई**
दक्षिणी जिला एडीएम कार्यालय के मुताबिक, भूमि अधिग्रहण अधिनियम-2013 के तहत ही खानपुर में जमीन अधिग्रहण करने की प्रक्रिया चल रही है। अधिनियम के प्रविधानों के तहत अधिग्रहण के लिए कुछ समय देना अनिवार्य होता है। अवार्ड की प्रक्रिया से पहले सेक्शन-19 के तहत 21 मार्च को खानपुर में पहली जनसुनवाई होगी। एलएसी मौके पर लोगों की आपत्तियां दर्ज करेंगे। आपत्तियों का निपटारा करते हुए अप्रैल के अंत में या मई के पहले सप्ताह में दूसरी जनसुनवाई होगी। आपत्तियां दर्ज कराने के लिए लोगों के पास एक और मौका होगा।

इनका निराकरण करते हुए जून में अवार्ड किया जाएगा। अवार्ड के बाद दिल्ली सरकार के भूमि एवं भवन विभाग को जमीन हैंडओवर कर दी जाएगी। इसके बाद भूमि एवं भवन विभाग जमीन खाली करते हुए इसे डीएमआरसी को सौंप देगा।

**निर्णय**

**भूमि अधिग्रहण अधिकारी द्वारा जारी किया गया एक निर्णय, भूमि के अधिग्रहण के लिए तय किए गए मुआवजे और संबंधित शर्तों का उल्लेख होता है।**

**इस हिस्से का काम पूरा करने का दावा**
जमीन एलएसी कर्मियों के साथ ही, संबंधित क्षेत्र के तहसीलदार, पटवारी, स्थानीय पुलिस और डीएमआरसी प्रतिनिधियों की मौजूदगी में खाली कराई जाएगी और मौके पर ही डीएमआरसी को सौंपी जाएगी। साकेत जी-ब्लॉक से लेकर पुल प्रह्लादपुर तक करीब 8.6 किमी में मेट्रो का काम दिसंबर 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित है। इसी अवधि में खानपुर के इस हिस्से का भी काम पूरा करने का दावा किया जा रहा है।
भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया में 'अवार्ड' का मतलब है भूमि अधिग्रहण अधिकारी द्वारा जारी किया गया एक निर्णय, जिसमें भूमि के अधिग्रहण के लिए तय किए गए मुआवजे और अन्य संबंधित शर्तों का उल्लेख होता है।

# दिल्ली सरकार के मंत्री कपिल मिश्रा को राहत नहीं

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** आपत्तिजनक पोस्ट के मामले में ट्रायल कोर्ट के बाद दिल्ली सरकार के कानून मंत्री कपिल मिश्रा को दिल्ली हाईकोर्ट से भी राहत नहीं मिली।कपिल मिश्रा की अपील याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति रवींद्र डुडेजा की पीठ ने मामले में दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी करते हुए सुनवाई 19 मई तक के लिए स्थगित कर दी।
कपिल मिश्रा ने मजिस्ट्रेट अदालत द्वारा जारी समन के विरुद्ध दायर याचिका खारिज करने के सत्र न्यायालय के



आदेश को चुनौती दी है।

**ट्रायल कोर्ट ने की थी ये टिप्पणी**
राउज एवेन्यू की सत्र अदालत ने सात मार्च को कपिल मिश्रा की याचिका खारिज करते हुए टिप्पणी की थी कि ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर रोक लगाने की कोई आवश्यकता नहीं है। अदालत ने कहा था कि ट्रायल कोर्ट मामले में आगे की कार्यवाही करने के लिए स्वतंत्र है। ट्रायल कोर्ट में मामले पर सुनवाई 20 मार्च को होनी है। कपिल मिश्रा ने 23 जनवरी 2020 को दिल्ली विधानसभा चुनावों के संबंध में अपने एक्स हैंडल पर आपत्तिजनक बयान पोस्ट किए थे। रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई थी और इसके आधार पर कपिल मिश्रा के विरुद्ध प्राथमिकी हुई थी।

**कपिल ने बचाव में रखा अपना पक्ष**
कपिल मिश्रा की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता महेश जेठमलानी ने कहा कि अधिनियम की धारा-125 एक गैर-संज्ञेय अपराध है और दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 155 (2) के तहत प्रक्रिया का पालन किए बिना प्राथमिकी नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि पोस्ट में किसी भी दो समुदायों या समूहों का कोई जिक्र नहीं था।

## 35 करोड़ की जमीन पर जमकर गरजा बुलडोजर, एक्शन से मचा हड़कंप

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में विजयनगर के सुदामापुरी में नगर निगम की टीम ने बृहस्पतिवार को 5,500 वर्गमीटर जमीन कब्जा मुक्त कराई। इस जमीन पर बालिकाओं के लिए 12वीं कक्षा तक का विद्यालय बनाने की तैयारी की गई है। सुदामापुरी में सरकारी जमीन को अपना बताते हुए बादल यादव ने कोर्ट में केस डाला था, जिस पर उसे स्टे मिला था। स्टे मिलने के बाद वह जमीन पर अवैध रूप से प्लॉटिंग कर रहा था। उधर, सरकारी जमीन पर स्टे के विरोध में नगर निगम ने भी कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। कोर्ट ने 19 मार्च को नगर निगम के पक्ष में फैसला सुनाया। इसके बाद बृहस्पतिवार सुबह महापौर सुनीता और बुलडोजर की मदद से जमीन को कब्जा मुक्त कराया।

# 22 मार्च को एक घंटे के लिए गैर-जरूरी लाइट बंद रखें: बीएसईएस

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** बिजली वितरण कंपनी बीएसईएस ने दिल्ली के करीब दो करोड़ लोगों से 22 मार्च को रात 8:30 बजे से 9:30 बजे तक अर्थ आवर के दौरान गैर-जरूरी लाइट और उपकरण बंद करने की अपील की है। यह अभियान जलवायु परिवर्तन और ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए आयोजित किया जाता है।
बीएसईएस का कहना है कि पिछले साल दिल्ली में अर्थ आवर के दौरान 206 मेगावॉट बिजली बचाई गई थी, जिसमें बीएसईएस क्षेत्र का योगदान 130 मेगावॉट रहा। इस साल कंपनी को उम्मीद है कि यह आंकड़ा और बढ़ेगा।

**'वर्ल्ड वाटर डे' के साथ मनाया जा रहा 'अर्थ आवर डे'**

**शांति**

**अर्थ आवर के दौरान गैर-जरूरी लाइट और उपकरण बंद करने की अपील की है**

अर्थ आवर इस साल वर्ल्ड वाटर डे के साथ मनाया जा रहा है, जिसका थीम है झ ह्वाबी वॉटर वाइजह्न। इसका उद्देश्य जल और ऊर्जा संरक्षण के महत्व को उजागर करना है। बीएसईएस ने अपने ग्राहकों और कर्मचारियों को जागरूक करने के लिए एसएमएस, वेबसाइट और न्यूजलेटर के जरिए संदेश भेजे हैं। इसके अलावा, कंपनी अपने 400 से अधिक कार्यालयों में गैर-जरूरी लाइट्स बंद रखेगी। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ-इंडिया ने लोगों से इस अभियान में शामिल होकर जलवायु संरक्षण में योगदान देने की अपील की है।

**भारत में 15वां अर्थ आवर डे का हो रहा आयोजन**
डब्ल्यूडब्ल्यूएफ-इंडिया के प्रवक्ता ने कहा, "भारत में अर्थ आवर का 15वां वर्ष मनाया जा रहा है। हम बीएसईएस का आभार व्यक्त करते हैं, जो नागरिकों तक जागरूकता फैलाने में सहयोग कर रही है। हम सभी हाउसिंग सोसाइटियों और निवासियों से अपील करते हैं कि वे गैर-जरूरी लाइट्स बंद कर इस अभियान का हिस्सा बनें।" अर्थ आवर सिर्फ बिजली बचाने का अभियान नहीं है, बल्कि यह नागरिकों को अपने दैनिक जीवन में छोटे-छोटे बदलाव करने के लिए प्रेरित करता है।


## उत्तर रेलवे

**शुद्धिपत्र**

संदर्भ: i) निविदा सूचना क्रमांक 03/2024-2025 दिनांक 10.04.2024
ii) निविदा संख्या 15235293 19.05.2025 को देय है।
1. उपरोक्त निविदा के संदर्भ में, वाणिज्यिक–अनुपालन को संशोधित किया गया है
2. उपरोक्त निविदा के संदर्भ में, नियत तिथि 18.03.2025 से बढ़ाकर 19.05.2025 कर दी गई है
अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित है।
शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है। 865/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr. P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया नामः **इमरान, पुत्रः रियाज़, निवासीः प्रदीप का मकान, खजूर वाली गली, गोंडा गांव, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No.351/2019 U/S 25/54/59 आर्म्स अधिनियम** के तहत एक मामला **थाना जाफराबाद, दिल्ली** में दर्ज किया गया है किया है (या किए जाने का संदेह है) और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि अभियुक्त **इमरान** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि आरोपी **इमरान** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **FIR No.351/2019 U/S 25/54/59 आर्म्स अधिनियम, थाना जाफराबाद, दिल्ली** के आरोपी उक्त **इमरान** को उक्त शिकायत का जवाब देने के लिए दिनांक **25.04.2025** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार
सुश्री आयुषी सक्सेना
एलडी. न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05,
कमरा नं. 07, द्वितीय तल,
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

**DP/3369/NE/2025**
(अदालती मामला)

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **इब्राहिम पुत्रः** दाऊद अंसारी **पताः** 204 गली नंबर 203, जेजे कॉलोनी बवाना दिल्ली, ने **FIR No. 150/15 U/s 420 IPC थानाः सीमापुरी दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **इब्राहिम,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **इब्राहिम,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 150/15 U/s 420 IPC थानाः सीमापुरी दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **इब्राहिम,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.04.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री ऐश्वर्या सिंह कश्यप
एलडी. जेएमएफसी–05
कड़कड़डूमा कोर्ट दिल्ली

**DP/3525/SHD/2025**
**(Court Matter)**

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा **82 Cr.P.C.** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **आकाश कुमार पुत्रः कहिया, पताः** एफ–6, गली नं. 7, पॉडव नगर, दिल्ली, **FIR No. 16929/2021, U/s 379 IPC,** थानाः मण्डावली, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आकाश कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आकाश कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 16929/2021, U/s 379 IPC,** थानाः मण्डावली, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **आकाश कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.06.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री सचिन
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03
कोर्ट नं. 16, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

**DP/3285/ED/2025**
**(Court Matter)**


## उत्तर मध्य रेलवे

**ई निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, के वै, प्रयागराज, उत्तर मध्य रेलवे द्वारा निम्न लिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रपत्र में पर्याप्त अनुभव एवं वित्तीय क्षमतावान प्रतिष्ठित ठेकेदारों से ई-निविदाएं निविदा बंद होने की तिथि एवं समय तक GeM वेबसाइट पर आमंत्रित की जाती है:-

| | |
|---|---|
| **GeM बिड संख्याः** GEM/2025/B/6066312 Dated- 18.03.2025 | |
| **कार्य का नामः** 03 वर्षों के लिए प्रयागराज डिवीजन में GMC में परीक्षण के दौरान वैगनों की मरम्मत करने का कार्य। | |
| **कार्य का अनुमानित लागत (रू में):** ₹42353095.00 | **EMD:** ₹361770 |
| **GeM बिड संख्याः** GEM/2025/B/6066372 Dated-18.03.2025 | |
| **कार्य का नामः** 03 वर्षों के लिए प्रयागराज डिवीजन में ICD/DER में परीक्षण के दौरान वैगनों की मरम्मत करने का कार्य। | |
| **कार्य का अनुमानित लागत (रू में):** ₹22494336.00 | **EMD:** ₹262480 |
| **ई-निविदा प्रपत्र का मूल्यः** दोनों निविदाओं के लिये 'शून्य' | |
| **निविदा सिस्टमः** दोनों निविदाओं के लिये 'दो पैकेट सिस्टम' | **कार्य की अवधिः** दोनों निविदाओं के लिये '03 वर्ष' |
| **GeM वेबसाइट पर प्रकाशन की तिथिः** दोनों निविदाओं के लिये '18.03.2025' | |
| **निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः** दोनों निविदाओं के लिये '09.04.2025 को 15:00 बजे' | |

**नोटः-** (1) उपरोक्त ई-निविदाओं की निविदा पुस्तिका सहित पूरी जानकारी GeM वेबसाइट www.GeM.gov.in पर उपलब्ध है। (2) GeM पर निविदा करने में किसी भी कठिनाई के लिए GeM वेबसाइट पर उपलब्ध हेल्पडेस्क से संपर्क किया जा सकता है। (3) ऑनलाइन ई-निविदा GeM वेबसाइट पर निविदा बंद होने की तिथि एवं समय तक जमा की जा सकती हैं। (4) जेवी (JV) फर्मों को इस निविदा में भाग लेने की अनुमति है। **507/25(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in


## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा **82 Cr.P.C.** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **जिशान उर्फ चोटू पुत्रः मो. अहशान, पताः** मकान नं. बी–180, गली नं. 20 ओल्ड मुस्तफाबाद, दिल्ली और गली नं. 17, ओल्ड मुस्तफाबाद, दिल्ली, **E-FIR No. 40833/2018, U/s 379/487/411/34 IPC,** थानाः जाफराबाद, उत्तरी पश्चिमी दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जिशान उर्फ चोटू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जिशान उर्फ चोटू** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **E-FIR No. 40833/2018, U/s 379/487/411/34 IPC,** थानाः जाफराबाद, उत्तरी पश्चिमी दिल्ली के उक्त अभियुक्त **जिशान उर्फ चोटू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **21.04.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री आयुशी सक्सेना, एलडी
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05
कमरा नं. 07, दूसरी मंजिल,
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

**DP/3504/NE/2025**
**(Court Matter)**

# प्रदूषण फैलाने पर नोएडा अथॉरिटी और यूपीपीसीएल पर लगा लाखों का जुर्माना

**नोएडा।** जिला पर्यावरण समिति की बैठक का आयोजन बृहस्पतिवार को किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मनीष कुमार वर्मा ने की। बैठक में पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण से बचाव अहम मुद्दे रहे। सेक्टर 32 स्थित डंपिंग ग्राउंड में आग लगने से घरों में धुआं भरने से लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ी थी, हर साल डंपिंग ग्राउंड में लगने की घटना होती हैं। इसकी रोकथाम के लिए नोएडा अथॉरिटी की ओर से कोई खास कदम नहीं उठाए गए। इसको लेकर बैठक में अथॉरिटी पर 5 दिन लगातार लगी आग से लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी थी, इसको लेकर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से हर दिन 25 हजार का का जुमार्ना लगाया है, यानि अथॉरिटी पर 1 लाख 25 हजार का जुमार्ना लगाया गया है।
इर अवसर पर जिलावनाधिकारी प्रमोद श्रीवास्तव, क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी उत्सव शर्मा, पर्यावरण समिति, गंगा समिति और वृक्षारोपण समिति के सदस्य भी मौजूद रहे। बैठक में क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने 9 साइट्स पर खुदाई के बाद गड्ढे खुले छोड़ने पर उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) पर 4 लाख 50 हजार का जुमार्ना लगाया है।
ठेकेदारों द्वारा विद्युत लाइन डालने के लिए खुदाई के बाद गड्ढे खुले छोड़ने पर प्रति
साइट्स पर 50 हजार का जुमार्ना लगाया गया है।


# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# प्रतिदिन अधिकारी करेंगे परियोजनाओं का निरीक्षण

## सीएम रेखा गुप्ता की सख्ती से हरकत में पीडब्ल्यूडी विभाग, प्रोजेक्ट्स में देरी पर नपेंगे अफसर

**फैसला**

**सरकार ने साफ किया है कि परियोजनाओं के काम में उसकी ओर से कोई देरी नहीं होने दी जाएगी**





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली की भाजपा सरकार लेट हो रहे परियोजनाओं के काम को लेकर सख्त हो गई है। सरकार ने साफ किया है कि परियोजनाओं के काम में उसकी ओर से कोई देरी नहीं होने दी जाएगी, मगर फिर भी परियोजना के काम में देरी होती है तो संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया जाएगा।

**अफसर रोज करेंगे परियोजनाओं का निरीक्षण**

दिल्ली सरकार के सख्त रुख के बाद लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) हरकत में है। अब हर दिन अधिकारी सरकार को परियोजनाओं की डिटेल रिपोर्ट देंगे।वे प्रतिदिन परियोजनाओं के चल रहे काम का करेंगे निरीक्षण। परियोजना के काम में अगर किसी तरह की अड़चन आ रही है तो सरकार को अवगत कराएंगे। इसी कार्य से संबंधित एक आदेश में विभाग ने साफ किया है कि बुनियादी ढांचे की परियोजनाओं की गुणवत्ता बढ़ाने और समय पर पूरा होने को सुनिश्चित करने के लिए यह आवश्यक है कि पीडब्ल्यूडी के वरिष्ठ और क्षेत्रीय अभियंता तत्काल प्रभाव से नियमित रूप से क्षेत्र निरीक्षण करें। विभाग के सभी वरिष्ठ और क्षेत्रीय अभियंताओं को शनिवार सहित सभी कार्य दिवस के पूर्वाह्न में आधे दिन का क्षेत्र निरीक्षण करने का आदेश दिया गया है। अभियंता अपना निरीक्षण इस मुद्दों पर केंद्रित करेंगे। परियोजना प्रगति चल रही परियोजनाओं की प्रगति की निगरानी करेंगे तथा बाधाओं की पहचान कर सुधारात्मक कार्रवाई करेंगे गुणवत्ता नियंत्रण अभियंता यह सुनिश्चित करेंगे कि निर्माण कार्य आवश्यक मानकों को पूरा करें और किसी भी घटिया कार्य के खिलाफ कार्रवाई करें। सुरक्षा अनुपालन अभियंता यह सत्यापित करेंगे कि सभी सुरक्षा प्रोटोकाल का पालन किया जा रहा है तथा किसी भी चूक के मामले में सुधारात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### मोदी जी कब आएंगे महिलाओं के खाते में 2500 रुपयेः आतिशी

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी नेता आतिशी ने दिल्ली सरकार पर हमला बोलते हुए पीएम मोदी से बड़ा सवाल पूछा है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट करते हुए लिखा कि दिल्ली में बीजेपी सरकार बने एक महीना हो गया, लेकिन पीएम मोदी की हर महिला को 2500 रुपये महीना देने की गारंटी अब तक अधूरी है। चुनाव से पहले मोदी जी ने कहा था कि स्कीम पहली कैबिनेट में पास होगी और आठ मार्च को पैसे आएंगे। लेकिन न स्कीम का रजिस्ट्रेशन शुरू हुआ, न पैसे आए सिर्फ '4 सदस्यीय कमेटी' का झुनझुना पकड़ाया गया। लेकिन मोदी जी की हर महिला को 2500/महीने देने की गारंटी अब तक अधूरी है।

# शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने किया जनकपुरी का दौरा



**निरीक्षण**

**जनकपुरी के ए,बी,सी और डी ब्लॉक और शू मार्केट से लेकर मदर डेयरी क्षेत्र का निरीक्षण किया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** जनता का विधायक जनता के बीच संवाद श्रृंखला के अंतर्गत आज दिल्ली के शिक्षा, गृह, ऊर्जा और शहरी विकास मंत्री आशीष सूद ने अपने विधानसभा क्षेत्र जनकपुरी के ए,बी,सी और डी ब्लॉक और उत्तम नगर के शू मार्केट से लेकर मदर डेयरी क्षेत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने स्थानीय लोगों के साथ सीधा संवाद किया और उनकी समस्याओं को सुना और अधिकारियों को उनके शीघ्र अति शीघ्र समाधान के लिए निर्देश भी दिए। मंत्री के साथ निरीक्षण में दिल्ली जल बोर्ड, एमसीडी, दिल्ली पुलिस और दिल्ली सरकार के अन्य विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे। दिल्ली को विकसित भारत की विकसित राजधानी बनाने के संकल्प को पूरा करने के लिए आशीष सूद हर हफ्ते लोगों से जुड़ी जनसमस्याओं को जड़ से खत्म करने के लिए खुद जनता के बीच जाकर संवाद कर रहे हैं। जनकपुरी के चाणक्य प्लेस पार्ट-2 के दौरे के बाद आज कैबिनेट मंत्री आशीष सूद ने जनता का विधायक जनता के बीच कार्यक्रम के तहत अपने जनकपुरी विधानसभा क्षेत्र के उत्तम नगर इलाके में ए, बी, सी और डी ब्लॉक की हर गली-मोहल्ले के साथ ही बजरंगी पार्क का निरीक्षण किया। मंत्री के निरीक्षण के दौरान उत्तम नगर के शू मार्केट से लेकर मदर डेयरी तक स्थानीय लोग मौजूद रहे। लोगों ने अपने-अपने इलाके में बिजली के लटकते तारों, सीवर जाम की समस्या, नल के जरिए गंदे पानी की सप्लाई, पार्कों की बदहाली, स्ट्रीट लाइट और सीसीटीवी कैमरे लगवाने समेत कई जन समस्याओं को बताया। लोगों ने इलाके के छोटे-बड़े पार्कों के साथ बजरंगी पार्क की दुर्दशा, पेड़ों की छंटाई, पानी का छिड़काव करने और पार्क में खराब पड़ी स्ट्रीट लाइट को तुरंत ठीक कराने की मंत्री से गुजारिश की।

# भाजपा ने अपने लोकसभा सदस्यों के लिए जारी किया ह्विप

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने शुक्रवार (21 मार्च) के लिए अपने लोकसभा सदस्यों को तीन लाइन का व्हिप जारी किया है। पार्टी ने अपने सदस्यों से बजट पारित होने के लिए सदन में उपस्थित रहने को कहा है।लोकसभा कल गिलोटिन का प्रयोग करेगी। गिलोटिन लागू करने का स्पीकर को विशेषाधिकार होता है। संसदीय परंपरा में गिलोटिन भी हर समय लागू नहीं किया जाता है, बल्कि महत्वपूर्ण मौकों पर ही इसे लागू किया जाता है। विधायी भाषा में गिलोटिन का मतलब है वित्तीय कामकाज को एक साथ लाना और तेजी से विधेयक पारित करना। बजट सत्र के दौरान लोकसभा में यह एक आम प्रक्रियात्मक अभ्यास है। एक बार गिलोटिन लागू हो जाने के बाद अनुदान की शेष मांगों पर बिना किसी चर्चा के मतदान कर दिया जाता है।

# तीन मंदिरों पर बुलडोजर चलाने के खिलाफ याचिका पर सुनवाई से इनकार



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मयूर विहार में तीन मंदिरों पर डीडीए की ओर से बुलडोजर कार्रवाई करने के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया है। जस्टिस विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली बेंच ने याचिकाकर्ताओं को दिल्ली हाई कोर्ट जाने को कहा। सुनवाई के दौरान वकील विष्णु शंकर जैन ने कहा कि दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के अधिकारियों ने 19 मार्च की रात में नौ बजे सार्वजनिक नोटिस चिपकाया जिसमें कहा गया था कि 20 मार्च की सुबह 4 बजे मंदिरों को ध्वस्त कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि डीडीए के अधिकारियों ने मंदिर के प्रतिनिधियों से कोई चर्चा, नहीं की। याचिका में कहा गया था कि मंदिर 35 साल पुराने हैं और डीडीए ने काली बाड़ी समिति को मंदिर के सामने की जमीन पर दुर्गा पुजा आयोजित करने की अनुमति दी थी। याचिका में कहा गया था कि डीडीए ने संविधान के अनुच्छेद 14 और 25 का उल्लंघन करते हुए अपनी मर्जी से मंदिरों को गिराने का फैसला किया। याचिका में मंदिरो को ध्वस्त करने के डीडीए के नोटिस को निरस्त करने की मांग की गई



दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश वर्मा ने समर एक्शन प्लान के तहत नई पहल शुरू की है, जिसके तहत अब हर सप्ताह दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठकें हो रही हैं। इन बैठकों का मुख्य उद्देश्य जल आपूर्ति को सुचारू बनाना, सीवर व्यवस्था को सुधारना और जल वितरण में पारदर्शिता बढ़ाना है।

# आईपी यूनिवर्सिटी ने शुरू की एडमिशन चैटबॉट सेवा

**सुविधा**

**कुलपति (डॉ.) महेश वर्मा ने कहा कि आवेदकों की सुविधा को ध्यान में रखकर इस सेवा की शुरूआत की गई**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (आईपीयू), द्वारका ने नए सत्र के विभिन्न प्रोग्राम में दाखिले से जुड़े सवालों का त्वरित जवाब देने के लिए एडमिशन चैटबॉट सेवा की शुरूआत की है। इस सेवा की शुरूआत पर यूनिवर्सिटी के कुलपति पद्मश्री प्रो. (डॉ.) महेश वर्मा ने कहा कि आवेदकों की सुविधा को ध्यान में रखकर इस सेवा की शुरूआत की गई है। यूनिवर्सिटी की दाखिला प्रक्रिया के निदेशक प्रो. उदयन घोष ने बताया कि एआई आधारित यह ऑनलाइन सेवा नए सत्र में दाखिले से संबंधित हर संभावित प्रश्नों के अत्यंत त्वरित गति से सटीक उत्तर देने में सक्षम है। इसका लिंक यूनिवर्सिटी की मुख्य वेबसाइट पर उपलब्ध है। इस सेवा का उपयोग कर नए सत्र के विभिन्न प्रोग्राम में दाखिले से संबंधित प्रश्नों का तत्काल उत्तर पाया जा सकता है। आईपी यूनिवर्सिटी के सभी प्रोग्राम में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 31 मार्च है।

# पुलिस-बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़, दो के पैर में लगी गोली, तीन बदमाश पकड़े



**धर दबोचा**

**मुठभेड़ के दौरान करीब आधा दर्जन से ज्यादा गोलियां चली है। इनमें से दो बदमाशों के पैर में गोली लगी है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** रोहिणी जिला के बेगमपुर थाना क्षेत्र में एएटीएस और बदमाशों के बीच बुधवार की देर रात हुई मुठभेड़ में तीन बदमाश पकड़े गए हैं। मुठभेड़ के दौरान करीब आधा दर्जन से ज्यादा गोलियां चली है। इनमें से दो बदमाशों के पैर में गोली लगी है, जिन्हें जख्मी हालत में रोहिणी स्थित आंबेडकर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

दर्ज हैं 100 से ज्यादा आपराधिक मामले आरोपितों की पहचान सुल्तानपुरी निवासी गोविंदा, पीतमपुरा गांव निवासी कृष्णा, मुरादाबाद निवासी दाऊद के रूप में हुई है। पुलिस जांच में पता चला कि अकेले गोविंदा पर ही 100 से ज्यादा आपराधिक मामले दर्ज हैं। कृष्णा 40 और दाऊद एक दर्जन से अधिक आपराधिक वारदातों को अंजाम दे चुका है।

**पुलिस ने बेगमपुर के पास बिछाया जाल**

रोहिणी जिला पुलिस अधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर टीम ने बेगमपुर के पास इन्हें पकड़ने के लिए जाल बिछाया। इस दौरान बदमाशों ने पुलिस टीम को देखते ही फायरिंग शुरू कर दी।

# प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के लिए ओपन हाउस आयोजित



**सुलभता**

**मंत्रालय की यह पहल पारदर्शिता और सुलभता को बढ़ावा देने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के लिए कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय ने दूसरा ओपन हाउस आयोजित किया। इसका उद्देश्य पात्र उम्मीदवारों को उनकी आवेदन प्रक्रिया में शामिल करना और उनका समर्थन करना है। मंत्रालय की यह पहल पारदर्शिता और सुलभता को बढ़ावा देने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ती है, जो ये सुनिश्चित करती है कि इच्छुक इंटर्न को योजना के बारे में सभी आवश्यक जानकारी हो। कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय को एक बयान में बताया कि 19 मार्च, 2025 को अपना दूसरा कैंडिडेट ओपन हाउस आयोजित किया। इसका आयोजन आवेदकों द्वारा उठाए गए प्रश्नों और चिंताओं को दूर करने के लिए किया गया था, जिससे उन्हें मंत्रालय के अधिकारियों से सीधे बातचीत करने का एक मंच मिला। इस सत्र में इंटर्नशिप कार्यक्रम के प्रमुख पहलुओं पर चर्चा की गई, जिसमें पात्रता मानदंड, आवेदन प्रक्रिया, चयन पद्धति और इंटर्न को दिए जाने वाले लाभ शामिल हैं। मंत्रालय के मुताबिक इस आयोजन के दौरान प्रभावी और केंद्रित चर्चा सुनिश्चित करने के लिए उम्मीदवारों को ई-मेल के जरिए साझा किए गए एक समर्पित लिंक के माध्यम से अपने सवाल पहले ही जमा करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। दूसरे ओपन हाउस के लिए 340 प्रतिक्रियाएं पहले ही एकत्रित कर ली गई थीं। मंत्रालय ने कहा कि यह पहल आवेदन चरण के दौरान उम्मीदवारों के सवालों और चिंताओं को दूर करने की प्रतिबद्धता का हिस्सा है। इस सत्र के दौरान पैनल में मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी, उप-निदेशक नितिन फर्त्याल, परियोजना के तकनीकी भागीदार बीआईएसएजी के प्रतिनिधि और परियोजना प्रबंधन टीम के सदस्य शामिल थे। सत्र के दौरान कई तरह के प्रश्नों के उत्तर दिए गए, जिनमें से सबसे अधिक प्रश्न चयन प्रक्रिया, पात्रता मानदंड और योजना के भीतर क्षेत्र-विशिष्ट अवसरों के बारे में थे। उल्लेखनीय है कि एमसीए हर हफ्ते ये ओपन हाउस आयोजित करने की योजना बना रहा है।

# रेलवे बोर्ड ने 49 रेल कर्मियों को किया सम्मानित



**ट्रॉफी**

**पूर्व मध्य रेल को रेल मंत्री राजभाषा शील्ड प्रदान की जबकि उत्तर रेलवे को रेल मंत्री राजभाषा ट्रॉफी प्रदान की**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार ने गुरुवार को राजभाषा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 49 रेल कर्मियों को सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने पूर्व मध्य रेल को रेल मंत्री राजभाषा शील्ड प्रदान की जबकि उत्तर रेलवे को रेल मंत्री राजभाषा ट्रॉफी प्रदान की गई।

आदर्श उत्पादन इकाई श्रेणी में बनारस रेल इंजन कारखाना को प्रथम और आरडीएसओ लखनऊ को द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया। मंडल श्रेणी में रतलाम मंडल को आचार्य महावीर प्रसाद रनिंग शील्ड दी गई। रेल स्प्रिंग कारखाना, उत्तर मध्य रेल को आदर्श स्टेशन व कारखाना श्रेणी में रेल मंत्री राजभाषा शील्ड दी गई। क्षेत्र में दक्षिण मध्य रेल को प्रथम और दक्षिण पश्चिम रेलवे को द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया, जबकि आदर्श उत्पादन इकाइयों में रेल पहिया कारखाना बेंगलुरु और चितरंजन रेल इंजन कारखाना को पुरस्कृत किया गया। आदर्श मॉडल का आचार्य रघुवीर रनिंग शील्ड विजयवाड़ा मंडल को दिया गया, जबकि माल डिब्बा कारखाना गुंटुपल्ली को रेल मंत्री राजभाषा शील्ड दी गई। आदर्श उपक्रम का रेल मंत्री राजभाषा रनिंग ट्राफी रेलटेल दिल्ली को तथा आदर्श केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान का रेल मंत्री राजभाषा रनिंग ट्राफी भारतीय रेल राष्ट्रीय अकादमी वड़ोदरा को दी गई। व्यक्तिगत श्रेणी में पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता को कमलापति त्रिपाठी राजभाषा स्वर्ण पदक दिया गया। साथ ही, अमित कुमार अग्रवाल (पूर्व मध्य रेल), कल्याण पटनायक (पूर्व तट रेल), रविलेश कुमार (पूर्वोत्तर सीमा रेलवे), संजीव तिवारी (पश्चिम मध्य रेल), अभय कुमार गुप्ता (दक्षिण मध्य रेल), डॉक्टर प्रणय प्रभाकर (उत्तर पश्चिम रेल), मुदित चंद्र (उत्तर मध्य रेल), संतोष कुमार वर्मा (दक्षिण पश्चिम रेलवे), पी श्रीनिवास (दक्षिण रेलवे), अशफाक अहमद (पश्चिम रेलवे), संजय यादव (पूर्वोत्तर रेलवे), रेनू शर्मा (मध्य रेल), राजेश कुमार (पूर्वोत्तर सीमा रेलवे), अशोक कुमार सूर्यवंशी (दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे), बलबीर सिंह (उत्तर रेलवे) और सौमित्र मजूमदार (पूर्व रेलवे) को रेल मंत्री राजभाषा रजत पदक प्रदान किया गया। इस श्रेणी में उत्पादन इकाइयों और प्रशिक्षण संस्थानों के विभिन्न अधिकारियों को भी सम्मानित किया गया बनारस रेल इंजन कारखाना के प्रमोद कुमार चौधरी, अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन लखनऊ के शरद कुमार जैन, केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन के संजय कुमार सिंह नेगी, रेल पहिया कारखाना बेंगलुरु के राजेश पी खाड़े, सवारी डिब्बा कारखाने के शुभांशु शेखर मिश्रा आदि शामिल हैं।

# स्वाति ने किसानों पर हुई कार्रवाई पर केजरीवाल पर साधा निशाना



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल ने पंजाब सरकार के सिंधू बार्डर पर किसानों पर बुलडोजर चलाए जाने पर आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यह केजरीवाल के गुस्से और बदले की भावना का प्रतीक है। स्वाति मालीवाल ने एक्स पोस्ट में लिखा कि अरविंद केजरीवाल का मकसद हाइवे खुलवाना नहीं बल्कि अपने लिए राज्यसभा का रास्ता खोलना है। किसानों पर देर रात को हुई कार्रवाई से नाराज मालीवाल ने कहा कि केजरीवाल को लगता है ऐसा करने से लुधियाना का व्यापारी खुश होगा। चुनाव जीतेंगे और अरोड़ा की राज्यसभा सीट खाली होगी। उन्होंने कहा कि जब किसान दिल्ली में बैठे थे तो केजरीवाल ने खुद को उनका सेवादार बताया था। अब जब किसान पंजाब में बैठे हैं तो केजरीवाल ने आंदोलन को बातचीत से नहीं जोर-जुल्म से खत्म करने का **प्रयास किया है। स्वाति ने सवाल किया कि ऐसा दोहरा रवैया क्यों?**

# प्रशासनिक अनदेखी से खतरे में हैं दिल्ली की झीलों का अस्तित्व?



**चुनौती**

**अवैध कब्जे हटाकर जल स्त्रोतों को उनके मूल स्वरूप में वापस लाना बड़ी चुनौती है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** प्रशासनिक अनदेखी व भ्रष्टाचार के कारण राजधानी में जलाश्य विलुप्त हो रहे हैं। अधिकांश जलाशय अतिक्रमण के शिकार हैं। अवैध कब्जे हटाकर जल स्त्रोतों को उनके मूल स्वरूप में वापस लाना बड़ी चुनौती है। इसके सामने प्रशासन भी लाचार नजर आता है।

**रिपोर्ट में क्या आया सामने?**

यही कारण है कि अधिकांश जलाशय अब उपयोग के लायक नहीं रह गए हैं। प्रशासनिक लापरवाही का पता दिल्ली आर्द्रभूमि प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) में दी गई रिपोर्ट से चलता है। इस रिपोर्ट के अनुसार, शहर में सूचीबद्ध जल निकायों में से 50 प्रतिशत का अस्तित्व समाप्त हो गया है। वर्ष 2021 में राजस्व रिकार्ड के अनुसार, दिल्ली में 1045 और उसके बाद जियोस्पेशियल दिल्ली लिमिटेड (जीएसडीएल) द्वारा उपग्रह चित्र से 322 अन्य जल निकायों की पहचान की गई है। इस तरह से दिल्ली में कागजों पर कुल 1367 जल निकाय हैं। लेकिन, जमीनी सच्चाई इससे अलग है। 1045 में से सिर्फ 631 का अस्तित्व बचा हुआ है।

**सिर्फ 237 जल निकाय उपयोग के लायक बचे**

वहीं, जीएसडीएल द्वारा पहचान की गई 322 में से सिर्फ 43 ही जमीन पर मिले हैं। इस तरह से दिल्ली में इस समय 674 जल निकायों का अस्तित्व है। इनमें से भी अधिकांश की स्थिति दयनीय है। जल शक्ति मंत्रालय द्वारा दो वर्ष पूर्व जारी की गई सर्वे रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली में सिर्फ 237 जल निकाय उपयोग के लायक बचे हैं। वहीं, अतिक्रमण व अन्य कारणों से अधिकांश जल स्त्रोत या तो लुप्त हो गए या अब उपयोग के लायक नहीं रहे। बचे हुए में से भी कुछ जलाशयों में ही पूरी क्षमता के अनुसार जल संग्रहण हो सकता है।

**कचरा डालकर जलाशय को कर दिया गया समाप्त**

एनजीटी में दी गई रिपोर्ट व जल शक्ति मंत्रालय के सर्वे रिपोर्ट से स्पष्ट है कि दिल्ली में जलाशयों को संरक्षित करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। जलाशयों की भूमि पर कहीं निजी लोगों ने अतिक्रमण कर लिया तो कई स्थानों पर सरकारी एजेंसियों द्वारा निर्माण कर दिए गए। कई स्थानों पर कचरा डालकर जलाशय को समाप्त कर दिया गया। इन्हें बचाने का काम सिर्फ कागजों पर हुआ।

कई जलाशयों में आम लोग, औद्योगिक इकाइयां व सरकारी एजेंसियां कूड़ा-कचरा डालकर उसके जल को दूषित करती हैं। इससे बचाने के लिए इन्हें आर्द्रभूमि (संरक्षण और प्रबंधन) नियम 2017 के तहत अधिसूचित करने की जरूरत है। संजय झील, हौज खास झील, भलस्वा झील, टीकरी खुर्द झील, वेलकम झील, दरियापुर कलां, सरदार सरोवर झील सहित दिल्ली वेटलैंड प्राधिकरण द्वारा चिन्हित 20 जलाशयों को इस नियम के अंतर्गत लाना है। लेकिन आज तक एक भी इसके अंतर्गत अधिसूचित नहीं किया जा सका है। नेचुरल हेरिटेज फर्स्ट के संयोजक दिवान सिंह का कहना है कि सरकार की इच्छा शक्ति की कमी से दिल्ली के जलाशय समाप्त हो रहे हैं।

समुदाय के पास तालाबों को पुनर्जीवित करने का अधिकार नहीं है और सरकार यह काम करना नहीं चाहती।

# 36000 पात्र परिवारों के खातों में 151 करोड़ की पहली किस्त की जारी

## डबल इंजन की सरकार लोगों के जीवन को सुगम बनाने के लिए निरंतर कर रही कार्य - नायब सिंह सैनी, शहरों/गांव में पात्र परिवारों को 5 लाख आवास उपलब्ध कराएगी प्रदेश सरकार

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत अपना पक्का मकान बनाने के लिए आर्थिक सहायता के रूप में प्रदेश के 36000 पात्र परिवारों के खातों में 151 करोड़ रुपए की पहली किस्त जारी की। योजना के तहत पहली किस्त के रूप में प्रत्येक पात्र परिवार को मकान बनाने के लिए 45000-45000 रुपए की राशि ट्रांसफर की गई।

मुख्यमंत्री द्वारा यह राशि आज हरियाणा विधानसभा में चल रहे बजट सत्र के दौरान आयोजित एक कार्यक्रम में जारी की गई। कार्यक्रम में सभी जिला उपायुक्त और जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ऑनलाइन जुड़े। नायब सिंह सैनी ने सभी लाभार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि गरीब व्यक्ति का सपना होता है कि उनका अपना घर हो। आज इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश में 36000 घर बनने की शुरूआत हो रही है। आज का यह दिवस इन सभी परिवारों के बेहतर भविष्य का अध्याय बनेगा। जब लोग आगे बढ़ेंगे तो देश और प्रदेश भी तरक्की करेगा।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि वर्तमान सरकार ने अपने संकल्प पत्र में वायदा किया था कि प्रदेश में शहरों और गांव में गरीब परिवारों को 5 लाख आवास उपलब्ध कराएंगे। आज डबल इंजन की सरकार ने इस दिशा में सफल कदम बढ़ा रही है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर परिवार को पक्का मकान उपलब्ध करवाने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना चलाई है। इसे और गति देते हुए प्रदेश में मुख्यमंत्री आवास योजना क्रियान्वित की जा रही है। जहाँ मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत प्रदेश सरकार द्वारा घर का सपना साकार करने के लिए प्लाट उपलब्ध करवाए जा रहे हैं, वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मकान बनाने के लिए वित्तीय सहायता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार लोगों के जीवन को सुगम बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना - ग्रामीण के तहत ग्रामीण आँचल में 28815 लाभार्थियों को मकान बनाकर दिए जा चुके हैं तथा 4238 मकान निमार्णाधीन हैं। इसके लिए लाभार्थियों को 414 करोड़ 32 लाख रुपए की आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाई गई है। इसी प्रकार, मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0 के तहत 62 गांव में 4532 लाभार्थियों को 100-100 गज के प्लाट उपलब्ध करवाए गए हैं।







उन्होंने कहा कि गांव में जो पात्र परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं ले पाए उनके लिए पोर्टल खोल दिया गया है। ऐसे परिवार पोर्टल पर पंजीकरण करके अपने पक्के मकान के सपने को पूरा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना - ग्रामीण के तहत यह पंजीकरण भी शुरू हो गया है। इसी प्रकार, प्रधानमंत्री आवास योजना - शहरी के तहत 76141 लाभार्थियों को मकान बनाने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री आवास योजना - शहरी के तहत 14 शहरों में 15256 परिवारों को पक्के मकान बनाने के लिए 30-30 गज के प्लाट उपलब्ध करवाए गए हैं। इनमें सीवरेज, पानी, सड़क, बिजली आदि जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाने की दिशा में प्रयास जारी हैं। उन्होंने कहा कि 16 शहरों में 15696 प्लॉट पात्र लाभार्थियों को उपलब्ध करवाने के लिए 17 मार्च 2025 से बुकिंग पोर्टल खोल दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 शहरी के तहत एक लाख लोगों ने आवेदन किया है जिसकी वेरिफिकेशन का काम चल रहा है और जल्द ही पात्र को मकान बनाने के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

**आवास**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के तहत हर घर पर छत देने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्धः मुख्यमंत्री**

**प्रवासी श्रमिकों को औद्योगिक क्षेत्र में आवास देने की नीति के तहत कार्य जारी**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने प्रवासी श्रमिकों को औद्योगिक क्षेत्र में आवास देने की नीति भी बनाई है। इसके तहत औद्योगिक सम्पदाओं में डॉरमेट्री और एकल कक्ष जैसे आवासीय परिसरों का निर्माण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, सोनीपत में भी किराए पर मकान देने के लिए 1600 फ्लैट का निर्माण किया जायेगा। उन्होंने सभी अधिकारियों से आह्वान करते हुए कहा कि वह एक अभियान चलाकर लोगों को जागरुक करते हुए योजना के तहत उनका पंजीकरण करवाना सुनिश्चित करवाए ताकि पात्र परिवार को जल्द से जल्द अपना मकान मिल सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के तहत हर घर पर छत देने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है।

## न्यूज फ्लैश

### भूजल के घटते स्तर की समस्या का समाधान करने का प्रस्ताव सरकार के पास विचाराधीन

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रीमती श्रुति चौधरी ने सदन में बताया कि बावल विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव राजगढ़, धारण, नरसिंहपुर गढ़ी, टाकडी तथा आस-पास के गांवों में भूजल के घटते स्तर की समस्या का समाधान करने का प्रस्ताव सरकार के पास विचाराधीन है और वित्तीय वर्ष 2025-26 में यह कार्य शुरू हो जाएगा। सदन के सदस्य द्वारा पूछे गये एक प्रश्न का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि बावल विधानसभा क्षेत्र डार्क जॉन में आता है। क्षेत्र का भूजल स्तर 1200 फीट तक नीचे चला गया है। मुख्यमंत्री के जन संवाद कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने इस मामले को लेकर मांग उठाई थी, जिस पर मुख्यमंत्री ने इसके लिए योजना तैयार करने के लिए दिशा निर्देश दिए थे। विभाग की ओर से संजरपुर डिस्ट्रीब्यूटरी के अंतिम छोर से बावल विधानसभा क्षेत्र के राजगढ़, धारण, नरसिंहपुर गढ़ी, ताकड़ी और आसपास के गांवों के मौजूदा तालाबों को भरने के साथ-साथ नए नहर आधारित जल भंडारण टैंकों के निर्माण की परियोजना 2669.00 लाख रुपये की लागत से तैयार की गई है। इस परियोजना पर जल्द कार्य किया जाएगा।

### रेवाड़ी में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत सर्वे शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**
**रेवाड़ी।** जिले में गरीब व आवासहीन परिवारों की पहचान के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत आवास प्लस 2.0 सर्वे शुरू कर दिया गया है। अब कोई भी परिवार प्रदेश में आवासहीन नहीं होगा, इसके लिए उपयुक्त तरीके से कदम उठाए जा रहे हैं। यह बात उपायुक्त अभिषेक मीणा ने कही। उपायुक्त गुरुवार को लघु सचिवालय सभागार में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के मद्देनजर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा जारी पात्र लाभार्थियों की सूची अनुसार आर्थिक सहायता की पहली किश्त जारी कार्यक्रम से जुड़ने उपरांत सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। इस मौके पर उपायुक्त सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारियों ने मुख्यमंत्री का संदेश सुना और योजना के मद्देनजर प्रभावी ढंग से कदम उठाने का आश्वासन दिया। उपायुक्त अभिषेक मीणा ने कहा कि सरकार की सकारात्मक सोच के फलीभूत अब पूरी हो रही है हर आस और मिल रहा है लाभार्थियों को पक्का आवास। उन्होंने कहा कि जिले में अब कोई भी परिवार आवासहीन नहीं होगा। उन्होंने बताया कि इस योजना का लाभ लेने के लिए कोई भी आवासहीन ग्रामीण परिवार अपने मोबाइल से स्वयं प्रक्रिया को पूरी करके अपने घर का सर्वे कर सकता है और सरकार की इस योजना का लाभ उठा सकता है। सर्वे करने के लिए इच्छुक व्यक्ति को अपने मोबाइल में दो जरूरी ऐप डाउनलोड करनी होंगी। उपायुक्त ने बताया कि जिनके मकान कच्चे, टूटे हुए या जिनके मकानों में दरारें आई हुई हैं, खुद का पक्का घर नहीं है, जर्जर हालत में है या जो वास्तव में आवास योजना के लिए जरूरतमंद हैं, वे सभी परिवार सर्वे कर इस योजना का लाभ जरूर उठाएं। इस मौके पर जिला परिषद एवं जिला ग्रामीण विकास एजेंसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप कुमार, डीआईपीआरओ दिनेश कुमार, पीओ अर्जुन गुप्ता सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### चिंटेल्स पैराडिसो के टावर ए, बी व सी के फ्लैट तुरंत प्रभाव से फ्लैट खाली करने आदेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**गुरुग्राम।** चिंटेल्स पैराडिसो ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी के टॉवर ए, बी व सी की स्ट्रक्चर ऑडिट रिपोर्ट में टॉवर को असुरक्षित घोषित करने के बाद वहां रह रहे नागरिकों को तुरंत प्रभाव से अपने फ्लैट खाली करने के आदेश जारी किए गए हैं। जिलाधीश एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार ने गुरुवार को ये आदेश जारी किए। जारी आदेशों में कहा कि केंद्रीय बिल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट (सीबीआरआई) ने अपनी जांच रिपोर्ट में चिंटेल्स पैराडिसो ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी के टावर ए, बी व सी को रहने के हिसाब से असुरक्षित घोषित किया है। रिपोर्ट के आधार पर जिलाधीश ने टावर ए, बी व सी में रह रहे निवासियों के जीवन और संपत्ति के खतरे को देखते हुए मानव जीवन, स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए खतरे को रोकने के लिए संबंधित निवासियों को तत्काल निकासी के आदेश दिए हैं। टावर ए, बी व सी में रहने वाले निवासियों को आदेश जारी होने के 15 दिनों के भीतर अपने संबंधित परिसर को खाली करने और उसी के खाली कब्जे को मैसर्स चिंटल्स इंडिया प्राइवेट को सौंपना होगा। आदेशों की निगरानी के लिए डीटीपी (ई) गुरुग्राम को नोडल अधिकारी और ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में नियुक्त किया गया है।

## 25 विधायकों को 1- 1 करोड़ रुपए की राशि जारी की

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ- सबका विकास - सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूलमंत्र पर चलते हुए विधायक आदर्श ग्राम योजना के तहत हरियाणा में 25 विधानसभा क्षेत्रों के विकास कार्यों के लिए विधायकों को 1-1 करोड़ रुपये की निधि जारी की जा चुकी है। मुख्यमंत्री यहाँ हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सदन में बोल रहे थे। नायब सिंह सैनी ने कहा कि विधायक आदर्श ग्राम योजना के तहत शेष बचे हुए विधायक भी अपने- अपने विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों की सूची भिजवाएं ताकि उन्हें भी यह राशि जल्द से जल्द जारी की जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य बजट 2025 - 26 में भी सभी विधायकों को उनके विधानसभा क्षेत्रों में विकास कार्य करवाने के लिए 5 -5 करोड़ रुपये की राशि देने की घोषणा की गई है।

**निधि राशि**

**शेष बचे हुए विधायक भी अपने- अपने क्षेत्र के विकास कार्यों की सूची भिजवाएं**

## सीएम ने विकासोन्मुखी बजट किया प्रस्तुतः खेल मंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**
**पलवल।** हरियाणा के युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता तथा खेल और कानून एवं विधायी राज्य मंत्री गौरव गौतम ने गुरुवार को हरियाणा विधानसभा में बजट पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री नायब सैनी का अभिनंदन किया। खेल मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी ने एक दूरदर्शी, समावेशी और विकासोन्मुखी बजट प्रस्तुत किया है। यह बजट माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केद्रासबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के संकल्प को मूर्त रूप देने वाला है।

मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि प्रदेश के बजट में विशेष रूप से गरीबों, युवाओं, महिलाओं और किसानों का ध्यान रखा गया है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अनुसार देश की असली ताकत हैं। उन्होंने कहा कि बजट में युवाओं के लिए नए अवसर और कौशल विकास पर जोर देने के साथ-साथ महिलाओं के लिए वित्तीय सशक्तिकरण और कल्याणकारी योजनाएं शामिल की गई हैं। इसके अलावा गरीबों के लिए आर्थिक और सामाजिक उत्थान के प्रावधान को महत्व दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के बजट में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने खिलाड़ियों का भी विशेष ध्यान रखा है। खेल और खिलाडि़यों के लिए प्रोत्साहन राशि देने के साथ ही नए संसाधन उपलब्ध करवाए जाएंगे। इस बजट से हरियाणा के खिलाड़ियों में एक नई ऊर्जा और उत्साह देखने को मिलेगा। मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि यह बजट प्रदेश के विकास को नई गति देगा और हरियाणा को नए भारत के विकास इंजन के रूप में स्थापित करेगा। खेल मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि पलवल के विकास में भी कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। पलवल में युद्ध स्तर पर विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पलवल की सड़कों को तिरंगा लाइट से रोशन किया जा रहा है।



**सराहा**

**विधानसभा में बजट पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री नायब सैनी का अभिनंदन किया**




हरियाणा नागरिक संसाधन सूचना विभाग के आयुक्त एवं सचिव, विकास गुप्ता एन. आई. सी. हरियाणा राज्य केंद्र द्वारा चंडीगढ़ में दो दिवसीय डी. आई. ओ. अधिवेशन व तकनीकी प्रशिक्षण कार्यशाला में उपस्थित जन को सम्बोधित करते हुए।

## सालाना पकड़े गए 525 नशा तस्कर

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा पुलिस द्वारा पिछले पांच साल के दौरान नशा तस्करी के आरोप में सालाना औसतन 525 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। रानिया से इनेलो विधायक अर्जुन चौटाला ने गुरुवार को विधानसभा में यह मुद्दा उठाया। अर्जुन चौटाला ने हरियाणा सरकार से एक जनवरी 2019 से लेकर दिसंबर 2024 तक नशीले पदार्थों की तस्करी के आरोपों में दर्ज एफआईआर तथा गिरफ्तार व्यक्तियों के बारे में जानकारी मांगी। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने इसके जवाब में सदन में रिपोर्ट पेश करते हुए कहा कि एक जनवरी 2019 से लेकर 31 दिसंबर 2024 तक प्रदेश में 1951 व्यक्तियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत 1540 मामले दर्ज किए गए हैं।

## खेतों के तीन व चार क्रम के रास्ते होंगे पक्के




**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने बताया कि 31 जुलाई 2023 तक हरियाणा प्रदेश के जिन किसानों ने बिजली ट्यूबवेल के लिए सिक्योरिटी भर रखी है, प्रदेश सरकार उन्हें 10 किलोवाट (बीएचपी) सोलर से ओर साढ़े 12 किलोवाट (बीएचपी) ऊर्जा के कनेक्शन देगी। विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार आज हरियाणा विधानसभा में बजट सत्र के दौरान विधायकों के सवालों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने बताया कि हर जरूरतमंद को सिर पर छत मुहैया करवाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में गरीबों को 100 - 100 गज के प्लाट दिए जा रहे हैं। प्रदेश सरकार उन प्लॉट का अधिकार भी दिला रही है और रजिस्ट्री भी करवा रही है। उन्होंने सदन को यह भी अवगत कराया कि यदि किसी सदस्य द्वारा उनके विधानसभा क्षेत्र के गांव में 100 गज के प्लाट पर अधिकार नहीं मिला है तो सम्बन्धित पंचायत विभाग के अधिकारियों को लिखित में जानकारी दें। प्रदेश सरकार उन सभी को अधिकार दिलवाएगी। उन्होंने सदन में यह भी जानकारी दी कि पूरे प्रदेश में विकास के कार्य किए गए है। प्रदेश में अब तक 4547 कॉलोनिया अधिकृत की गई है, 2200 कॉलोनियों में रिहायश शुरू हो चुकी है। इन कालोनियों में 391 करोड़ रुपए बिजली और पानी पर भी खर्च किए गए हैं।

**कनेक्शन**

**31 जुलाई 2023 तक जिन किसानों ने बिजली ट्यूबवेल के लिए सिक्योरिटी भरी है, उन्हें जल्द ही कनेक्शन देंगी**

## स्वास्थ्य मंत्री ने विधानसभा में उठे मुद्दों पर लिया संज्ञान

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने एक अनूठा उदाहरण पेश करते हुए विधानसभा के बजट सत्र के बीच में "स्पेशल हाई पॉवर्ड परचेज कमेटी" की बैठक बुलाई है। इस बैठक में उन सभी दवाइयां, चिकित्सा उपभोग्य वस्तुएं, परीक्षण प्रयोगशालाओं का पैनलीकरण करने तथा चिकित्सा उपकरणों की खरीद के लिए रेट फाइनल किए जाएंगे जिनके बारे में कई विधायकों ने सदन की कार्यवाई के दौरान मुद्दा उठाया था। सदन के प्रश्नकाल के दौरान कई सदस्यों ने अपने -अपने क्षेत्र के सरकारी अस्पतालों में रोगों की चिकित्सा के लिए मशीनें, उपकरणों तथा प्रयोगशालाओं में जांच की सुविधा का मुद्दा उठाया था। स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने उनको आश्वासन दिया था कि विधायकों द्वारा सदन में उठाए गए मुद्दों का समाधान प्राथमिकता तथा गंभीरता के साथ किया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री ने आज ही अधिकारियों को निर्देश दिए कि कल 21 मार्च को ही "स्पेशल हाई पॉवर्ड परचेज कमेटी" की बैठक बुलाई जाए। अधिकारियों ने तुरंत निर्देशों का पालन करते हुए बैठक की तैयारी कर ली और अब इस बैठक में दवाइयां, चिकित्सा उपभोग्य वस्तुएं, परीक्षण प्रयोगशालाओं का पैनलीकरण करने तथा चिकित्सा उपकरणों की खरीद के लिए रेट फाइनल किए जाएंगे।



**बैठक बुलाई**

**विधानसभा के बजट सत्र के बीच में "स्पेशल हाई पॉवर्ड परचेज कमेटी" की बैठक बुलाई**

## विस अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने सुनीता विलियम्स को भेजी बधाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा विधानसभा में सुनीता विलियम्स व उनकी टीम के सुरक्षित पृथ्वी वापसी पर पारित प्रस्ताव को विस अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के माध्यम से सुनीता विलियम्स और उनकी टीम को भेजा है। विस अध्यक्ष की ओर से विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर को लिखे पत्र में कहा गया है कि यह अभिनंदन प्रस्ताव हरियाणा विधान सभा ने 19 मार्च 2025 को पारित किया है। प्रस्ताव में नासा अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और उनकी टीम की 19 मार्च, 2025 को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से पृथ्वी पर सुरक्षित वापसी पर अपनी शुभकामनाएं व्यक्त की गई हैं।

**अभिनंदन**

**यह अभिनंदन प्रस्ताव हरियाणा विधान सभा ने 19 मार्च 2025 को पारित किया हैः कल्याण**

इस संबंध में सदन की भावनाओं को अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और उनकी टीम तक भेजा जाए। गौरतलब है कि प्रदेश के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने 19 मार्च को इस संबंध में सदन में एक प्रस्ताव पेश किया था। सदन ने यह प्रस्ताव पारित किया और विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और उनकी टीम तक सदन की भावनाओं को भेजने का आश्वासन दिया था। विस अध्यक्ष ने कहा है कि यह प्रस्ताव जगत के लिए बहुत ही गौरव और महत्व का विषय है। इसके साथ ही विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने वीरवार को विधायक सावित्रि जिंदल के जन्मदिवस के अवसर पर अपनी और पूरे सदन की ओर से बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

## वन लगाने को भूमि बैंक बनाएगी सरकारः रणबीर सिंह गंगवा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:।** पीडब्ल्यूडी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने विधानसभा में कहा कि हरियाणा में सड़कों की चौड़ाई बढ़ाने में जमीन का अभाव आड़े आ रहा है। इस समस्या से निपटने के लिए सरकार कई सड़कों के दोनों ओर स्थित वन विभाग की जमीन लेने की तैयारी कर रही है। सड़कों की चौड़ाई बढ़ाने के लिए पेड़ भी काटने होंगे। ऐसे में सरकार ने 1000 एकड़ का लैंड-बैंक बनाने का निर्णय लिया है। इस भूमि पर सड़कों की चौड़ाई के दौरान कटने वाले पेड़ों की एवज में वन विभाग को पौधरोपण के लिए जमीन उपलब्ध करवाई जा सकेगी। पीडब्ल्यूडी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा गुरुवार को विधानसभा में कई सड़कों की चौड़ाई व नई सड़कों के निर्माण की मांग का जवाब दे रहे थे। पूर्व शिक्षा मंत्री व झज्जर विधायक गीता भुक्कल ने उनके हलके की कई सड़कों की जर्जर हालत का मुद्दा विधानसभा में उठाया। छुछकवास में बाईपास निर्माण की मुख्यमंत्री की घोषणा का मुद्दा जब उन्होंने उठाया तो उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि जब वे पीडब्ल्यूडी मंत्री थे तो उस समय भी यह मामला सामने आया था। ई-भूमि पोर्टल पर जमीन की डिमांड की गई है लेकिन अभी तक भी जमीन नहीं मिल पाई है। उन्होंने कहा कि जमीन मिलते ही सरकार बाईपास का निर्माण शुरू कर देगी। वहीं लोक निर्माण मंत्री गंगवा ने बताया कि मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार, अगले छह महीनों में प्रदेश की सभी टूटी सड़कों की मरम्मत करवाई जाएगी। गीता भुक्कल ने झज्जर से बहादुरगढ़ तक की जर्जर हालत का मुद्दा उठाया तो मंत्री ने कहा कि इस पर निर्माण शुरू हो चुका है। सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि पिछले दिनों मुख्यमंत्री जब बहादुरगढ़ आए थे तो उनके सामने यह मांग रखी थी। मुख्यमंत्री ने इस पर तुरंत संज्ञान लिया और अब इस सड़क पर झज्जर की ओर से काम शुरू हो चुका है।

वहीं होडल से भाजपा विधायक हरिंदर सिंह ने हसनपुर में यमुना नदी पर बनाए जाने वाले पुल और संपर्क सड़क का मुद्दा उठाया। कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने बताया कि यमुना नदी पर पुल बनाने का काम चल रहा है।



**फैसला**

**हरियाणा में सड़कों की चौड़ाई बढ़ाने में जमीन का अभाव आड़े आ रहा हैः मंत्री रणबीर सिंह गंगवा**

# विधायक ने सोनीपत के सामान्य अस्पताल में चिकित्सकों की कमी का मुद्दा उठाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत : विधायक निखिल** मदान ने वीरवार को प्रश्न काल में सोनीपत के सामान्य अस्पताल में चिकित्सको की कमी का मुद्दा उठाया और सरकार से सामान्य अस्पताल में चिकित्सकों के रिक्त पड़े सभी पद भरने की मांग रखी। विधायक निखिल मदान ने कहा कि सोनीपत जिले के 10 लाख से भी अधिक लोग अपने इलाज के लिए सामान्य अस्पताल सोनीपत पर आश्रित है। लेकिन सोनीपत के सामान्य अस्पताल में जरुरी सुविधाओं की भारी कमी है। निखिल मदान ने कहा कि सोनीपत के सामान्य अस्पताल में पिछले 3 साल से रेडियोलॉजिस्ट नहीं है, जिसके कारण अस्पताल में रखी अल्ट्रासाउंड मशीन पिछले 3 साल से बंद पड़ी है। इसके कारण गर्भवती महिलाओं और गरीब लोगों को तीन गुणा पैसे देकर प्राइवेट



क्लिनिक से अल्ट्रासाउंड करवाना पड़ रहा है । इसके साथ ही सिविल अस्पताल में जनरल सर्जन, रेडियोलॉजिस्ट सहित डॉक्टर्स के विभिन्न पद खाली पड़े हैं। सोनीपत के सामान्य अस्पताल में जनरल सर्जन न होने के कारण छोटी से छोटी चोट लगने पर भी मरीज को सिविल अस्पताल सोनीपत से खानपुर पीजीआई रेफर किया जा रहा है, जिसके कारण लोगों को भारी समस्या का सामना करना पड़ता है। विधायक निखिल मदान ने कहा कि उनका सरकार से यही अनुरोध है कि सोनीपत के सामान्य अस्पताल में खाली पड़े चिकित्सकों के सभी पदों को जल्द से जल्द भरा जाये, ताकि सोनीपत के लोगों को बेहतर इलाज समय पर मिल सके। विधायक निखिल मदान ने कहा कि सामान्य अस्पताल में कैथ लैब खोलने की मांग भी वर्षों पुरानी है, उनकी सरकार से यही मांग है कि सोनीपत के सामान्य अस्पताल में कैथ लैब की सुविधा दी जाए ताकि लोगों को सस्ते दरों पर सभी प्रकार के हृदय रोग संबंधी और अन्य मेडिकल टेस्ट करवाने की सुविधा प्राप्त हो सके। विधायक निखिल मदान ने कहा कि सोनीपत सिविल अस्पताल में प्रतिदिन डढऊकी संख्या 2000 तक हो जाती हैं, इसके लिए एठळ सर्जन , ङ्क१३ँङ्कस्त्रीÌ २४१ँङ्कल्ल हड्डियों के डॉक्टर की संख्या भी बढ़ाने की जरूरत है । इसके साथ ही दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने में काम आने वाले जरूरी उपकरण अररफमशीन न होने के कारण दिव्यागजनों को लंबी लंबी लाइन में लगना पड़ता है और जाँच के लिए पानीपत,रोहतक और खानपुर जाना पड़ता है । उनका माननीय मंत्री से अनुरोध है कि सोनीपत के सामान्य अस्पताल में अररफमशीन उपलब्ध करवाई जाए। विधायक निखिल मदान के प्रश्न के जवाब में प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने सदन में जवाब दिया कि सोनीपत सिविल अस्पताल में अगले सप्ताह तक सीएमओ जनरल सर्जन की नियुक्ति हो जाएगी। इसके साथ ही अन्य चिकित्सकों के रिक्त पद भी भरे जाएंगे। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि अल्ट्रासाउंड मशीन के लिए जल्द ही रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति की जाएगी। एमआरआई मशीन और कैथ लैब खोलने के कार्य को भी जल्द से जल्द शुरू किया जाएगा। इसके लिए री टेंडर की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। वही वीरवार को प्रशासन द्वारा कुंडली बॉर्डर की बंद पड़ी दो लेन को भी खोलने का कार्य शुरू किया गया। जिस पर विधायक निखिल मदान ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उन्होंने एक सप्ताह पहले विधानसभा में दिल्ली कुंडली बॉर्डर की बंद पड़ी दो लेन को खोलने का प्रश्न उठाया था।

# आध्यात्म को जागृत करने वाला अद्वितीय ब्रह्म का ज्ञान है: शंकरानंद

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर। श्री कृष्ण प्रणामी** मन्दिर सिद्धपीठ धाम एवं गौशाला गन्नौर के वार्षिक संत समागम महोत्सव के अंतिम दिन पूर्णाहुति, संतो के प्रवचन,भजन,ध्वजारोहण व भंडारे के साथ समापन हुआ। हरिद्वार से आए स्वामी शंकरानंद महाराज, गौ ऋर्षि श्यामदास महाराज, गौशाला सेवा समिति के प्रधान सतपाल शर्मा आदि भक्तों ने हवन में आहुति डालकर क्षेत्र की सुख शांति की कामना की। कार्यक्रम में समाजसेवी अनिल कौशिक व अन्य समाजसेवियों का सम्मान किया गया। इसके बाद प्रवचनों की रसधारा प्रवाहित करते हुए स्वामी शंकरानंद महाराज ने कहा कि आध्यात्म को जागृत करने वाला अद्वितीय ब्रह्म का ज्ञान है। भागवत वैष्णवो का परम धन, पुराणों का तिलक, परम हंसों की संहिता, भक्ति ज्ञान-वैराग्य का प्रवाह, श्रीकृष्ण का आलौकिक स्वरूप, प्रेमी भक्तों की लीला स्थली है।




स्वामी शंकरानंद महाराज ने कहा कि जगत का आधार, लोक-परलोक को संवारने वाला, जगत व्यवहार परमार्थ का ज्ञान कराने वाला, वेदों उपनिषदों का अद्वितीय सार व्यक्ति को शांति तथा समाज को क्रांति का प्रतीक तथा पंचम वेद है। जहां भगवान का नाम नियमित रूप से लिया जाता है। वहां सुख, समृद्धि शांति बनी रहती है। हमें अपने जीवन को कर्मशील बनाना है तो प्रभु की बताई शिक्षाओं इसके बनाए संविधान के अनुसार अपने जीवन को जीना शुरू कर दें। जीवन जीने की कला संत शरण में सीखने को मिलती है। कृष्ण प्रणामी मंदिर के संचालक गौऋषि श्यामदास महाराज ने कहा कि हर पल खुशी के साथ बीते दूसरों का आप भला कर पाएंगे। सभी संयमित मर्यादित हैं तो अच्छा है। जिस प्रकार से बिना ब्रेक की सुन्दर गाड़ी भी कोई बैठना नहीं चाहता उसी प्रकार सुन्दर जीवन में संयम की जरूरत है। श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर के संचालक गौऋषि श्यामदास महाराज, समिति प्रधान सतपाल शर्मा आदि ने व्यवस्था में भागीदारी की।

# सम्पत्ति कर बकायादारों की सम्पत्तियां होंगी कुर्क



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। लंबे समय तक** नगर निगम में सम्पत्ति कर जमा न करवाकर डिफाल्टर की श्रेणी में आने वाले सम्पत्तिधारकों की सम्पत्ति की अब कुर्की की जाएगी। नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने हरियाणा नगर निगम अधिनियम 1994 के तहत ऐसी करीब 25 सम्पत्तियों को एरियर ऑफ लैंड रिवेन्यू यानि भू-राजस्व का बकायादार घोषित कर दिया है। इसके अतिरिक्त इन सम्पत्तियों की कुर्की करने के लिए नायब तहसीलदार, नगर निगम करनाल को आदेश भी जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि प्रॉपर्टी टैक्स डिफाल्टरों से टैक्स भरवाने के लिए नगर निगम ने कढ़ा कदम उठाया है। उन्होंने बताया कि इसी कडी में 48 अन्य सम्पत्तियों को भी एरियर ऑफ लैंड रिवेन्यू घोषित करने की प्रक्रिया चल रही है, जो जल्द ही पूरी कर ली जाएगी। इसके बाद इन सम्पत्तियों की कुर्की के लिए भी नायब तहसीलदार, नगर निगम करनाल को आदेश दे दिए जाएंगे। निगमायुक्त ने बताया कि एक लाख रुपये ऊपर के बकायादार सम्पत्ति धारकों को कुर्की के नोटिस भी जारी किए जा रहे हैं। अब तक 600 से अधिक नोटिस जारी हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि इससे पहले सभी बकायादारों को सम्पत्ति कर जमा करवाने के लिए नोटिस दिए गए थे, जिसमें उन्हें 30 दिनों का समय भी दिया गया था। परंतु फिर भी बकायादारों ने सम्पत्ति कर जमा करवाने में रूचि नहीं दिखाई। इसे देखते हुए अब नगर निगम ऐसी सम्पत्तियों की कुर्की करने जा रहा है। 9 करोड़ 27 लाख रुपये सम्पत्ति कर हुआ जमा- उन्होंने बताया कि नगर निगम कार्यालय में वित्त वर्ष 2024-25 में अब तक 9 करोड़ 27 लाख रुपये सम्पत्ति कर के रूप में जमा हुए हैं, जबकि

# स्वच्छता सर्वेक्षण में शहर को अव्वल स्थान पर लाने के लिए फील्ड में उतरे सुभाष

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। स्वच्छता सर्वेक्षण** में अपने गृह क्षेत्र करनाल को अव्वल स्थान पर लाने के लिए गुरुवार को स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र खुद फील्ड में उतरे और विभिन्न स्थानों पर जाकर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। नगर निगम अधिकारियों के साथ सुभाष चंद्र ने हांसी रोड, रेलवे रोड, कर्ण ताल पार्क, पुरानी सब्जी मंडी और कर्ण कैनाल में शौचालयों का जायजा लिया। जहां-जहां कमी पाई गई, वहां उन्होंने अधिकारियों को कड़े दिशा निर्देश देते हुए सफाई व्यवस्था को तुरंत प्रभाव से दुरुस्त करने को



कहा। मिशन के वाइस चेयरमैन ने रेलवे रोड स्थित नेकी की दीवार पर भी जाकर व्यवस्था को जांचा। यहां गरीब लोगों के लिए वस्त्र व अन्य जरूरत का सामान देने की नगर निगम द्वारा उत्तम व्यवस्था की गई है। यहां उन्होंने दान देने वाले और सामान ले जाने वाले लोगों के रजिस्टर को चेक किया और इस व्यवस्था को समाज के लिए वरदान बताया। सबसे पहले सुभाष चंद्र ने भगवाडिया गैस एजेंसी के पास चल रहे सडक निर्माण का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य में देरी के लिए ठेकेदार को फटकार लगाई और इस कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने को कहा, ताकि आम लोगों को निर्माण सामग्री के कारण परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके बाद उन्होंने रेलवे रोड पर खालसा कॉलेज के समीप बने शौचालय, महिलाओं के लिए बनाए गए शीरो रूम और पुरानी सब्जी मंडी व कर्णताल पार्क के साथ मुगल कैनाल पर निमार्णाधीन शौचालय का निरीक्षण किया।
सुभाष चंद्र कर्णताल पार्क भी पहुंचे, जहां जनप्रतिनिधियों ने उन्हें पार्क में आवारा व असामाजिक तत्वों के बारे में शिकायत की। इस पर संज्ञान लेते हुए उन्होंने तुरंत जिला पुलिस अधीक्षक से फोन पर बातचीत की और यहां पुलिस निगरानी को बढ़ाने के लिए कहा।

# कार्टूनिस्ट से पड़ोसियों ने की मारपीट, केस दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर। खुबड़ू गांव में** एक अखबार कार्टूनिस्ट का उनके पड़ोसियों के साथ झगड़ा हो गया। झगड़े में कार्टूनिस्ट व उसका बेटा घायल हो गया। घायल ने मामले की शिकायत खुबडू झाल पुलिस चौकी में दी। शिकायत में कार्टूनिस्ट राजेंद्र वर्मा ने बताया कि 17 मार्च की शाम वह अपने पोते को घुमाकर लौट रहे थे, तो उनके पड़ोसी वंश, अंश और गर्व ने बाइक से उनका रास्ता रोककर गाली-गलौज की। घर पहुंचकर जब उन्होंने इसकी शिकायत सतीश से की तो सतीश और



उसके परिवार ने उनके साथ मारपीट कर दी। जिससे उनकी नाक की हड्डी भी टूट गई। जब राजेंद्र के बेटे आकाश ने बचाने की कोशिश की तो आरोपितों ने उसकी भी पिटाई की और दोनों जान से मारने की धमकी भी दी।

# अवैध कब्जा हटाने को लेकर पुलिस सुरक्षा के बीच पटवारी ने की पैमाइश

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर । गांव पबनेरा** में अवैध कब्जों की शिकायत के बाद कानून को आदेश दिए जाने के बाद आरोपियों पर कार्रवाई करते हुए पटवारी नवीन और गिरदावर राजेश ने पुलिस सुरक्षा के बीच अज्ञात जमीन की पैमाइश की। पबनेरा गांव के रामकुमार ने बताया कि उन्होंने आरोपियों को जमीन पर कब्जे में लेकर शिकायत दर्ज कराई थी, जिस पर कार्रवाई करते हुए कानून को पैमाइश करने के आदेश दिए गए थे।



प्रशासन द्वारा जमीन की पैमाइश करने के समय पुलिस सुरक्षा की मांग की गई। पुलिस सुरक्षा उपलब्ध होने के बाद गांव के राहुल गांधी के समर्थकों के साथ पटवारी ने जमीन की पैमाइश की। रिकॉल ने नाम छापने पर बताया कि जमीन की पैमाई सोने के बाद बहुत सी जमीन पर अवैध कब्जा से मुक्त हो जाएगा। गांव के कुछ लोगों ने भूमिगत जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया है।

# समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं के निदान में अधिकारी और लाये तेजी: उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**हरियाणा के मुख्यमंत्री** नायब सिंह के कुशल नेतृत्व में प्रदेशभर में आयोजित किए जा रहे जनता समाधान शिविर का लाभ हर वर्ग को नियमित रूप से मिल रहा है। उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने गुरूवार को जिला सचिवालय के सभागार में अधिकारियों को सम्बंधित करते हुए कहा कि गर्मियों के मौसम में हमें जल भराव की समस्या का समाधान करना है। इसको लेकर प्रशासन द्वारा बड़े स्तर पर कार्य किया जाएगा। इसकी शुरूआत की जा चुकी है। उपायुक्त ने आम जन से भी अनुरोध किया की वे अपने आस-पास सफाई रखें व गर्मियों में फैलने वाली बीमारियों के बचाव को लेकर सावधानियां बरते। उपायुक्त ने कहा कि समाधान शिविर में अधिकारी समय की कीमत को पहचाने व लोगों की समस्याओं के प्रति और गम्भीरता दिखाएं। हर व्यक्ति इस उम्मीद के साथ समाधान शिविर में अपनी समस्या लेकर पहुंचता है कि उसका समाधान जरूर होगा। इसी उम्मीद को हमने बरकरार रखना है व इसे खुशियों के साथ जोडना है।



उपायुक्त ने कहा कि समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं पर अधिकारियों को ना केवल ध्यान देना है बल्कि उन पर मेहनत करके निश्चित समय अवधि में उनका समाधान भी करना है। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शिविर से सम्बंधित समस्याओं को जल्द से जल्द निपटाने का प्रयास करें। उनके द्वारा की गई देरी एक प्रकार से शिकायतकताओं के साथ अन्याय होगा। इस स्थिति की नोबत ना आए। इस पर ध्यान से कार्य करने की जरूरत है। समाधान शिविर में एसडीएम ब्रहमप्रकाश ने कहा कि समाधान शिविर इस विश्वास के साथ संचालित किया जा रहा है कि लोगों की समस्याओं का कम से कम समय में समाधान होगा। यह देखने में आ रहा है कि शिविर में अधिकारियों की संख्या जितनी होनी चाहिये उतनी नजर नहीं आती। उन्होंने अधिकारियों को सचेत किया कि जब अधिकारी शिविर में नहीं पहुंचेंगे तो समस्याओं का समाधान कैसे होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शिविर में समय पर पहुंचकर जनता की समस्याओं का समाधान करें। पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र सिंह ने कहा कि पुलिस विभाग की ज्यादातर समस्याएं रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़ी हुई मिलती हैं। इसके लिए थाना अधीक्षकों को जनता के साथ समन्वय स्थापित करके कार्य करना चाहिए। जो भी समस्यां पुलिस विभाग से सम्बंधित पहुंचती है, उसका कम से कम समय में समाधान कर प्रार्थी को न्याय दिलाने का प्रयास करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर उन लोगों के लिए दवा का काम करता है जो लोग समाधान शिविर से उम्मीद लगाकर पहुंचते हैं।

# राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर चौथे दिन भी रहा जारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। राजकीय** महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन की शुरूआत प्रातः प्रभात फेरी से हुई। इसके पश्चात स्वयंसेवकों ने रस्से पर चढ़ने से संबंधित खेल गतिविधियों में भाग लिया, जिससे उनके शारीरिक कौशल का विकास हुआ। प्रथम सत्र में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अशोक कुमार ने साइबर क्राइम पर विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने स्वयंसेवकों को साइबर ठगी से बचने के विभिन्न उपाय बताए और यह समझाया कि किसी भी फोन कॉल या संदेश की सत्यता



की जांच किए बिना प्रतिक्रिया न दें। उन्होंने यह भी बताया कि यदि कोई साइबर ठगी का शिकार हो जाए, तो तुरंत राष्ट्रीय साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर सूचना दें। इसके पश्चात डॉ. पविता यादव ने स्वयंसेवकों को एनएसएस गीत का अभ्यास करवाया और बताया कि केवल श्रमदान करना ही नहीं, बल्कि समाज में जागरूकता फैलाना और सामाजिक समस्याओं को पहचान कर समाधान सुझाना भी एनएसएस का मुख्य उद्देश्य है। दूसरे सत्र में समाजसेवी एवं बुचियावाली आश्रम के अध्यक्ष नवीन राव ने मतदाता जागरूकता विषय पर प्रेरणादायक व्याख्यान दिया। उन्होंने 18 वर्ष से अधिक आयु के प्रत्येक नागरिक को मतदान के लिए प्रेरित किया और बताया कि युवाओं की भागीदारी एक प्रभावशाली सरकार के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने स्वयंसेवकों से अनुरोध किया कि वे अपने परिवार और समुदाय को भी मतदान के प्रति जागरूक करें ताकि भारत जैसे सबसे बड़े लोकतंत्र को और अधिक सशक्त बनाया जा सके। सायंकालीन सत्र में प्राथमिक चिकित्सा उपचार पर एक विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। स्वयंसेवक राहुल अग्रवाल ने विस्तार से प्राथमिक उपचार की महत्ता और तकनीकों पर प्रकाश डाला। उन्होंने डमी की सहायता से कृत्रिम श्वसन की विधि का व्यावहारिक प्रदर्शन किया, जिसमें स्वयंसेवक अन्नु ने उनका सहयोग किया। इसके बाद स्वयंसेवकों ने खेलकूद गतिविधियों में भाग लिया, जिसमें मुख्य रूप से फुटबॉल खेला गया।
सभी स्वयंसेवकों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ खेल में हिस्सा लिया। पूरे दिन और रात्रि की सभी गतिविधियों की फोटोग्राफी का जिम्मा स्वयंसेवक आदित्य ने बेखूबी निभाया।

# रूकिमणी देवी पब्लिक स्कूल के छात्रों ने हासिल किया आरआईडीएस प्रमाण पत्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**राई। रूकिमणी देवी** पब्लिक स्कूल के छात्रों ने ब्रिटिश कांउसिल द्वारा आयोजित इंटरनेशनल डाईमेंशन इन स्कूल अवार्ड मिलने पर उपलब्धि हसिल की। प्रतिष्ठित सम्मान विद्यालय को वैश्विक शिक्षा में उत्कृष्टता, अंतरराष्ट्रीय दृष्टिकोण को बढावा देने व शिक्षण में नवाचार को अपनाने की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। यह गौरव विद्यालय प्रशासन के सतत प्रयासों, शिक्षकों छात्रों व अभिभावकों की सामूहिक मेहनत का परिणाम है जो विद्यालय द्वारा सांस्कृतिक आदान प्रदान तथा वैश्विक शिक्षण युद्धतियों को अपनाने के प्रयासों को प्रमाणित




करता है। प्रधानाचार्य डा. प्रवीण गुप्ता ने शिक्षकगणों छात्रों को गौरवशाली उपलब्धि के लिए छात्रों व अभिभावकों को बधाई दी। यह सम्मान की बौद्धिक शिक्षा यात्रा में है। विद्यालय सदा ही अपने हमारे विद्यालय की मील का पत्थर सतत प्रयासों के द्वारा छात्रों को बहुआयामी शिक्षा प्रदान करने, तथा उनकी रचनात्मकता को निखारने के लिए समर्पित रहा है। भविष्य में शैक्षिक नवाचार को अपनाते हुए विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने और नए कीर्तिमान स्थापित करने के लिए विद्यालय तत्पर रहेगा।

# पीआरपीसी ने 125 दिव्यांगजनों को साइकिलों का किया वितरण

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपतः ( कमाल हुसैन )**
**पानीपत एवं इसके** आसपास के गांवों के जरूरतमंद दिव्यांगजनों की मदद करने हेतु इंडियनऑयल की पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स (पीआरपीसी) ने भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) के माध्यम से वर्ष 2024-25 के लिए कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के अंतर्गत हुए समझौते के तहत आज दिनांक 20 मार्च, 2025 को आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में 125 मोटर चालित तिपहिया साइकिलों का वितरण किया। श्री एम एल डहरिया, कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख, (पीआरपीसी) ने ओमप्रकाश, मुख्य महाप्रबंधक (मानव




संसाधन), पीआरपीसी, गौरव, सचिव, जिला पानीपत रेड क्रॉस सोसायटी, एस के रथ, एलिम्को, एवं अन्य गणमान्य लोगों की गरिमामयी उपस्थिति में पानीपत एवं इसके आसपास के गांवों के 125 जरूरतमंद दिव्यांगजनों को निशुल्क मोटर चालित तिपहिया साइकिलें प्रदान की।
इस अवसर पर श्री एम एल डहरिया ने अपने संबोंधन में कहा कि पीआरपीसी इंडियनऑयल के मूल मूल्य "राष्ट्र- प्रथम संरक्षण एवं विश्वास" के तहत आज इस नेक काम को किया है। हमारा प्रतिष्ठित कॉर्पोरेट इंडियनऑयल अपने अथक प्रयासों से न केवल देश को स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा प्रदान कर रहा है बल्कि अपने मूल मूल्यों के तहत कई तरह के समाज कल्याण के कार्य विशेषकर दिव्यांगजनों की मदद के लिए भी आगे बढ़कर कार्य कर रहा है। उन्होने आगे कहा कि पीआरपीसी की इस निस्वार्थ सेवा के जरिए दिव्यांगजनों को आसानी से अपनी आजीविका अर्जित कर आत्मनिर्भर बनने और साथ ही देश के समावेशी विकास के लिए उन्हे अपना योगदान देने में बहुत बड़ी सहायता मिलेगी। उन्होने दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया और अपने परिवार एवं खुद के लिए कुछ कर दिखाने का होंसला बढ़ाया।
इससे पहले विवेक शर्मा वरिष्ठ प्रबंधक, (सीसी एवं सीएसआर) ने अपने स्वागत भाषण के अंतर्गत पीआरपीसी प्रबंधनवर्ग की ओर से पानीपत एवं करनाल जिले के आसपास के गांवों में कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व तथा कॉर्पोरेट पर्यावरण दायित्व के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों से अवगत करवाया। एलिम्को को कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के अंतर्गत लगभग 63 लाख रुपए (तिरसठ लाख रुपए मात्र) प्रदान किए हैं।
यह कार्यक्रम ओम प्रकाश मुख्य-महाप्रबन्धक (माएन संसाधन) के कुशल मार्गदर्शन के अंतर्गत आयोजित हुआ। सभी दिव्यांगजनों ने इंडियनऑयल की पीआरपीसी के प्रबंधनवर्ग से मिल रहे लगातार सहयोग के लिए अपने अभार प्रकट किया।

## संपादकीय

# बनारस, बिस्मिल्लाह और शहनाईः एक सुरीली गाथा

**उस्ताद** बिस्मिल्लाह खाँ सुरों का ऐसा करिश्मा थे जिनकी सादगी के सामने हर सम्मान ने सर झुकाया। उनकी पारंपरिक सोच हर सम्मान व पुरस्कार से थोड़ा और झुक जाने को प्रेरित करती है। वे सादगी, विनम्रता और ईमानदारी के बेमिसाल उदाहरण थे। खाँ साहब कहते थे, "सुर भी कभी हिंदू या मुसलमान हुआ है? सुर तो सुर है।" उनके लिए संगीत और शहनाई साधारण कला नहीं बल्कि इबादत थी। आज की युवा पीढ़ी को उनकी संगीत साधना से बहुत कुछ सीखने की आवश्यकता है। उस्ताद की जयंती पर हम बात करेंगे शहनाई की उस विरासत की जिसे बेनियाबाग की उस इमारत ने संजो कर रखा है जिसपर भारत रत्न उस्ताद बिस्मिल्लाह खाँ साहब का नाम दर्ज है। जी हाँ, उस्ताद बिस्मिल्लाह खाँ का वही पुश्तैनी मकान जिसमें कभी उस्ताद रहमत खाँ साहब रहा करते थे। लगभग 200 साल पुरानी इस इमारत की बूढ़ी-कांपती दीवारों ने अपने अंदर सैकड़ों किस्से कहानियों को समाहित किया है। इसके हर एक स्पर्श में अभी भी कंपन है शहनाई की उस गूंज का जिसे कभी बाल बिस्मिल्लाह ने छेड़ा तो कभी भारत रत्न बिस्मिल्लाह ने। इसकी भीतरी सफेद रंग की दीवारों पर शहर की मशहूर हस्तियों की तस्वीरें इसके खूबसूरत सफर को बयां ही नहीं करती बल्कि इसके होने का वजूद भी पेश करती हैं। प्रवेश द्वार से सटे अपने छोटे से कमरे में उस्ताद हर रोज अपने दोस्तों और परिजनों के साथ शाम की नमाज के बाद बैठकी लगाया करते थे और जीवन के हल्के-फुल्के पलों को जिया करते थे। इसी बैठकी में अपने साथियों के साथ वह घंटों होने वाली चर्चा में शामिल रहा करते थे। इस इमारत ने उनकी बेगम की उस आवाज को भी सुना जब ऊपर रसोईघर से वह चाय बनाकर भेजती थी और उस्ताद अपने हुक्के का आनंद लिया करते थे। ऊपरी मंजिल के छोटे से कमरे में उस्ताद ने पूरा जीवन जीया, जिसमें सिर्फ एक चारपाई, कुर्सी, छड़ी, छाता, पानी का घड़ा, टेबलफैन था। इसी कमरे में उस्ताद से मिलने हजारों लोग आते, उनसे बतियाते, उनकी सादगी से प्रभावित होते और कुछ कर गुजरने का वादा करके चले जाते पर फिर लौट कर न आते। इस इमारत ने वह दौर देखा जब दुनिया भर में उस्ताद कामयाबी का परचम लहरा रहे थे, जब अमेरिका में बसने का उन्हें न्यौता आया था और जब बनारस और बिस्मिल्लाह एक हो गए थे। आज उस्ताद नहीं हैं लेकिन उनका एहसास इसके कण-कण में समाहित है। आज देश के लिए उस्ताद भले यादों में शामिल हैं लेकिन यह इमारत अपने अंदर एक इतिहास, एक विरासत समेटे है। एक शिया मुसलमान, जो सुरों की देवी माँ सरस्वती के अनन्य उपासक थे, गंगा स्नान के बाद नमाज पढ़ते और फिर काशी विश्वनाथ मंदिर जाकर रियाज करते- यह अपने आप में भारत की गंगा-जमुनी संस्कृति की अद्वितीय मिसाल है। जब भी देश की साझा सांस्कृतिक धरोहर की बात होगी, उस्ताद बिस्मिल्लाह खाँ का नाम लिया जाएगा। जब भी शहनाई की बात होगी, उस्ताद की छवि उभर आएगी। जब भी बनारस का ज़िक्र होगा, उस्ताद सर्वोपरि होंगे। और जब भी माँ गंगा की धारा बहेगी, उसमें उस्ताद की आत्मा समाहित होगी। उस्ताद पर बहुत कुछ लिखा-पढ़ा जा चुका है लेकिन अब समय है उनकी विरासत को संजोने का।

# स्वच्छ जल जीवन है, पर बिगड़े तो हाहाकार है

राजेश माहेश्वरी

> "नीति आयोग की 2018 समग्र जल प्रबंधन सूचकांक रिपोर्ट में कहा गया है कि सुरक्षित जल की अपर्याप्त पहुंच के कारण हर साल लगभग दो लाख लोग मर जाते हैं। 2030 तक लगभग 600 मिलियन लोगों को जल संकट का सामना करना पड़ सकता है, जो भारत देश की अनुमानित जनसंख्या का लगभग 40 प्रतिशत होगा। वॉटर गैर-लाभकारी संगठन बताती है कि, भारत देश में 1.4 बिलियन की आबादी में से आज भी 35 मिलियन लोगों के पास सुरक्षित जल तथा 678 मिलियन लोगों के पास सुरक्षित स्वच्छता तक पहुंच नहीं है, सुरक्षित जल और स्वच्छता की कमी के कारण हर वर्ष दस लाख से अधिक लोग मरते हैं, तथा हर दो मिनट में एक बच्चा जल या स्वच्छता से संबंधित बीमारियों के कारण जान गंवाता है।"

**जल** प्रकृति की सबसे बड़ी देन है क्योंकि संपूर्ण जीव सृष्टि का आधार पानी है, इसके बिना जीवन की कल्पना बेमानी हैं। जल समृद्धता से जंगल, पेड़-पौधे, वन्यजीव समृद्धता बढ़ती है, सबको शुद्ध जल और शुद्ध प्राणवायु मिलती है, ऋतु चक्र, मौसम और प्रकृति में संतुलन बना रहता है, खाद्यान की गुणवत्ता और उत्पादन बढ़ता है, प्रकृति के प्रत्येक घटक पर इसका सीधा प्रभाव पड़ता है। जल शुद्ध और पर्याप्त मात्रा में सबको मिले तो समृद्धि निश्चित है, परंतु यह जल अपर्याप्त और प्रदूषित है, तो फिर यह जल विनाश का कारण है। विश्व का लगभग 97 प्रतिशत जल खारा है या पीने योग्य नहीं है। भारत देश में विश्व की सबसे ज्यादा 18 प्रतिशत जनसंख्या है, परंतु इसके मुकाबले दुनिया के जल संसाधनों का केवल 4 प्रतिशत भारत में है, जो इसे पानी की कमी वाले देशों में से एक बनाता है, इसका खामियाजा लोगों को अपनी जान देकर चुकाना पड़ता है क्योंकि हर साल लाखों भारतीय दूषित पानी से बीमार होकर मरते हैं। द लैंसेट के एक अध्ययन के अनुसार, 2019 में जल प्रदूषण के कारण भारत में 500,000 से अधिक लोगों की मौत हुई।

हर साल 22 मार्च को दुनियाभर में "विश्व जल दिवस" पानी के महत्व और वास्तविक स्थिति पर जागरूकता हेतु मनाया जाता हैं। इस साल 2025 की थीम 'ग्लेशियर संरक्षण' है, जो भविष्य के लिए जमे हुए इन ग्लेशियर के जल संसाधनों का संरक्षण करने पर केंद्रित हैं। ग्लेशियर यह पानी का विशाल भंडार है, जो उसका पिघला हुआ पानी पेयजल, कृषि, उद्योग, स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन और स्वस्थ पारिस्थितिकी तंत्र के लिए आवश्यक है, परंतु ग्लोबल वार्मिंग के कारण तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है और इस कारण बड़े-बड़े ग्लेशियर पिघल रहे है एवं वह पिघला हुआ शुद्ध जल समुद्र का स्तर बढ़ा रहे हैं। तेजी से पिघलते ग्लेशियर जल प्रवाह में अनिश्चितता पैदा कर रहे हैं, जिसका लोगों और ग्रह पर गहरा प्रभाव पड़ रहा हैं। कार्बन उत्सर्जन में वैश्विक कमी और ग्लेशियरों के सिकुड़ने के अनुरूप स्थानीय नीतियों की आवश्यकता हैं। विश्व आर्थिक मंच ने 15 जनवरी, 2025 को जारी वार्षिक वैश्विक जोखिम रिपोर्ट के 20वें संस्करण में चेतावनी दी है कि भारत देश के सामने एक गंभीर चुनौती है, क्योंकि अगले दो वर्षों (2025-2027) में पानी की कमी देश के सामने सबसे गंभीर खतरा बनकर उभरेगी। शिकागो विश्वविद्यालय के ऊर्जा नीति संस्थान ने एक रिपोर्ट जारी की है,



जिसके अनुसार, सबसे बड़े वायु गुणवत्ता सूचकांक के अनुसार, प्रदूषित वायु औसत जीवन प्रत्याशा को 3.6 वर्ष तक कम कर रही हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, हर साल 3,575,000 लोग जल-संबंधी बीमारियों से मरते हैं। यह हर 10 सेकंड में एक मौत के बराबर हैं। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद ने सरकार को 2024 के एक अध्ययन की जानकारी दी है, जिसमें पाया गया है कि पंजाब में प्रदूषित नदी-नालों के पास रहने वाले लोगों में कैंसर होने की संभावना अधिक होती हैं। जल प्रदूषण में औद्योगिक कूड़ा, मल, माइक्रोबियल प्रदूषण, निर्लंबित पदार्थ, रासायनिक प्रदूषण, घुलनशील प्रदूषक, रेडियोधर्मी कचरे, थर्मल प्रदूषण, मानव अपशिष्ट, औद्योगिक उद्यम, ऑयल पॉल्यूशन, कृषि प्रदूषण, ग्लोबल वार्मिंग, खनन, रेडियोधर्मी प्रदूषण, ठोस अपशिष्ट, अम्ल वर्षा जैसे कारण विशेष है, पानी के संपर्क में आते ही यह विशेष कारण जल को विषैला बना देते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, 2021 में 2 बिलियन से ज्यादा लोग पानी की कमी वाले देशों में रहते थे। 2022 में, वैश्विक स्तर पर कम से कम 1.7 बिलियन लोग मल से दूषित पेयजल स्त्रोतों का उपयोग करते थे। मल संदूषण के कारण पेयजल में सूक्ष्मजीवों का संदूषण, पेयजल सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा हैं। 2021 में, 251.4 मिलियन से अधिक लोगों को सिस्टोसोमियासिस के लिए निवारक उपचार की आवश्यकता थी। सूक्ष्मजीवीय रूप से दूषित पेयजल से डायरिया, हैजा, पेचिश, टाइफाइड और पोलियो जैसी बीमारियां फैल सकती है, तथा अनुमान है कि इससे हर साल डायरिया से संबंधित लगभग 505,000 मौतें होती हैं। 296 मिलियन लोग असुरक्षित कुओं और झरनों से पानी भरते है और 115 मिलियन लोग झीलों, तालाबों, नदियों और झरनों से अनुपचारित सतही जल एकत्र करते हैं।

तीव्र शहरीकरण और औद्योगीकरण के कारण जल संसाधनों का प्रदूषण बढ़ गया है, जिससे वे उपयोग के लिए अनुपयुक्त हो गए हैं। अकुशल कृषि पद्धतियां, रसायनों का अत्यधिक उपयोग, भूजल का अत्यधिक दोहन, जलवायु परिवर्तन, खराब जल प्रबंधन और उचित बुनियादी ढांचे की कमी जैसे कई कारक जल की कमी के संकट को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विश्व बैंक के कुछ आंकड़े अनुसार, भारत देश में 163 मिलियन भारतीयों को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध नहीं है, 210 मिलियन भारतीयों को बेहतर स्वच्छता सुविधाओं तक पहुंच नहीं हैं। 21 प्रतिशत संक्रामक रोग असुरक्षित जल से संबंधित है, भारत में प्रतिदिन पांच वर्ष से कम आयु के 500 बच्चे दस्त से मरते हैं। भारत की आधी से अधिक नदियाँ अत्यधिक प्रदूषित हैं, तथा कई अन्य नदियाँ आधुनिक मानकों के अनुसार असुरक्षित स्तर पर हैं। शहरों से बहनेवाली नदियाँ नालों का स्वरूप धर चुकी हैं। नीति आयोग की 2018 समग्र जल प्रबंधन सूचकांक रिपोर्ट में कहा गया है कि सुरक्षित जल की अपर्याप्त पहुंच के कारण हर साल लगभग दो लाख लोग मर जाते हैं। 2030 तक लगभग 600 मिलियन लोगों को जल संकट का सामना करना पड़ सकता है, जो भारत देश की अनुमानित जनसंख्या का लगभग 40 प्रतिशत होगा।

वॉटर गैर-लाभकारी संगठन बताती है कि, भारत देश में 1.4 बिलियन की आबादी में से आज भी 35 मिलियन लोगों के पास सुरक्षित जल तथा 678 मिलियन लोगों के पास सुरक्षित स्वच्छता तक पहुंच नहीं है, सुरक्षित जल और स्वच्छता की कमी के कारण हर वर्ष दस लाख से अधिक लोग मरते हैं, तथा हर दो मिनट में एक बच्चा जल या स्वच्छता से संबंधित बीमारियों के कारण जान गंवाता है। विश्व के 29 प्रतिशत स्कूलों में स्वच्छ जल और शौचालय जैसी बुनियादी आवश्यकताओं का अभाव है। बुनियादी जल और स्वच्छता की कमी के कारण हर वर्ष विश्वभर में 260 बिलियन डॉलर बर्बाद हो जाते हैं। विश्व की कम से कम 50 प्रतिशत जनसंख्या वर्ष में कम से कम एक माह तक अत्यधिक जल संकट में रहते हैं। दुनियाभर में महिलाएं और लड़कियां प्रतिदिन कई किलोमीटर तक पानी के लिए भटकती है और पानी इकट्ठा करने में 200 मिलियन घंटे तक बिताती हैं। घर पर सुरक्षित जल और स्वच्छता की उपलब्धता, व्यतीत किए गए समय को बचाती है, जिससे परिवारों को शिक्षा और कार्य के अवसरों को प्राप्त करने के लिए अधिक समय मिलता है, जिससे उन्हें गरीबी के चक्र को तोड़ने में मदद मिलेगी। जब तक किसी चीज की कमी न हो, तब तक मनुष्य को उस चीज की कीमत नहीं समझतीं, जल से जीवन है, अधिकतर लोगों को पानी प्राप्त करने के लिए ज्यादा मेहनत नहीं करनी पड़ती, उनके हिसाब से दुनिया में पानी सहज उपलब्ध है, शायद इसलिए पानी का मोल लोग नहीं समझते हैं। किसी कठिन परिस्थिति में अगर पानी न मिलें तो तन-मन व्याकुल हो उठता हैं, ग्रीष्म ऋतु के मौसम में शहरों में किसी कारणवश एक दिन भी जनता को पानी न मिलें तो हाहाकार मच जाता है, तब दुनिया की सबसे कीमती चीज पानी लगती हैं। आज जो पानी हमें सहज उपलब्ध हो रहा है, करोड़ों लोग उस पानी के लिए रोज दर-दर भटकते है, अपना कीमती समय पानी इकट्ठा करने में गवाते है, फिर भी उन्हें पर्याप्त मात्रा में शुद्ध जल नसीब नहीं होता, मजबूरी में अशुद्ध जल के उपभोग के कारण घातक बीमारियों का शिकार होकर असमय मौत के आगोश में चले जाते हैं।पानी की कमी के कारण पशु-पक्षियों, वन्यजीवों का तो अधिक बुरा हाल होता है। पानी का अपव्यय और योग्य प्रबंधन द्वारा संग्रहण, इसके तरीके हम सभी जानते है, लेकिन गंभीरता नहीं समझतें। अनमोल पानी का महत्व समझें, शुद्ध जल पर प्रत्येक व्यक्ति और जीवों का बराबरी का अधिकार है, सबको शुद्ध जल मिलें यह हम सबकी जिम्मेदारी हैं।

## कविता

राख हो क्या दहकते नहीं।

चल रही है हवा धड़कने नहीं
बुझी राख हो क्या दहकते नहीं।

पंछी कितने मासूम है वफाओं के
आजकल शहरों में चहकते नहीं।

है गुलाबी सा मिलन विरह काला
प्यार के रंग कभी बदलते नहीं।

नाजुकी भी आज सिरे से गायब है
फूल कागज के कभी महकते नहीं।

सुंदर कलियों फूलों का उपवन है
फिर भी परिंदे यहां चहकते नहीं।

न जाने संजीव ये कैसी सदी है
इश्क में रहकर दिल धड़कते नहीं।

संजीव

---------

# प्यार भरे संबंधों की कुंजी

**संत राजिन्दर सिंह जी महाराज**

**आधुनिक** समाज में अधिकांश तनाव इतना अधिक शारीरिक नहीं होता जितना मानसिक होता है। हम जिन चुनौतियों का सामना करते हैं, वे ज्यादातर दिमाग के स्तर पर होती हैं। अक्सर दफ्तरों में या अन्य काम की स्थितियों में हमें उन लोगों के साथ समझौता करना पड़ता है, जिनकी राय और विचार हमसे अलग होते हैं। दुनिया को देखने के हम सभी के अलग-अलग तरीके हैं। हमें हर दिन विकल्पों का सामना करना पड़ता है। हमें देखना है कि क्या हम ऐसे कार्य करने जा रहे हैं जो लोगों को अलग करते हैं या ऐसे कार्य जो लोगों को एक साथ लाते हैं हमें अपने शब्दों पर नजर रखने की जरूरत है, ऐसा न हो कि हम किसी का दिल दुखाएं। क्या हमारे शब्द विभाजन का कारण बनते हैं या वे लोगों को एक साथ लाते हैं प्यार भरे, सहानुभूति भरे शब्द लोगों को सहज महसूस कराते हैं, लोगों एक एक साथ लाते हैं लेकिन हम शायद ही कभी अपने कहे हुए शब्दों या अपने किए हुए कार्यों के बारे में सोचते हैं। हमें हर उस व्यक्ति जिससे हम मिलते हैं उससे प्रेमपूर्ण व्यवहार करने के महत्त्व को समझने की आवश्यकता है। हमारे शब्द बहुत शक्तिशाली हैं और लंबे समय तक प्रभाव रखते हैं। यह महत्त्वपूर्ण है कि हम अपने शब्दों पर ध्यान दें और यह कि हम वास्तव में दूसरों को सुनने का प्रयास करें ताकि हमारे आस-पास के वातावरण में शांति और शांति लाने वाले प्रेमपूर्ण व्यवहार हो सकें। अपनी नौकरियों में हमें अक्सर समूहों में काम करना पड़ता है और बनाए गए नियमों पर निर्णय लेने पड़ते हैं। क्या हमारे कार्य उन नियमों को बढ़ावा देते हैं जो लोगों के प्रति प्रेम और सहानुभूति दिखाएं या क्या वे अधिक पूर्वाग्रह, भेदभाव और कट्टरता को बढ़ावा देते हैं कोई अगर ऐसा कार्य करता है जो हमें पसंद नहीं है तो क्या हम ऑटो-पायल पर जाते हैं और उस समय जो कुछ भी हमारे दिमाग में आता है बस वही करते हैं और हमारे शब्दों और कर्मों के प्रभाव के बारे में नहीं सोचते हैं।

एक बार बोले गए शब्दों को वापस नहीं लिया जा सकता है और यही कारण है कि हमें कुछ भी कहने से पहले दो बार सोचना चाहिए। इसके अतिरिक्त, जब हम अपने शब्दों से किसी को पीड़ा पहुँचाते हैं तो हम उनके जिंदगी जीने के दृष्टिकोण को प्रभावित करते हैं और यह बदले में उन लोगों के जीवन को प्रभावित कर सकता है जिनके साथ वे बातचीत करते हैं।

हमारे शब्द, भले ही मजाक में बोले गए हों, पर वे किसी के जख्म भरने या नुकसान पहुँचाने की शक्ति रखते हैं और हमारे द्वारा बोले जाने वाले शब्दों पर हमारा पूरा नियंत्रण होता है। उी तरह हम अपने शब्दों के प्रभाव और परिणाम के लिए भी जिम्मेदार हैं, भले ही हमारा मूल इरादा कुछ भी रहा हो। हमें उन शब्दों के बारे में बहुत सावधान रहना चाहिए, जिनका उपयोग हम यह सुनिश्चित करने के लिए करते हैं कि हम उनके माध्यम से खुशी और आनंद लाते हैं।

## विचार

# जल है तो जीवन है, जीवन है तभी तो कल है

**सुरेश सिंह बैस "शाश्वत"**

**पेयजल पृथ्वी पर** कितनी अहम चीज है यह निम्न सर्वे से पता चल सकता है- की पूरी पृथ्वी में पीने लायक जल की मात्रा केवल एक परसेंट से कुछ अधिक है। यह अत्यंत ही ज्वलंत मुद्दा है। यह किसी एक देश की नहीं बल्कि वैश्विक दृष्टिकोण से गंभीर मसला है। जब हम जल पर सहयोग करते हैं तो हम एक सकारात्मक प्रभाव पैदा करते हैं। सद्भाव को बढ़ावा देना, समृद्धि पैदा करना और साझा चुनौतियों के प्रति लचीलापन बनाना भी हमारा अहम दायित्व बनता है। हमें इस एहसास के साथ काम करना चाहिए कि जल न केवल जीवनोपयोगी एक संसाधन है। अपितु एक मानव अधिकार भी है। जो हमारे जीवन के हर पहलू में शामिल है। इस विश्व जल दिवस पर, हम सभी को पानी के लिए एकजुट होने और शांति के लिए पानी का उपयोग करने, एक अधिक स्थिर और समृद्ध कल की नींव रखने की जरूरत है। पानी शांति पैदा कर सकता है या संघर्ष भड़का सकता है। जब जल दुर्लभ या प्रदूषित होता है, या जब लोग जल तक पहुंचने के लिए संघर्ष करते हैं, तो तनाव बढ़ सकता है। जल पर सहयोग करके, हम हर किसी की जल की जरूरतों को संतुलित कर सकते हैं और दुनिया को स्थिर करने में मदद कर सकते हैं समृद्धि और शांति जल पर निर्भर है। जैसे-जैसे राष्ट्र जलवायु परिवर्तन, बड़े पैमाने पर प्रवासन और राजनीतिक अशांति का प्रबंधन करते हैं, उन्हें जल सहयोग को अपनी योजनाओं के केंद्र में रखना चाहिए। जल हमें संकट से बाहर निकाल सकता है। हम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलनों से लेकर स्थानीय स्तर पर कार्रवाई तक पानी के उचित और टिकाऊ उपयोग के लिए एकजुट होकर समुदायों और देशों के बीच सद्भाव को बढ़ावा दे सकते हैं। क्या आप जानते हैं लगभग 2.2 अरब लोग अभी भी सुरक्षित रूप से स्वच्छ पेयजल के बिना रहते हैं, जिनमें लगभग 11.5 करोड़ लोग भी शामिल हैं जो सतही जल पीते हैं। दुनिया की लगभग आधी आबादी साल के कम से कम हिस्से में पानी की गंभीर कमी का सामना कर रही है।पिछले पचास वर्षों में आपदाओं की सूची में पानी से संबंधित आपदाएँ हावी रही हैं। प्राकृतिक आपदाओं से संबंधित सभी मौतों में से सत्तर प्रतिशत के लिए पेयजल जिम्मेदार हैं। दुनिया के ताजे पानी के प्रवाह में सीमा पार जल का योगदान लगभग 60 प्रतिशत है, और लगभग 153 देशों के पास लगभग 310 सीमा पार नदी और झील घाटियों में से कम से कम एक प्रतिशत का क्षेत्र है । लगभग 468 सीमा पार जलभृत प्रणालियां मौजूद हैं। केवल 24 देशों की रिपोर्ट है कि उनके सभी सीमा पार बेसिन सहयोग व्यवस्था के अंतर्गत आते हैं।जल संरक्षण और रखरखाव को लेकर दुनियाभर में लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए प्रतिवर्ष 22 मार्च को विश्व जल दिवस मनाया जाता है. आपने ये जरूर सुना होगा कि 'जल ही जीवन है! जी हां यह परम सत्य है की जल ही जीवन है और जल है तो कल है वरना इस पृथ्वी पर कुछ भी नहीं बचेगा । जल मनुष्य और जीव-जंतुओं के लिए बेहद जरूरी है। खेती करनी हो, घर का काम करना हो, नहाना हो, पीना हो, उद्योग कल कारखाने आदि. इन सभी कामों के लिए जल बेहद जरूरी है ।.हम हर साल देखते है पानी बचाने के लिए बड़े-बड़े अभियन चलाए जाते हैं जहां पानी को लेकर लोग और कई दिग्गज व्यक्तित्व अपने विचार रखते हैं, लेकिन क्या आप ये भी जानते हैं कि आखिर विश्व जल दिवस की शुरूआत कब हुई थी

आइए बताते हैं. दरअसल 22 दिसंबर, 1992 को संयुक्त राष्ट्र असेंबली में प्रस्ताव लाया गया था, जिसमें ये घोषणा की गई कि 22 मार्च को विश्व जल दिवस के रूप में मनाया जाएगा. इसके बाद 1993 से दुनियाभर में 22 मार्च को विश्व जल दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। पृथ्वी पर मौजूद सभी प्राणियों की उत्पत्ति जल से ही हुई है। अन्य ग्रहों पर भी वैज्ञानिकों द्वारा पानी की खोज को प्राथमिकता दी गयी है। 'जल ही जीवन है' यह कथन सत्य है क्यूंकि पानी के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज (9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# नागपुर हिंसा से आ रही साजिश की बू

**रोहित माहेश्वरी**

**मुगल** शासक औरंगजेब की कब्र को लेकर महाराष्ट्र में विवाद छिड़ा तो सांप्रदायिक दंगा नागपुर में हुआ। महाराष्ट्र में नागपुर सबसे शांत शहरों में गिना जाता है, जहां बाबरी मस्जिद का विवादित ढांचा टूटने के बाद भी दंगे नहीं हुए थे। उसके मुकाबले कई दूसरे क्षेत्र बहुत संवेदनशील है। सबसे ज्यादा संवेदनशील तो संभाजीनगर ही है, जिसका पुराना नाम औरंगाबाद था। उसी संभाजीनगर के खुल्दाबाद में औरंगजेब की कब्र है। इसके बारे में इतिहासकार बताते हैं खुद औरंगजेब ने इच्छा जताई थी कि उसकी कब्र वहां बने। औरंगजेब ने टोपी बुन कर की गई कमाई का करीब 14 रुपया अपने अंतिम संस्कार और कब्र बनाने के लिए छोड़ा था। तभी औरंगजेब की कब्र बाकी मुगल शासकों के मुकाबले बहुत साधारण बनाई गई थी। बहरहाल, कब्र के विवाद में संभाजीनगर में दंगा नहीं हुआ। सांप्रदायिक तनाव के लिए विख्यात मुंबई में भी दंगा नहीं हुआ। दंगा हुआ नागपुर में। मुगल शासक औरंगजेब को लेकर उठीं नफरत की लपटों में बीते दिनों सेंट्रल नागपुर झुलस गया। क्या यह एक सोची समझी साजिश थी ये सवाल इसलिए उठ रहा है, क्योंकि वहां पत्थरों का ढेर मिला है। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के विरोध प्रदर्शन के बीच एक अफवाह से फैली हिंसा में दंगाइयों ने जमकर उत्पात मचाया। दर्जनों गाड़ियां स्वाहा कर दी गईं। हाथों में पत्थर लिए भीड़ ने पुलिस को भी नहीं बख्शा। स्थानीय लोगों का कहना है कि उपद्रवी घर के अंदर तक घुसे और तोड़फोड़ की। गाड़ियों को जला दिया गया।

ऐसे में अहम सवाल यह है कि नागपुर में हुई इस हिंसा के लिए जिम्मेदार कौन है औरंगजेब को लेकर जारी तनाव की आड़ में क्या जानबूझकर चिंगारी को भड़काया गया इस पर सियासत गर्म है। शिवसेना और बीजेपी नेता इसे सुनियोजित साजिश बता रहे हैं।

महाराष्ट्र के उप-मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा है कि औरंगजेब का समर्थन करने वाले देशद्रोही हैं, उपद्रवियों को बख्शा नहीं जाएगा।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विधानसभा में कहा कि यह हिंसक घटना और दंगे पूर्व नियोजित प्रतीत होते हैं।

# मंच सजे हैं पर कठपुतलियां गायब

**अमरपाल सिंह वर्मा**

**राजस्थान** अपनी रंग-बिरंगी लोक संस्कृति के लिए प्रसिद्ध है। प्रदेश की लोक संस्कृति अपने में लोक कलाओं के कईरंग समेटे हुए है। यहां की लोक कलाओं का महत्वपूर्ण हिस्सा रही है कठपुतली कला। सदियों से यह कला न केवल लोक मनोरंजन का माध्यम रही है बल्कि सामाजिक संदेशों, ऐतिहासिक घटनाओं और लोकगाथाओं को जन-जन तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम भी रही है। लेकिन बदले परिवेश में यह पारंपरिक कला लगातार उपेक्षा की शिकार होती चली गई है और धीरे-धीरे विलुप्त होने के कगार पर पहुंच गई है। पहले गांव-गांव में कठपुतली को धागे से नचाने वाले कलाकार थे, जो अब अंगुलियों पर गिनने लायक रह गए हैं। विभिन्न मंच तो अब भी सजते हैं पर कठपुतलियां गायब हैं। कुछ दशक पहले तक कठपुतली कला न केवल स्वस्थ मनोरंजन का जरिया थी, बल्कि लोक शिक्षा का माध्यम भी थी। कोई भी मेला कठपुतली के बिना अधूरा ही माना जाता था। इंसान के इशारे पर नाचने वाली इन बेजान कठपुतलियों ने जहां राजा-महाराजाओं की वीरता की कहानियां जन-जन तक पहुंचाईं, वहीं लोक में प्रचलित विभिन्न प्रेम कहानियों को भी विख्यात बनाया। सामाजिक कुरीतियों और रूढि?ों के प्रति जागरूकता जगाने में कठपुतली कला का बड़ा योगदान रहा है। अशिक्षित आम जन तक नैतिक शिक्षाओं और सामाजिक संदेशों को विशिष्ट भाव-भंगिमाओं और चुटीले संवादों के जरिए जितने सरल और प्रभावी तरीके से इन कठपुतलियों ने पहुंचाया, लोक कलाओं में वैसा दूसरा उदाहरण मिल पाना मुश्किल है। बीस-तीस साल पहले तक कठपुतली का महत्व बरकरार था पर जैसे-जैसे मनोरंजन के आधुनिक साधनों का आगमन हुआ, यह अनूठी कला धीरे-धीरे हाशिए पर चली गई। पहले लोग मनोरंजन के पास चलकर जाते थे लेकिन जब केबल टीवी के तार के जरिए मनोरंजन घर तक पहुंचने लगा तो स्थितियां बदलने लग गईं।

हजारों टेलीविजन चैनलों, सिनेमा, इंटरनेट और सोशल मीडिया के बढ़ते असर से पारंपरिक लोक कलाएं सबसे ज्यादा प्रभावित हुई हैं। पूरा दिन स्मार्ट फोन में घुसे रहने वाले लोग कठपुतली प्रदर्शन देखने जाएंगे, यह सोचना भी व्यर्थ लगता है।

## न्यूज फ्लैश

### हंगामा ओटीटी ने अपनी ओरिजनल सीरीज 'खदान' को रिलीज किया

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे प्रमुख डिजिटल एंटरटेन्मेंट प्लैटफॉर्म में शामिल हंगामा ओटीटी ने 19 मार्च 2025 को अपनी ओरिजनल सीरीज खदान को रिलीज किया। इस सीरीज में अली गोनी मुख्य भूमिका में हैं और उनके साथ करणवीर बोहरा और रेबेका आनंद अहम भूमिकाओं में। कहानी में खदान वाला एक गांव अपने बुरे और भयावह अतीत की वजह से भुतहा हो चुका है। इंस्पेक्टर वीर प्रताप सिंह इस गांव में आता है, ताकि वह आराम से कुछ वक्त बिता सके, लेकिन यहां आकर वह एक रोंगटे खड़े कर देने वाले इंवेस्टिगेशन में लग जाता है। मामला कुछ यूं होता है कि एक परिवार के सभी लोगों की हत्या हो जाती है और सामने होते हैं कई परेशान करने वाले सवाल। क्या कोई रुष्ट आत्मा अपना बदला लेने के लिए आई है? क्या इस गांव को लगा श्राप फिर से जाग्रत हो गया है? इस इंवेस्टिगेशन के बाद जब सैकड़ों लाशें जमीन के नीचे से निकलती हैं तो सवाल खड़े होते हैं कि इन लाशों के पीछे कौन है और इनकी वजह क्या है? जब वीर इस पर से पर्दा उठाने की कोशिश करता है, तो वह रहस्य और धोखे के जाल तक पहुंचता है। वीर एक ऐसे सच का पता लगाने निकलता है जो उसकी परीक्षा लेगा और उसकी जिंदगी को हमेशा के लिए बदल देगा। इस सीरीज के बारे में हंगामा डिजिटल मीडिया के सीईओ सिद्धार्थ रॉय ने कहा, खदान सीरीज के लॉन्च के साथ ही हम हंगामा ओटीटी पर ओरिजनल कॉन्टेंट का एक नया बेंचमार्क सेट कर रहे हैं। यह शानदार सीरीज, रोमांचक, रोचक और बांधने वाली कहानियों के जरिए अपने दर्शकों का मनोरंजन करने की हमारी कोशिश को बताती है। अली गोनी ने कहा, खदान सीरीज में वीर प्रताप सिंह का किरदार निभाना मेरे लिए बहुत खास अनुभव है और यह मेरे दिल के काफी करीब है। इस रोल ने मेरे सामने यह चुनौती रखी थी कि मैं अपने कंफर्ट जोन से बाहर आऊं, एक ऐसे रोल को निभाऊं जो इसके पहले मैंने कभी नहीं निभाया है और हॉरर-थ्रिलर सीरीज में हाथ आजमाऊं। करणवीर बोहरा ने कहा, एक निगेटिव किरदार निभाना हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है। इस तरह के किरदार में कई परतें होती हैं इसलिए उसे निभाने की अपनी चुनौतियां होती हैं, लेकिन मैंने इस किरदार का पूरा आनंद उठाया। ह्यखदानद्ध में एक साथ कई कहानियां चलती हैं और हर कहानी में अलग संघर्ष और अतीत जुड़ा है। दर्शकों के लिए इस सीरीज में यह देखना बहुत दिलचस्प होगा कि किरदार किस तरह अपनी मुश्किलों से जूझते हैं और अपने सच का पता लगाते हैं।

### अमेजन उद्यमिता और वित्तीय साक्षरता को देगी बढ़ावा

**गुरुग्राम ।** अमेजन इंडिया ने 30,000 महिलाओं और युवाओं को अपना व्यवसाय शुरू करने और वित्तीय प्रबंधन सीखने में मदद करने के लिए तीन साल के कार्यक्रम, सक्षमता के लिए उद्यमिता शुरू करने की घोषणा की है। यह कार्यक्रम आजीविका सहायता संगठन, एक्सेस डेवलपमेंट सर्विसेज के सहयोग से चलेगा,



जिसके तहत वहनीय आजीविका के लिए नवोन्मेष को उत्पाद का रूप प्रदान करने में मदद की जाएगी। अमेजन द्वारा सह-निर्मित और वित्तपोषित, यह पहल हरियाणा, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र राज्यों में चलेगी। 20 मार्च, 2025 को गुरुग्राम में लॉन्च कार्यक्रम में विकास विभाग, गुरुग्राम, भारतीय रिजर्व बैंक, राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) और ग्रामीण विकास एवं स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (रुडसेटी) के अधिकारियों सहित प्रमुख हितधारकों ने भाग लिया, जिन्होंने उद्यमियों के विकास से जुड़े अवसरों और इसकी चुनौतियों पर चर्चा की। इस कार्यक्रम का उद्देश्य है, संरचित मेंटरशिप कार्यक्रमों के माध्यम से 3,000 उद्यमियों को व्यवसाय विकास प्रशिक्षण और सहायता प्रदान करना। इसके अलावा, कार्यक्रम में स्मार्टफोन के उपयोग पर ध्यान केंद्रित करते हुए 24,000 प्रतिभागियों को डिजिटल साक्षरता का प्रशिक्षण देने की योजना है, जबकि 22,000 व्यक्तियों को डिजिटल भुगतान प्लेटफॉर्म प्रशिक्षण की सुविधा प्रदान की जाएगी। अमेजन लॉजिस्टिक्स इंडिया के उपाध्यक्ष, डॉ. करुणा शंकर पांडे ने कहा, इस पहल के जरिये हम भारत के उद्यमशील परितंत्र का विस्तार करना, आर्थिक अवसरों को खोलना और 2027 तक हजारों व्यक्तियों को आत्मनिर्भर बनने के लिए सशक्त बनाना चाहते हैं। सामुदायिक स्तर पर बदलाव लाने वाली हमारी इस तरह की पहल उन समुदायों को सशक्त बनाने के लिए डिजाइन की गई है, जिन्हें हम सेवा प्रदान करते हैं, डिजिटल और वित्तीय समावेश में मदद करते हैं और उनके लिए दीर्घकालिक अवसर और लाभ भी सुनिश्चित करते हैं। एक्सेस डेवलपमेंट सर्विसेज के मुख्य कार्यकारी, श्री विपिन शर्मा ने कहा, अमेजन के साथ हमारी 'सक्षमता के लिए उद्यमिता' पहल का उद्देश्य है, महत्वपूर्ण अंतराल को पाटना, महिलाओं और युवाओं को कौशल, वित्त और डिजिटल टूल से लैस करना है ताकि वे फलता-फूलता व्यवसाय स्थापित कर सकें।

# मीडिया कर्मियों लोगों को सच्चाई से अवगत कराना ही धर्मः उपायुक्त

## मीडिया कर्मियों ने प्रशासन के साथ की सरकार की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**मीडिया सूचना का एक** ऐसा माध्यम है जिसका फायदा आम व्यक्ति को धर बैठे मिल रहा है। मीडिया कर्मियों का धर्म, न्यूज की गहराई तक पहुंचना और लोगों को सच्चाई से अवगत करना है। आजकर तो इस माध्यम काई भी वंचित नही है। आधुनिक युग में मीडिया के माध्यम से सूचना मिनटो में आदान-प्रदान कर लोगों तक सूचना पहुंचाने में मीडिया की अहम भूमिका मानी जाती है। औद्योगिक नगरी की मीडिया हमेशा प्रशासन के साथ रही है व सही तरीके से सूचनाओं का आदान प्रदान करती रही है। वर्तमान में भी विभिन्न समाचार पत्रों के प्रतिनिधि इस कार्य को बेहतर तरीके से करके अपनी




भूमिका को पारदर्शी व ईमानदारी पूर्वक कर रहे हैं। उपायुक्त गुरूवार को जिला सचिवालय में इलैक्ट्रोनिक मीडिया और प्रिंट मीडिया के प्रतिनिधियों के साथ वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पानीपत की मीडिया ने ऐसे दौर में भी प्रशासन के साथ पारदर्शिता पूर्वक कार्य किया है। यहां की मीडिया ने बहुत ही समझ , धैय और सौहार्दपूर्ण तरीके से कार्य कर इसमें अपनी बेहतरीन भूमिका निभाई। जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी सुनील बस्ताड़ा ने भविष्य में और भी तीव्रता से इस माध्यम के साथ समन्वय स्थापित करके कार्य करने का उपायुक्त को आश्वासन दिया।

उपायुक्त ने बताया कि वे हमेशा पत्रकारों के साथ समन्वय स्थापित करके कार्य करते रहे हैं। कोई भी खबर चाहे वो प्रशासन से सम्बंधित है या किसी बड़े विषय से जुड़ी हुई है वे हमेशा पत्रकारों को समाचार लिखने से पहले उसकी गहराई तक जाने व सच को आगे रखने की बात करते रहे हैं। इस पर पत्रकारों ने काफी हद तक अमल किया है। भविष्य में भी वे इस विषय को इसी प्रकार डील करके समाज में सकारात्मक संदेश देते रहेंगे। पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र सिंह ने पत्रकरों से वार्ता करते हुए कहा कि आज की आधुनिक मीडिया जो समय के अभाव में ठोस निर्णय तक तो पहुंचती है। उसे सच्चाई का साथ कभी नहीं छोडना चाहिए। पत्रकार की समाज में एक प्रहरी के रूप में स्टीक पहचान है।

## एनएसएस कैडेट्स को साइबर अपराध व साइबर सुरक्षा की जानकारी दी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़ । साइबर थाना** की पुलिस टीम द्वारा आरपीएस कॉलेज बलाना के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के कैडेट्स के लिए साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवा एनएसएस स्वयंसेवकों को साइबर अपराधों के बारे में जागरूक करना और उन्हें साइबर सुरक्षा के महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराना था। कार्यक्रम में साइबर थाना पुलिस टीम से एएसआई इंद्रजीत ने मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया। उन्होंने एनएसएस कैडेट्स को विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों जैसे कि ऑनलाइन धोखाधड़ी, फिशिंग, पहचान की चोरी, डिजिटल अरेस्ट, टास्क फ्रॉड, सोशल मीडिया पर उत्पीड़न और डेटा चोरी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने इन अपराधों के तौर-तरीकों और उनसे बचाव



के उपायों पर भी प्रकाश डाला। टीम ने साइबर सुरक्षा के महत्व पर जोर देते हुए बताया कि आज के डिजिटल युग में अपनी व्यक्तिगत और वित्तीय जानकारी को ऑनलाइन सुरक्षित रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने मजबूत पासवर्ड बनाने, अज्ञात लिंक्स और ईमेल पर क्लिक न करने, सार्वजनिक वाई-फाई का उपयोग न करने और अपने उपकरणों को एंटी-वायरस सॉफ्टवेयर से सुरक्षित रखने जैसे महत्वपूर्ण सुरक्षा उपायों के बारे में जानकारी दी।

### लापता युवक का मिला शव

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। अज्ञात कारणों के** चलते युवक अपने मामा के घर से बिना बताए लापता हो गया था। लेकिन वह घर नहीं पहुंचा। उसका शव बुधवार शाम को गांव के नजदीक एक सूखी नदी में मिला हैं। सदर पुलिस ने वीरवार को नागरिक अस्पताल में पोस्टमॉर्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया हैं। गांव लावण निवासी ओमप्रकाश ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह भारतीय सेना से रिटायर्ड होकर अब खेती-बाड़ी का काम करता है। उसे बुधवार शाम को सूचना मिली कि उसके साढू का लड़का सोनू (24) नयागांव थाना कोसली, जिला रेवाड़ी निवासी है।

## अभियानः 16 बच्चों को बाल श्रम से मुक्त करवाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**मिशन मुस्कान के तहत** मानव तस्करी विरोधी इकाई ने 16 बच्चों को बाल श्रम से मुक्त करवा बच्चों को बाल कल्याण समिति में पेश कर उनकी काउंसलिंग करवाई गई। मुस्कान अभियान के तहत मानव तस्करी विरोधी इकाई (ए.एच.टी.यू.) टीम ने एमडीडी ऑफ इंडिया के साथ मिलकर आज वीरवार 20 मार्च को सनोली रोड से बाल श्रम करते हुए 16 बच्चों को रेस्क्यू करवाकर बाल कल्याण समिति में पेश किया गया ताकि उन्हें समाज की मुख्यधारा में जोड़ा जा सके। इस अभियान के तहत आज एंटी ह्यूमन ट्रैफिक यूनिट की कार्रवाई में इंचार्ज एस आई संदीप



कुमार, एएसआई सुनील कुमार, हेड कांस्टेबल मुकेश चहल और एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था से अजय चौहान मौजूद रहे। संस्था के जिला समन्वयक संजय कुमार ने कहा कि संस्था बाल श्रम रोकने के लिए जिले के अलग-अलग इलाकों में जागरूकता अभियान चला रही है। बाल श्रम निषेध एवं संशोधन अधिनियम के तहत यदि कोई भी व्यक्ति छोटे बच्चों से बाल श्रम करवा रहा हो तो बाल श्रम की गतिविधि में शामिल व्यक्ति के खिलाफ 20 हजार से लेकर 50 हजार रुपए तक की राशि का जुमार्ना व 6 महीने की सजा का प्रावधान है। मुक्त करवाए गए सभी बच्चे बच्चे 13 से 14 साल के हैं। इनके परिवार बिहार और यूपी के रहने वाले हैं और यहां मजदूरी करने आए हैं। ये बच्चे भी गरीबी और अनपढ़ता के चलते बाल श्रम कर रहे थे। बच्चों का कहना था कि वो भी पढ़ना चाहते हैं लेकिन परिवार की आर्थिक हालत के चलते नहीं पढ़ पा रहे। स्टेट क्राइम ब्रांच इंचार्ज एस आई संदीप कुमार ने बताया कि वे अलग-अलग विभागों और संस्थाओं के साथ मिलकर बाल श्रम और बाल भिक्षा वृत्ति मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता अभियान चला रहे है और बच्चों को मुक्त करवा उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने की कोशिशें कर रहे हैं।

### बदमाशों ने सोने की चेन और अंगूठी छीन ली

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
**खरखौदा के हाईवे के** पास बाइक पर बदमाशों ने एक किसान से सोने की चेन और अंगूठी छीन ली और फरार हो गए। थाना खुर्द के रहने वाले पीड़ित कृष्ण चंद्र थाना खरखौदा में शिकायत देकर केस दर्ज करवाया है। थाना खुर्द निवासी कृष्ण चंद्र का कहना है कि वह 17 मार्च को दोपहर अपनी प्लेटिना बाइक से खरखौदा से अपने गांव लौट रहा था। जब वह हाईवे 334बी पर बने एक ब्रेकर पर पहुंचा तो उन्होंने अपनी बाइक धीमी कर ली। इसी दौरान पीछे से आई बाइक के चालक ने उसके पास आकर अपनी बाइक रोकी। वह कुछ समझ पाता इससे पहले ही वह युवक उसके सामने आ गया और कहासुनी करते हुए उसके गले से सोने की चेन व उंगलियों से दो सोने की अंगूठी छीन ली। इसी बीच दूसरा युवक पीछे से आया और दोनों लुटेरे बाइक पर सवार होकर थाना कला की ओर भाग गए। पीड़ित ने घटना की जानकारी परिवार को दी, जिसके बाद उन्होंने खरखौदा और थाना खुर्द में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की, लेकिन लूटेरों की पहचान नहीं हो सकी। कृष्ण चंद्र ने कहा कि वह सामने आने पर लुटेरों को पहचान सकता है। मामले शिकायत पर खरखौदा पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

## भारतीय संस्कृति एवं परंपरा का सम्मान करती है सुनीताः सुनैना

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , (कमाल हुसैन )**
**इनेलो महिला विंग की** प्रधान महासचिव सुनैना चौटाला ने वीरवार को असंध रोड स्थित गांव सौदापुर में ओरेना बैंकट हाल में आयोजित इनेलो के वरिष्ठ नेता प्रेम सिंह भालसी के भतीजे बंटी नैन के शादी समारोह में शिरकत की। पानीपत पहुंचने पर सुनैना चौटाला का इनेलो जिला प्रधान हेमराज जागलान, युवा विंग के प्रदेश महासचिव डा. नवीन नैन भालसी, ग्रामीण हलका प्रधान कुलदीप राठी, राजू नांदल डाहर व रविंद्र



बिंझौल आदि ने स्वागत किया। इस मौके पर पत्रकारों से संक्षिप्त बातचीत में सुनैना चौटाला ने कहा कि भारतीय मूल की बेटी सुनीता विलियम्स की भारतीय समय अनुसार बुधवार को अल सुबह ही अंतर्राष्ट्रीय स्पेश सैंटर सकुशल वापसी हुई है। सुनीता विलियम्स के पिता दीपक पांड्या गुजरात के मेहसाणा के गांव झूलासण के रहने वाले थे और सुनीता का जन्म बेशक अमेरिका में हुआ हो लेकिन सुनीता भारतीय संस्कृति एवं परंपरा का सम्मान करती है। वह अंतरिक्ष में भी अपने साथ श्रीमद भागवत गीता और गणेश की की मूर्ति साथ ले जा चुकी है। यह भारत की आध्यात्मिक विरासत को दशार्ता है। हमें अपने भारतीय मूल की बेटी की सकुशल वापसी पर बेहद खुशी है। हमें सुनीता विलियम्स के साहस व अटूट संकल्प से प्रेरणा लेनी चाहिये। वहीं सुनैना चौटाला ने हाल ही में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा पेश किये गये हरियाणा के बजट को लेकर कहा कि इससे प्रदेश की जनता का भला होने वाला नहीं है। बजट में किसान, मजदूर और छोटे व्यापारियों के लिए कुछ नहीं है। भाजपा सरकार ने जो बजट पेश किया है वो सिर्फ दिखावे मात्र का बजट है। बहुत सारी योजनाओं की घोषणा पहले के बजट में भी की जा चुकी हैं लेकिन अभी तक कुछ काम नहीं किया गया। सुनैना चौटाला ने कहा कि भाजपा ने तो प्रदेश में उनकी सरकार बनने पर 2100 रुपये प्रति माह महिलाओं को देने का वादा किया था।

## जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन रथयात्रा का हुआ भव्य स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। वृंदावन में बांके** बिहारी की कॉरिडोर के साथ-साथ श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन के तहत साधु संतों, सनातनियों और श्रीकृष्ण भक्तों द्वारा चार यात्रा निकाली जा रही है। इसी कड़ी में चार मार्च को द्वारका से मथुरा तक निकाली जा रही पहली यात्रा का राव तुलाराम चौक पहुंचने पर पुष्प वर्षा और फूल माला से भव्य स्वागत और पूजन किया गया। संयुक्त भारतीय धर्म संसद के राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य राजेश्वर एवं मेहंदीपुर बालाजी मंदिर महंत डॉक्टर नरेशपुरी ने बताया कि इस यात्रा से साधु-संतों सहित



श्रद्धालुओं को जोड़ने के लिए पिछले एक साल से संयुक्त भारतीय धर्म संसद के तत्वाधान व मेहंदीपुर बालाजी मंदिर के सानिध्य में अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि श्री कृष्ण जन्मभूमि को अपना अधिकार दिलवाने के लिए भारत के सभी साधु-संत, समाजसेवियों एवं श्री कृष्ण भक्तों को साथ लेकर शीघ्र ही एक बहुत बड़ा आंदोलन किया जाएगा, जिसमें सभी हिंदू शामिल होंगे। इस यात्रा में पहुंचे रामसिंह राजोरिया के द्वारा सबसे छोटी गीता लिखकर एक रिकॉर्ड भी कायम किया गया है। नपा पूर्व प्रधान शकुंतला मित्तल के पुत्र संजय मित्तल ने बताया कि श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन के तहत निकाली गई 20 दिवसीय यह पहली यात्रा चार राज्यों से होकर गुजरेगी। यह यात्रा द्वारका से जामनगर, राजकोट, अहमदाबाद, श्यामलाली, उदयपुर, नाथद्वारा, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, अजमेर, जयपुर, सीकर, हिसार, महेंद्रगढ़, भिवाड़ी, अलवर, बांदीकुई, मेहंदीपुर बालाजी, महुआ, नंदबई, गोवर्धन होते हुए 20 मार्च को मथुरा पहुंचेगी, जिसका समापन मथुरा के गोवर्धन मार्ग पर स्थित जीएस फॉर्म हाउस के सभागार में किया जाएगा। इस मौके पर पूर्व नगर पालिका प्रधान शकुंतला मित्तल, संजय मित्तल, नपा प्रधान रमेश सैनी, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी मुकेश लावनियां, पूर्व प्रधान रीना बंटी, मौजूद रहे।

## गौरैया संरक्षणः ग्रीनमैन प्रो. दलजीत का नया कदम

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**इको क्लब के अंतर्गत** देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय पानीपत में सहायक इतिहास के पद पर कार्यरत ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार ने गौरैया संरक्षण अभियान की शुरूआत करते हुए 21 लकड़ी के घोंसले पक्षी विहार में स्थापित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता को बचाने के उद्देश्य से यह अभियान न केवल गौरैया पक्षी के संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण रहेगा बल्कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में भी सहायक सिद्ध होगा।प्रोफेसर दलजीत कुमार ने कहा कि गौरैया एक समय भारत के हर घर, आंगन और खेतों में



चहकने वाली सबसे सामान्य पक्षी थी। यह पक्षी न केवल हमारी सांस्कृतिक धरोहर का हिस्सा रही है, बल्कि पारिस्थितिकी तंत्र में भी इसकी अहम भूमिका है। लेकिन आधुनिक जीवनशैली, शहरीकरण और मोबाइल टावरों से निकलने वाले रेडिएशन के कारण गौरैया की संख्या में भारी गिरावट आई है। पिछले कुछ दशकों में गौरैया की संख्या 60 प्रतिशत से अधिक घट चुकी है, जो एक गंभीर चिंता का विषय है। वर्ष 2010 में नेचर फॉरएवर सोसाइटी के संस्थापक मोहम्मद दिलावर के प्रयासो से गौरैया के संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए 20 मार्च को "विश्व गौरैया दिवस" के रूप में घोषित किया गया। इसके बाद से हर वर्ष इस दिन गौरैया को बचाने के लिए विभिन्न अभियान चलाए जाते हैं। उप-प्राचार्या प्रोफेसर रितु नेहरा ने कहा कि ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार का गौरैया बचाओ अभियान काबिलेतारीफ कदम है। लोगों को गौरैया संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए स्कूलों, कॉलेजों और सामाजिक संस्थानों में अभियान चलाए जाने चाहिए जिससे गौरैया बचाओ अभियान को बल मिल सके। डॉ तकदीर सिंह ने कहा कि गौरैया केवल एक पक्षी नहीं, बल्कि हमारे पर्यावरण का अभिन्न हिस्सा है।

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने जनकल्याण शिव शक्ति महायज्ञ में डाली आहुतियां

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्रः वे लोग बड़े भाग्यशाली** हैं जिन्हें धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में चल रहे महायज्ञ में आहुति डालने का अवसर मिल रहा है। यह महायज्ञ पूरे विश्व में शांति की स्थापना, देश में सद्भावना, राष्ट्र प्रेम, वातावरण की शुद्धता और सनातन की पताका को विश्व स्तर पर फैलाने के उद्देश्य से आयोजित हो रहा है। ये कहना है भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडोली का। वे वीरवार सुबह कुरुक्षेत्र के केशव पार्क में चल रहे 1008 कुण्डीय जनकल्याण शिव शक्ति महायज्ञ में भाग लेने पहुंचे थे। उन्होंने पूरे विधि विधान से यज्ञ



सम्राट स्वामी हरिओम जी महाराज के सान्निध्य में महायज्ञ में शामिल होकर पूजा अर्चना की और यज्ञ में आहुतियां भी डालीं। उनके साथ महा यज्ञ में अखिल भारतीय किसान संघ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्रीनिवास, भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष साहिल सुधा ने भी पूजा अर्चना करते हुए आहुतियां डालीं। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि यज्ञ सम्राट हरिओम जी महाराज देशभर के 24 राज्यों में अब तक 101 महायज्ञ कर चुके हैं, इनका संकल्प भारतवर्ष में 108 महायज्ञ करने का है। कुरुक्षेत्र में हो रहा ये महायज्ञ 102वाँ महायज्ञ है जिसको लेकर देश भर के धर्मप्रेमियों में भारी उत्साह है। इस महायज्ञ में संपूर्ण भारतवर्ष से केंद्रीय मंत्री, प्रदेश सरकार के मंत्री, संत महात्मा, ऋषि, महंत, ब्राह्मण, सनातनी भक्तजन शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस महायज्ञ से पूरे विश्व में सनातन और शांति का संदेश जाएगा। गौरतलब है कि इस महायज्ञ में हर रोज एक लाख आहुतियां डाली जा रही हैं। 27 मार्च तक चलने वाले महायज्ञ को पूरा करवाने के लिए देश भर से 1200 प्रकांड ब्राह्मण व 1500 विद्वान कुरुक्षेत्र में पहुंचे हुए हैं। लोगों में भी महायज्ञ के प्रति गहरी श्रद्धा व उत्साह दिखाई दे रहा है।

**प्रतिदिन सुबह से दोपहर तक हो रहा यज्ञ, फि र श्रीराम कथा, फिर दिव्य महाआरती**

गौरतलब है कि यज्ञशाला में 26 मार्च तक सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक शिव शक्ति महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। 27 मार्च को यज्ञ एवं पूर्ण आहुति के साथ महायज्ञ संपन्न होगा। इसी प्रकार प्रतिदिन शाम 3 बजे से 5 बजे तक पूर्व डीजीपी आरसी मिश्रा द्वारा श्री राम कथा का आयोजन हो रहा है। प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से देर रात्रि तक दिव्य महाआरती स्वामी हरिओम जी द्वारा की जा रही है। इस दिव्य महाआरती में भारी संख्या में श्रद्धालु उमड़ रहे हैं।

## किसान महापंचायत के लिए करनाल से रवाना हुआ किसानों का जत्था

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। केंद्र सरकार की** नई राष्ट्रीय कृषि मंडीकरण नीति के विरोध में संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर भारतीय किसान यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष रतनमान के नेतृत्व में किसान सीएचडी सिटी से पीपली के ताऊ देवीलाल पार्क में आयोजित होने वाली किसान महापंचायत के लिए रवाना हुए। महापंचायत के पश्चात किसान मुख्यमंत्री आवास पहुंच ज्ञापन देने के लिए रवाना होंगे। इस दौरान किसानों ने सरकार विरोधी नारे लगाते हुए जमकर रोष जताया। भाकियू प्रदेश अध्यक्ष रतनमान ने कहा कि सरकार द्वारा किसानों पर जबरन थोपी जा रही नीतियों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सरकार को तुरंत प्रभाव से नई राष्ट्रीय कृषि मंडीकरण के फैसले को वापिस लेना चाहिए। इसी मांग को लेकर किसान सीएम आवास पर प्रदर्शन करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार पुराने तीनों कानूनों को फिर से किसानों पर थोपना चाह रही है। नई राष्ट्रीय कृषि मंडीकरण नीति उन्हीं तीनों कानूनों का एक तरह का प्रारूप है, जो किसानों को बर्बाद करने वाला है। उन्होंने कहा कि सरकार तुरंत प्रभाव से पंजाब सरकार की तरह इस पॉलिसी को रद्द करे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जारी की गई नई राष्ट्रीय कृषि मंडीकरण नीति को हरियाणा विधानसभा में चालू बजट सत्र के दौरान प्रस्ताव पारित कर रद्द किया जाए और इसे प्रदेश में लागू न किया जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार यह नीति औद्योगिक घराने के लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए लाई है, जिससे अनाज मंडियां खत्म हो जाएंगी। सरकार को चाहिए कि मंडियों का और किसानों को मिलने वाली सुविधाओं का ज्यादा से ज्यादा विस्तार करे।

## न्यूज फ्लैश

### पर्यटक देखने के लिए पहुंचेंगे भव्य और सुंदर महाभारत अनुभव केन्द्र ज्योतिसर को: नेहा

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र** : उपयुक्त नेहा सिंह ने कहा कि सरकार की तरफ से गीता स्थली ज्योतिसर में देश का सबसे भव्य और सुंदर महाभारत अनुभव केन्द्र का निर्माण किया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट पर सरकार की तरफ से करीब 205 करोड़ रुपए का बजट खर्च किया जा रहा है। इस महाभारत अनुभव केंद्र ज्योतिसर को देखने के लिए देश विदेश से लाखों की संख्या में पर्यटक पहुंचेंगे। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि सरकार की तरफ से ज्योतिसर तीर्थ को विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है, इसलिए इस लिहाज से इस तीर्थ की सफाई व्यवस्था की जानी चाहिए, घाटों को स्वच्छ बनाया जाए, पर्यटकों को गाइड करने के लिए अच्छे गाइड की व्यवस्था की जाए और सबसे ज्यादा फोकस पार्किंग पर रखा जाए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस विश्व स्तरीय संग्रहालय का निर्माण कार्य जल्द पूरा किया जाए। निमार्णाधीन संग्रहालय के चारों तरफ सौंदर्यीकरण पर भी फोकस रखने के निर्देश देते हुए कहा कि लंबित विकास कार्यों को जल्द पूरा किया जाए। उपायुक्त ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने ज्योतिसर की पावन धरा पर गीता के उपदेश दिए थे। इस लिहाज से ज्योतिसर और कुरुक्षेत्र को सरकार की तरफ से विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है। इस ज्योतिसर में निमार्णाधीन प्रोजेक्ट पर सरकार ने सैंकडों करोड़ रुपए खर्च किए है, इसे भव्य और सुंदर बनाया जाएगा ताकि देश विदेश के कोने-कोने से पर्यटक इस तीर्थ स्थल का अवलोकन करके यहां से महाभारत के दौरान दिए गए उपदेशों के अनुभव को अपने साथ ले जा सके। उन्होंने कहा कि प्रशासन का प्रयास है कि पवित्र ग्रंथ गीता के उपदेश जन-जन तक पहुंचे और समाज के लोग इन उपदेशों को अपने जीवन में धारण कर सके और देश के विकास में निस्वार्थ भाव से अपना योगदान दे सके।

### नवीन जिन्दल मोबाइल मेडिकल युनिट के माध्यम से लोग ले रहे हैं स्वास्थ्य लाभ : धर्मवीर सिंह

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर



**कुरुक्षेत्र**: सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्धेश्य से तीन मोबाइल मेडिकल युनिट चलवाई जा रही हैं। इस योजना के अंतर्गत ये मोबाइल मेडिकल युनिट पूरे क्षेत्र के गांवों-कस्बों में जाकर लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया करवा रही हैं। इसी कड़ी में मोबाइल मेडिकल युनिट ने आज सुबह थानेसर हल्के के दबखेड़ी और दोपहर बाद जोगनाखेड़ा में पहुंच कर लोगों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया। नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा संचालित इस मोबाइल मेडिकल युनिट में, एमबीबीएस डॉक्टर द्वारा परामर्श और जांच के बाद नि:शुल्क दवाइयां वितरित की जाती है। इस मौके पर रक्त और युरिन के टेस्ट भी किये जाते हैं। इन मोबाइल मेडिकल युनिट के संचालन पर प्रकाश डालते हुए सांसद नवीन जिन्दल के कार्यालय प्रभारी श्री धर्मवीर सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल ने क्षेत्र के लोगों को ज्यादा से ज्यादा स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्धेश्य से इन मोबाइल मेडिकल युनिट की शुरूआत की है।

# गुरुकुल में प्रवेश हेतु 'शिक्षा उत्सव' का भव्य आयोजन

## छात्रों का सर्वांगीण विकास गुरुकुलीय शिक्षा प्रणाली से ही संभव-आचार्य देवव्रत

**शिक्षा प्रणाली**

**आधुनिक शिक्षा से आज बच्चे डॉक्टर, इंजीनियर व दूसरे क्षेत्रों में अपना भविष्य तो बना रहे हैं**



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र** : प्राचीन समय में हमारे देश ऋषि-मुनि द्वारा गुरुकुलों में ही बच्चों को शिक्षित किया जाता था क्योंकि गुरुकुलीय शिक्षा प्रणाली से बच्चे का सर्वांगीण विकास सम्भव है। उक्त शब्द गुरुकुल कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित गुरुकुल शिक्षा उत्सव में अपने बच्चों के साथ पधारे हजारों अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए गुरुकुल कुरुक्षेत्र के संरक्षक एवं गुजरात के राज्यपालश्री आचार्य देवव्रत जी ने कहे। उन्होंने कहा कि आधुनिक शिक्षा से आज बच्चे डॉक्टर, इंजीनियर व दूसरे क्षेत्रों में अपना भविष्य तो बना रहे हैं मगर युवा पीढ़ी में संस्कारों की कमी स्पष्ट देखी जा रही है, देश में बढ़ते वृद्धाश्रमों की संख्या इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। गुरुकुल में छात्रों को अक्षरज्ञान के साथ पुरातन संस्कारों की अमूल्य धरोहर प्रदान की जाती है जिससे वे बड़े होकर सभ्य समाज के निर्माण में अपना योगदान दें, अपने कर्त्तव्यों का पालन करने हुए बुढ़ापे में अपने मां-बाप की सेवा करें। इस अवसर पर ओएसडी टू गर्वनर डॉ. राजेन्द्र विद्यालंकार, गुरुकुल कुरुक्षेत्र के निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार, गुरुकुल नीलोखेड़ी के शिवकुमार आर्य, अजुर्नेदव आर्य, गुरुकुल ज्योतिसर के प्राचार्य सचिन आर्य, आर्यकुलम् नीलोखेड़ी के प्राचार्य दिनेश राणा आदि मौजूद रहे।

राज्यपाल आचार्य श्री देवव्रत जी ने कहा कि मोबाइल आज अभिभावकों के लिए एक चुनौती बन गया है क्योंकि बच्चे मोबाइल के आदि हो रहे है। इसके अलावा युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति भी समाज के लिए घातक बनती जा रही है। ऐसे में बच्चों को संस्कारवान् बनाना, उन्हें मानवीय मूल्यों से परिपूर्ण करना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। गुरुकुलों में ह्यसेवा, सुरक्षा, शिक्षा और संस्कारह्ल के ध्येय वाक्य के अनुरूप छात्रों का सर्वांगीण विकास किया जा रहा है, जिससे यहां के बच्चे शिक्षा के साथ-साथ प्रत्येक क्षेत्र अग्रणी रहते हैं। आज प्रत्येक अभिभावक अपने बच्चे को गुरुकुल कुरुक्षेत्र में प्रवेश दिलाना चाहता है, क्योंकि उन्हें पूर्ण विश्वास है उनके बच्चों का वर्तमान और भविष्य दोनों गुरुकुलीय शिक्षा से ही सुरक्षित हैं।

डॉ. राजेन्द्र विद्यालंकार ने कहा कि एनडीए, आईआईटी, एनआईटी, नीट आदि विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी गुरुकुल कैम्पस में ही अनुभवी शिक्षकों द्वारा दी जाती है। इस वर्ष गुरुकुल कुरुक्षेत्र से 10 छात्र और गुरुकुल ज्योतिसर से 4 छात्रों का चयन एनडीए में हुआ है वहीं आईआईटी में कई छात्र गये हैं। अभिभावक अपने बच्चे के भविष्य को लेकर निश्चिंत रहें। उन्होंने स्पष्ट किया कि गुरुकुल कुरुक्षेत्र, चमनवाटिका कन्या गुरुकुल अंबाला, गुरुकुल नीलोखेड़ी, आर्यकुलम् नीलोखेड़ी और गुरुकुल ज्योतिसर के अलावा गुरुकुल के नाम से चलने वाले किसी भी शिक्षण संस्थान से आचार्य देव्रवत जी का कोई लेना-देना नहीं है, अभिभावक किसी के बहकावे में आकर अपने बच्चे के भविष्य के साथ खिलवाड़ न करें।

# सीक्रेट ऑफ हैप्पीनेस विषय पर कार्यक्रम आयोजित



टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला**: ब्रहमाकुमारीज शांतिधाम, 36-37, दयाल बाग द्वारा रेलवे कॉलोनी, अंबाला कैंट में *सीक्रेट ऑफ हैप्पीनेस* विषय पर बहुत सुंदर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शैली दीदी ने इस विषय पर बताते हुए कहां की आज हर परिस्थिति में खुश रहना बहुत बड़ी चुनौती लगती है, लेकिन जीवन में कुछ सकारात्मक चीजों को उतार कर हमेशा खुश रहा जा सकता है। खुश रहना अच्छी सेहत की निशानी है। ऐसा होना चाहिए ऐसा नहीं होना चाहिए, अगर हम सोचें कि सब कुछ हमारे हिसाब से हो और सारी परिस्थितियां हमारे अनुकूल हो, तो ऐसा सोचने से हमें खुशी नहीं मिलेगी, इससे बाहर की खुशी

**सकारात्मक**

**खुश रहना बहुत बड़ी चुनौती लगती है, जीवन में सकारात्मक चीजों को उतार कर खुश रहा जा सकता है**

यानी क्षणिक खुशी मिलेगी, आंतरिक खुशी नहीं मिलेगी। खुश रहने का बहुत ही सरल फॉमूर्ला है, जो बातें हमें दुखी करती हैं, हमें उन्हें पकड़ कर नहीं बैठ जाना चाहिए। हमेशा सकारात्मक रहें और क्रोध को काबू में रखें। दूसरों के गुस्सा दिलाने पर गुस्सा होने का मतलब है हम दूसरों के हाथों की कठपुतली हैं। हम जितनी नकारात्मक बातों से दूर रहेंगे सुख हमारे उतने करीब रहेंगे।

# संदिग्ध हालत में नहर में मिला युवक का शव, नहीं हो सकी शिनाख्त

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत: मोहाना** थाना क्षेत्र के गांव सिटावली के पास पश्चिमी यमुना लिंक नहर में संदिग्ध हालत में युवक का शव मिलने की सूचना मिली। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। पुलिस टीम मामले की जांच कर रही है। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। मंगलवार दोपहर बाद मोहाना थाना

**जांच जारी**

**सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है**

पुलिस को सूचना मिली कि पश्चिमी यमुना लिंक नहर में एक युवक का शव पड़ा है। सूचना मिलते ही एसआई रमेश कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को बाहर निकलवाया। शव की पहचान का प्रयास किया गया, लेकिन पहचान नहीं हो सकी। शव पानी में पड़ा रहने के कारण फुल गया है। युवक की उम्र करीब 32 से 35 वर्ष के बीच है।

# मानवीय जीवन में सनातन धर्म एवं संस्कृति का बोध है: डा. श्रीप्रकाश मिश्र

**महत्व**

**मूल्यों का निर्माण एवं संरक्षण मनुष्य का महत्वपूर्ण प्रयोजन है। मानवीय मूल्यों का जितना अधिक महत्व होगा**



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र** : मानवीय मूल्यों का अपना महत्व है एक अच्छा व्यक्ति ही अच्छी चीजों की पहचान कर सकता है । मूल्यों का निर्माण एवं संरक्षण मनुष्य का महत्वपूर्ण प्रयोजन है। मानवीय मूल्यों का जितना अधिक महत्व होगा, उनका जितना अधिक ध्यान रखा जाएगा उतना ही बेहतर समाज का निर्माण होगा।मानव जीवन का आधार धर्म है। जहां मानव मूल्य नहीं हैं, वहां धर्म भी नहीं है। सनातन धर्म की उत्तमता इसलिए है, क्योंकि यह धर्म को आधार बनाकर चलती है। यह विचार मातृभूमि शिक्षा मंदिर द्वारा सनातन संस्कृति में मानवीय जीवन मूल्य एवं परिवार प्रबंधन विषय पर आयोजित जीवन संवाद कार्यक्रम में मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने व्यक्त किये। कार्यक्रम का शुभारम्भ मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों द्वारा लोकमंगल के निमित्त ईश वंदना से हुआ।

डा. श्रीप्रकाश मिश्र भी विद्यार्थियों को सनातन संस्कृति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा मानव के मूल्यों में मनुष्य की अवधारणा, विचार, विश्वास, मनोवृत्ति, आस्था या निष्ठा आदि मानवीय गुणों का समावेश होता है। ये मानव मूल्य एक ओर व्यक्ति के अन्तःकरण द्वारा नियन्त्रित होते हैं तो दूसरी ओर इनके द्वारा उसकी संस्कृति एवं परम्परा क्रमशः निस्तृत एवं परिपोषित होती हैं।मानवीय मूल्यों के उत्थान का आधार मानवीय जीवन में सनातन धर्म एवं संस्कृति का बोध है।धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की बात करते हुए, आज की दुनिया काम और क्रोध के मायाजाल में फंसी हुई है और पूरी तरह अंधकार की ओर जा रही है। ऐसी दुनिया में, सनातनी परंपरा के महान ऋषियों के त्याग और तपस्या का स्वरूप धर्म के चार पुरुषार्थों के सिद्धांत में छिपा हुआ है, जिसमें पूरी मानवता के कल्याण का मार्ग है।वैदिक सनातन धर्म संस्कृति में जीवन मूल्यों का संवर्धन, पारमार्थिक प्रवृत्तियों का प्रसार एवं समष्टि कल्याण के स्वर सहज समाहित हैं।

# नौकरी लगवाने के नाम पर छह युवकों से लाखों की ठगी

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत: मुरथल** थाना क्षेत्र के गांव में सगे भाइयों पर अपने मामा के साथ मिलकर नौकरी लगवाने के नाम पर लाखों रुपये की राशि के ठगने का मामला सामने आया है। ठगों ने नौकरी के नाम पर छह युवकों को ठग लिया। पीड़ित युवक ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। पुलिस आरोपित सगे भाइयों सहित उनके मामा की तलाश कर रही है। गांव मुरथल निवासी सतेंद्र कुमार ने बताया कि करीब छह माह पहले उसकी पहचान गांव ललित के साथ हुई। ललित ने हेल्थ विभाग में बतौर चालक की नौकरी लगवाने की बात कही। ललित ने इसके लिए रुपये की मांग की। जिस पर उसने आठ मई, 2024 को बैंक से निकाल कर 90 हजार और दोस्त से उधार लेकर दो लाख दस हजार रुपये

**शिकायत**

**ठगों ने नौकरी के नाम पर छह युवकों को ठग लिया। पीड़ित युवक ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी**

ललित के खाते में जमा करवा दिए। इसके बाद 10 जून को एक लाख पचास हजार रुपये निकाल कर फिर से ललित के बैंक खाते में जमा करवा दिए। ललित ने और रुपये मांगे तो उसने 21 अगस्त को 40 हजार रुपये और जमा करवा दिए। ललित ने कई बार में उससे आठ 8,03500 रुपये की राशि ले ली। इसके बाद ललित ने उससे एडमिट कार्ड भी दे दिया। इस बारे में पूछने पर ललित ने बताया कि उसने परीक्षा किसी और से दिलाई है। उसने एक व्यक्ति को हेल्थ विभाग का सुपरिटेंडेंट के तौर पर परिचय करवा कर उससे मुलाकात करवाई। जिस पर उसे यकीन हो गया। बाद में पता चला कि ललित आसपास के गांवों के रहने वाले कई युवकों के रुपये लेकर भाग गया। वह घर गया तो उसकी मां गीता ने कहा कि ललित यहां नहीं रहता। गांव के आसपास के लोगों से पता किया तो जानकारी मिली कि ललित आसपास के गांवों के कई युवकों से नौकरी के नाम पर ठगी कर भाग गया है। इस दौरान पता चला कि जिससे सुपरिटेंडेंट के तौर पर मिलाया था वह उसका मामा अशोक था।

# चोरी का मुकदमा दर्ज करने की आरोपित व पांच हजार रुपये की ईनामी महिला गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत: मुरथल** थाना क्षेत्र में धोखाधड़ी से ट्रक बेचने के बाद चोरी का मुकदमा दर्ज कराने के मामले में आरोपित पांच हजार की इनामी महिला आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित मंजू उर्फ कोमल निवासी सेक्टर-3 रोहणी दिल्ली की है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां उसे जमानत मिल गई। गांव असावरपुर निवासी जेंद्र कुमार ने 24 दिसंबर, 2020 को मुरथल थाना पुलिस को बताया था कि आहुलाना निवासी अजय कुमार ने अपना ट्रक उन्हें दे रखा था। ट्रक को उसने 15

**काबू**

**गिरफ्तार आरोपित मंजू उर्फ कोमल निवासी सेक्टर-3 रोहणी दिल्ली की है**

दिसंबर, 2020 को मुरथल रोड पर अमूल फैक्टरी के पास खड़ा कर दिया था। 18 दिसंबर, 2020 को रात साढ़े नौ बजे ट्रक गायब मिला था। मुरथल थाना में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामला संदिग्ध मिलने पर पुलिस ने 27 जनवरी, 2021 को जेंद्र को गिरफ्तार कर लिया था। तब उसने बताया था कि उसने मंजू नाम की महिला संग मिलकर ट्रक को यूपी के मुरादाबाद के नईम को बेच दिया था। मामले में धोखाधड़ी व अन्य धारा जोड़ी गई थी। मामले में मंजू के अग्रिम जमानत मिल गई। उसे शामिल जांच होने कहा गया था, लेकिन वह बहाना बनाकर चली गई थी। मामले में नईम को भी जांच में शामिल कर लिया गया था। मामले में मंजू के भूमिगत होने के बाद उसकी गिरफ्तारी पर पांच हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। जिस पर मंगलवार को पुलिस ने मंजू को गिरफ्तार कर लिया।

# पुलिस अधीक्षक ने पदोनत पर्यवेक्षकों को स्टार लगाकर दी बधाईयाँ

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र** : जिला पुलिस कुरूक्षेत्र के उप निरीक्षक जोगिन्द्र सिंह, धर्मपाल व नारायण सिंह को पर्यवेक्षक बनाया गया है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस महानिदेशक हरियाणा एवं पुलिस महानिरीक्षक अम्बाला मंडल अम्बाला से उपनिरीक्षक राम करण को पर्यवेक्षक पद पर नियुक्त करने का आदेश प्राप्त हुआ। पुलिस महानिदेशक कुरुक्षेत्र श्री वरुण सिंगला ने उप निरीक्षक जोगिन्द्र सिंह, धर्मपाल व नारायण सिंह को अभिनय पर्यवेक्षक पद पर नियुक्त किया।

# पत्नी की हत्या करने के दोषी को उम्रकैद की सजा

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत: बरोदा** थाना क्षेत्र के गांव गंगाना में घरेलू कलह के चलते पत्नी की हत्या करने के आरोपित पति को अदालत ने दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ.जसबीर सिंह की अदालत ने दोषी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर पचास हजार रुपये जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना राशि अदा न करने पर दोषी को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। वारदात को अंजाम देने के बाद महिला का पति खुद पुलिस चौकी में पहुंचा था। जहां वारदात के बारे में पुलिस को खुद ही जानकारी दी थी। अदालत ने दोषी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। गांव मांडौठी झज्जर निवासी मुकेश रानी ने 29 फरवरी, 2020 को बरोदा थाना पुलिस को शिकायत देकर बताया था कि उसकी बड़ी बेटी हंसा की शादी 13 साल पहले गांव गंगाना निवासी संदीप के साथ की थी। शादी के बाद दंपती के दो बच्चे हैं। संदीप और हंसा में छोटी-छोटी बातों को लेकर अक्सर कहासुनी होती रहती थी। धीरे-धीरे यह घरेलू कलह बढ़ती गई। घटना के दिन दोनों घर पर अकेले थे। बच्चे घर से बाहर गए थे। इसी दौरान दोनों में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। संदीप ने आवेश में आकर घर में रखा धारदार हथियार (दाव) से हंसा के गले को काट दिया था। हंसा

**दोषी**

**में घरेलू कलह के चलते पत्नी की हत्या करने के आरोपित पति को अदालत ने दोषी करार दिया है**

की मौके पर ही मौत हो गई। घटना को अंजाम देकर संदीप सीधा बरोदा थाना की बुटाना पुलिस चौकी पहुंचा था और पुलिस को इसकी सूचना दी थी। इसके बाद तत्कालीन बुटाना चौकी प्रभारी संजय ने बरोदा थाना प्रभारी राजेश कुमार को अवगत कराया था। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी। आरोपित संदीप ने खुद अपने घर का ताला खोला था। अंदर हंसा का शव पड़ा था। उनकी गर्दन व धड़ अलग-अलग थे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया था और एफएसएल की टीम ने भी मौके पर पहुंच कर साक्ष्य जुटाए थे। संदीप की सास मुकेश ने दामाद के साथ ही ससुराल पक्ष के पांच लोगों के खिलाफ हत्या व षड्यंत्र का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस जांच में अन्य की भूमिका नहीं मिली थी। पुलिस ने संदीप को गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त दाव को बरामद कर लिया था। घटना के समय संदीप व हंसा की बड़ी बेटी रितु (10) चौथी कक्षा व बेटा रोहित (8) दूसरी कक्षा में पढ़ता था।

# नागरिक अस्पताल में प्रदेश अध्यक्ष व मेयर का औचक निरीक्षण

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत: प्रदेश** के सरकारी अस्पतालों में सबको अच्छी सुविधाएँ मुहैया हो, सबका समय पर इलाज हो और मरीज व उनके परिजनों को किसी तरह की असुविधा का सामना ना करना पड़ें, इस उद्देश्य के साथ भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडौली सोनीपत के सिविल अस्पताल में औचक निरिक्षण करने पहुंचे। वहीं बुधवार को सुबह आठ बजे नवनिर्वाचित मेयर राजीव जैन अस्पताल में पहुंचे। जहां मरीजों से बातचीत कर अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं से रूबरू हुए। अस्पताल में कई साल से अल्ट्रासाउंड केंद्र बंद पड़ा है। वहीं जिले में स्थाई तौर से जिला स्वास्थ्य अधिकारी की तैनाती नहीं है। अस्पताल में प्रधान चिकित्सक अधिकारी का पद खाली होने के चलते कई विभागों में चिकित्सकों का टोटा बना हुआ है। अस्पताल में निरीक्षण करने पहुंचे नेताओं ने जल्द से जल्द समस्याओं को दूर करने की बात कही है।

बता दें कि बुधवार को नागरिक अस्पताल में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली औचक निरीक्षण करने के लिए पहुंचे। जहां उन्होंने कहा कि अस्पताल प्रशासन के खिलाफ लगातार मिल रही शिकायतों के बाद उन्होंने अस्पताल का दौरा किया है। वहीं अस्पताल में इलाज कराने आए मरीजों और उनके परिजनों से मुलाकात कर प्रदेश अध्यक्ष ने उनका हाल चाल जाना। बड़ौली ने मरीजों व उनके परिजनों से अस्पताल की

**निरीक्षण**

**अस्पतालों में सबको अच्छी सुविधाएँ मुहैया हो, सबका समय पर इलाज हो और मरीज को असुविधा का सामना ना करना पड़ें**

व्यवस्थाओं और सुविधाओं के बारे में फीडबैक लिया। इस दौरान दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने आए लोगों ने भाजपा अध्यक्ष को दिव्यांग पत्र बनने में देरी होने की जानकारी दी। इसके बाद भाजपा अध्यक्ष ने नाराजगी जताते हुए अस्पताल प्रशासन को आड़े हाथों लिया और दो टूक कहा कि अस्पताल में आने वाले मरीज के साथ किसी भी तरह की असुविधा को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अस्पताल प्रशासन को फटकार लगाते हुए उन्होंने कहा कि वो ये सुनिश्चित करें कि किसी भी मरीज या उनके परिजन को किसी तरह की परेशानी नहीं हो। नए डॉक्टरों की नियुक्तियां की गई है। सरकार बेहतर चिकित्सा सुविधाएं देने के लिए प्रयासरत है।

**नवनिर्वाचित मेयर ने किया अस्पताल का दौरा**- नगर निगम के मेयर एवं मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन बुधवार को सुबह आठ बजे सिविल अस्पताल के दिव्यांग नागरिकों की शिकायत सुन रहे थे। राजीव जैन ने बताया कि मुझे कई दिनों से शिकायतें मिल रही थी कि दिव्यांग बहुत परेशान हैं और सुबह सुबह पांच बजे कतारों में लगने के बाद भी उनका नंबर नहीं आता। राजीव जैन ने हस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर जयंत आहूजा तथा उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर स्वराज से बातचीत की और समस्या का जल्द से जल्द समाधान करने को कहा। दिव्यांग सेवा समिति के प्रधान सुधीर भाम्बरी ने बताया कि दिव्यांगों की जाँच के लिए एक ही डॉक्टर है और वह सप्ताह में एक दिन 30 से 40 मरीजों को ही देख पाता है। कई बार डॉक्टर की कोई ड्यूटी आ जाये तो मरीजों को मुंह लटकाकर वापिस जाना पड़ता है। दिव्यांग नागरिकों ने बताया कि उन्हें अपनी सहायता के लिए एक सहयोगी को साथ में लाना पड़ता है और किसी की विकलांगता गंभीर हो तो वाहन भी किराये पर लेकर आना पड़ता है।

# कंपनी से स्टील स्क्रैप खरीदते समय धोखाधड़ी करने की वारदात में शामिल तीन गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत: मुरथल** थाना पुलिस ने कंपनी से स्टील स्क्रैप खरीदते समय धोखाधड़ी करने की वारदात में शामिल तीन आरोपितो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित शोएब, मनीष निवासी गाजियाबाद यूपी व इरशाद निवासी मुजफ्फरनगर यूपी का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से आरोपित इरशाद को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। जबकि दो आरोपितों को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। मुकंदपुर झज्जर निवासी दिनेश ने 18 मार्च को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह बतौर

**जांच**

**जांच अधिकारी ने बताया कि मामले में कार्रवाई करते हुए तीन आरोपितो को काबू कर लिया**

हेड के तौर पर धतुरी कंपनी में तैनात है। उनकी कंपनी से एसआर इंटर प्राइज हिंडन विहार गाजियाबाद कंपनी से स्टील की स्क्रैप खरीदकर ले गए है। गत 10 मार्च को कंपनी में गाड़ी चालक मनीष, शोएब जाकिर कंपनी में स्क्रैप लेने के लिए आए हुए थे। खाली गाड़ियों को कांटा करवाया गया। उनकी कंपनी की तरफ से अंकुश व अन्य कर्मचारी साथ में जाकर कांटा करवाते है। उन्हें शक हुआ कि गाड़ी के कांटे के वजन में काफी अंतर है। कंपनी के विनोद को कांटा करवाने के लिए भेजा गया। गाड़ी चालक व मालिक विनो को कांटे पर उतारकर माल सहित भाग गए। जानकारी मिली कि आरोपित एक गाड़ी के साथ दूसरी गाड़ी लेकर आते है। खाली का कांटा व भरी हुई का कांटा अलग-अलग करवाते है। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी उप निरीक्षक सुमित ने बताया कि मामले में कार्रवाई करते हुए तीन आरोपितो को काबू कर लिया।

# रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने का सर्वोत्तम उपाय योग: प्रो. दिनेश राणा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र, 20 मार्च। कुरुक्षेत्र** विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में रेड रिबन क्लब, यूथ रेड क्रॉस आई .आई .एच एस एवं आईसीटीसी कुरुक्षेत्र के संयुक्त तत्वाधान में जिला स्तरीय ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में यूथ रेड क्रॉस कॉर्डिनेटर प्रो. दिनेश राणा ने राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावनाओं को आचरण में लाने के लिए प्रेरित किया और अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने का सर्वोत्तम उपाय



योग को बताया। विशिष्ट अतिथि प्रो रीटा दलाल ने रेड रिबन क्लब की गतिविधियों की जानकारी प्रदान की साथ ही साथ व्यक्तित्व विकास के गुण सिखाए। प्रो. निरुपमा भट्टी ने रेड रिबन क्लब बनाने, उद्देश्य व कार्य की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि रेड रिबन में लाल रंग एचआईवी/एडस पीड़ितो के लिए सहनशक्ति और पीड़ा का प्रतीक और दूसरी तरफ युवाओं के लिए ऊर्जा और जागरूकता का प्रतीक है। एचआईवी एड्स विषय पर काउंसलर बलविंदर ने एड्स से जुड़ी भ्रांतियां के ऊपर प्रकाश डाला। काउंसलर निशा एवं डॉ. मंजू नरवाल के सानिध्य में पोस्टर बनाओ एवं नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कुरुक्षेत्र के 10 महाविद्यालय से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। नारा लेखन प्रतियोगिता में आईआईएचएस से राधिका ने प्रथम, सियास्ते कुरुक्षेत्र से अंजलि ने द्वितीय, आईआईएचएस से कीर्ति शर्मा तृतीय स्थान पर रही। पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता में सियास्ते कुरुक्षेत्र से ईशा प्रथम, चितरंजना दयानंद महिला महाविद्यालय से द्वितीय, व आईआईएचएस से प्राची गौतम तृतीय स्थान पर रही। निर्णायक मंडल के रूप में डॉ रजनी गोयल, डॉ ऋतु सैनी, डॉ. ज्योति चौहान, डॉ. संतोष कुमार, डॉ. वीर विकास व डॉ. कविता ने अपनी सेवाएं प्रदान की।
इस अवसर पर नोडल अधिकारी डॉ. निरुपमा भट्टी, डॉ. मंजू नरवाल, डॉ. सीमा पांडे, डॉ. रीटा, डॉ रितु, डॉ वंदना ,डॉ शिखा, डॉ. मनोज कुमार, द्विविज, डॉ. साहिल, डॉ. संतोष कुमार फील्ड कोऑर्डिनेटर सहित 84 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

# शहीदों की याद में रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**युवा चेतना क्लब** समालखा द्वारा शहीदों की याद में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 89 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया , मुख्यअतिथि के रूप में पहुंचे डीएसपी नरेंद्र सिंह कादियान पहुंचे डीएसपी ने शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव को की श्रद्धांजलि अर्पित डीएसपी ने युवाओं को नशे को दूर रहने का दिया संदेश क्लब द्वारा किए जा रहे कार्यों को सराहा डीएसपी ने बताया कि रक्तदान महादान है, उन्होंने सभी रक्तदाताओं का धन्यवाद किया , युवाओं द्वारा मुख्यअतिथि का फूल मालाओं से किया स्वागत क्लब द्वारा प्रतिवर्ष 4,5 कैंप आयोजित किए जाते हैं, क्लब के



सदस्य नीतीश चौहान ने बताया कि क्लब द्वारा लगातार रक्त दान शिविर कैंप आयोजित किए जाते हैं इसके साथ ही आपातकाल में भी जरूरतमंदों को रक्त उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने बताया कि आज कैंप में युवाओं का जोश देखने लायक था । उन्होंने बताया कि यह कैंप शहीद दिवस के अवसर पर शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए लगाया गया था।
इस अवसर पर भगत सिंह, रोहित देहरा , सुधाकर पांडे , अनूप सैनी , आशीष डिकाडला , सतीश देहरा , गुलफाम हथवाला, प्रदीप बिलासपुर , प्रीति आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### बिजली निगम द्वारा ग्रामीण खिलाडियो को वालीबॉल किट का किया वितरण, आट्टा ग्राम पंचायत ने जताया एक्स ईन का आभार

**समालखा। उत्तर हरियाणा** बिजली वितरण निगम के सौजन्य से समालखा उपमंडल के चार गांव मनाना,आट्टा, छाजपुर व बापौली के खिलाडियो को वालीबॉल की किट व पोल उपलब्ध कराये गये है। इस मौके पर समालखा के कार्यकारी अभियन्ता एम एस धीमान ने खिलाडियो को वालीबॉल की कम्प्लीट किट व वालीवाल पोल का वितरण करते हुए बताया कि बिजली निगम का उदेश्य ग्रामीण बच्चो को खेलो के प्रति प्रोत्साहित करना है। उन्होने ग्रामीण बच्चो को नशा प्रवृति से दूर रहने व खेलो को अपनाने का आह्वान किया। उन्होने कहा कि खेलो से शरीर स्वस्थ रहता है, ओर स्वस्थ शरीर मे ही स्वस्थ मस्तिष्क का निर्माण होता है। उधर आट्टा के राजकीय स्कूल के प्रिंसिपल सुनील शर्मा व सरपंच दिलबाग सिंह गांव मनाना स्कूल प्रिसीपल सरिता देवी डीपी विरेन्द्र ने गांव के स्कूली बच्चो को वालीबॉल किट उपलब्ध कराने पर बिजली निगम का आभार व्यक्त किया है।

### अंबाला कैंट के गांधी ग्राउंड में 23 मार्च को होगा गुरमत समागम

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला छावनी: अंबाला** छावनी में पत्रकार वार्ता में ब्रहमजीत सिंह खालसा ने बताया कि गांधी ग्राउंड में हर साल की तरह इस साल भी



महान गुरमत समागम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होने कहा कि समागम की सभी तैयारिया पूरी हो गयी है। इस वर्ष भी समागम में हजारों की सख्यां मे संगते आएगी। 23 मार्च दिन रविवार को 28वें सालाना गुरमत समागम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह गुरमत समागम 23 मार्च को शाम 5 बजे से लेकर रात 2 बजे तक गांधी ग्राउंड अम्बाला छावनी में करवाया जा रहा है। जिसमें भाई चमनजीत सिंह जी लाल दिल्ली वाले, भाई मनप्रीत सिंह जी कानपुरी वाले, भाई सरबजीत सिंह जी पटना साहिब वाले, भाई शोकीन सिंह जी हजूरी रागी श्री दरबार साहिब, भाई शुभदीप सिंह जी हजूरी रागी श्री दरबार साहिब, भाई सतनाम सिंह जी श्री पंजोखरा साहिब वाले इलाही गुरबाणी द्वारा संगतों को निहाल करेंगे। उन्होंने बताया कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का स्वरूप शाम 4 बजे एक नगर कीर्तन के रूप में गुरुद्वारा साहिब से समागम स्थल तक ले जाया जाएगा। इस अवसर पर एवी सिंह अमनप्रीत सिंह, जसमीत सिंह, गुरप्रीत सिंह,सिमरन प्रीत सिंह, सुखदेव सिंह भूपिंदर सिंह, सतबीर सिंह आदि मौजूद रहे।

### लिंगानुपात में नीलोखेड़ी का गांव संधीर अव्वल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। अतिरिक्त उपायुक्त** यश जालुका ने बताया कि लिंगानुपात में सुधार के लिए पीएनडीटी एक्ट के तहत सरकार द्वारा बेस्ट विलेज अवार्ड योजना चलाई गई है। योजना के तहत लिंगानुपात में अव्वल रहने वाले गांव की उन छात्राओं को प्रोत्साहन राशि दी जाती है, जो 10वीं में टॉपर रहीं। इसी कड़ी में नीलोखेड़ी के गांव संधीर को लिंगानुपात सुधार के लिए जिला का सर्वश्रेष्ठ गांव चुना गया है। इसी के दृष्टिगत योजना के तहत गांव संधीर की 10वीं में टॉपर 3 छात्राओं को आज यहां जिला सचिवालय सभागार में सम्मानित किया गया।
अतिरिक्त उपायुक्त ने गांव की छात्रा सोनम पुत्री विनोद को कक्षा 10वीं में प्रथम स्थान हासिल करने पर 75 हजार, सिमरन पुत्री सोहन लाल को दूसरा स्थान पाने पर 45 हजार और पायल पुत्री कुलदीप चंद्र को तृतीय स्थान हासिल करने पर 30 हजार रुपये का चैक देकर सम्मानित किया। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग की ओर से गांव में नियुक्त किए गए स्टाफ को भी अतिरिक्त उपायुक्त ने लिंगानुपात में सुधार के लिए उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने के लिए प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि बेस्ट विलेज अवार्ड योजना के तहत जिला के गांवों की जनवरी से दिसंबर तक के लिंगानुपात के आंकड़ों का आंकलन किया जाता है।

# शहर को जाम मुक्त बनाने के लिए करेंगे प्रयासः दहिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**
औद्योगिक नगरी की यातायात व्यवस्था को मजबूत बनाने को लेकर प्रशासन पूरी तरह प्रयासरत है। शहर में किसी तरह की जाम की स्थिति न बने इस पर सरकार भी काफी गंभीर है। प्रशासन द्वारा ठोस कदम भी उठाए जा रहे हैं। बहुत जल्द इसका असर भी दिखाई देगा। उपायुक्त डॉक्टर विरेंदर कुमार दहिया ने बुधवार को जिला सचिवालय के कॉन्फ्रेंस साल में विभिन्न समाचार पत्र एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों से बातचीत करते हुए कहा कि यहां की मीडिया ने हमेशा सकारात्मक भूमिका निभाकर समाज में भाईचारा कायम रखने



का प्रयास किया है। नूह के मामले में यहां की मीडिया की भूमिका बहुत ही सराहनीय व प्रशंसनीय रही। उपायुक्त ने बताया कि बरसत रोड से एलिवेटेड हाईवे पर जाने के लिए व्यवस्था की जाएगी। इसको लेकर प्रशासन गंभीरता से कार्य कर रहा है। शहर के नालों की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। गंदे नाले की सफाई की गई है। एक पत्रकार के सवाल पर उपायुक्त ने कहा कि बरसत रोड की नजदीक जो मार्ग टूटा है उसे दुरुस्त किया जाएगा।
उपायुक्त ने तत्काल संबंधित विभाग को निर्देश दिए कि वे इसमें जरा भी देरी न करें। उपायुक्त ने कहा कि हर महीने प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोज किया जाएगा । इसमें सरकार द्वारा जिले में संचालित की जा रहीं केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी।
उपायुक्त ने कहा कि कोई भी पत्रकार प्रशासनिक न्यूज लिखने से पहले उनसे बात कर सकता है ।उनके लिए हमेशा भी तैयार रहते हैं। उन्होंने कहा कि पानीपत की मीडिया ने हमेशा सकारात्मक भूमिका निभाई है। प्रेस व प्रशासन का संबंध अटूट है। इस संबंध को भविष्य में भी मजबूत रखने का उन्होंने मीडिया पर्शन से आह्वान किया।

# पात्र लोग मकान बना कर ले प्रधानमंत्री आवास योजना का : उपायुक्त डॉ. विरेंद्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**प्रदेश के मुख्यमंत्री** नायब सिंह ने गुरूवार को विधानसभा सभागार से प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की पहली किस्त गरीब परिवारों को जारी करते हुए कहा कि इस योजना से गरीबों का छत का सपना साकार साकार होगा। सरकार गरीब वर्ग के उत्थाान को लेकर कटिबद्ध है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सरकार गरीबों को मकान निर्माण को लेकर बुनयादी सुविधाएं उपलब्ध करवाएगी। उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि इस योजना के तहत गरीबों के पक्द्के मकान का सपना सरकार प्राथमिकता के आधार पर पूरा कर रही है। जिले में 4 हजार 175 लोगों ने इस योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन किया है। जिसमें 100 गरीब लोगों को गुरूवार के दिन पहली किस्त का लाभ दिया। उपायुक्त ने बटन दबाकर पहली किस्त जो की प्रति व्यक्ति 45 हजार रुपए है जारी की ।
उपायुक्त ने कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का हर पात्र व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना प्रशासन की जिम्मेदारी है। उपायुक्त ने कहा कि सरकार द्वारा जिन लोगों को यह लाभ दिया जा रहा है वे इसे अन्य कार्यो में खर्च ना करके मकान निर्माण में ही खर्च करें।

# वाद-विवादित बालक को दोषी करार दिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**जुनाईल जस्टिस बोर्ड के** प्रिंसीपल मैजिस्ट्रेट पुनित लिम्बा ने जानकारी देते हुए बताया कि पुराना औद्योगिक पानीपत थाना क्षेत्र के अर्न्तगत वर्ष 2023 में एक 6 वर्षीय अबोध बालिका से दुराचार होने की शिकायत प्राप्त होने पर 14 वर्षीय एक किशोर बालक पर धारा 6 पोस्को एक्ट व 376 ए.बी., 377 आईपीसी में केस दर्ज हुआ था। उन्होंने बताया कि मामले की सुनवाई करते हुए किशोर वाद-विवादित बालक को दोषी करार दिया गया है। इस केस में अबोध पीड़िता अपने ब्यान दर्ज नहीं करवा सकी। लेकिन पीड़िता के माता-पिता, भाई व मकान मालिक की गवाही को देखते हुए व ब्यान 164 सी.आर.पी.सी. को ध्यान में रखते हुए किशोर न्याय बोर्ड पानीपत ने अपने फैसले में वाद-विवादित बालक को दोषी करार दिया। जो पहले ही विवादित बालक एक वर्ष चार महीने की सजा काट चुका था। इस कारण दोषी को अण्डर गोन (पहले ही सजा काट चुका) किया गया व 6 महीने के प्रोबेशन पर 50 हजार के प्रोबेशन बॉण्ड पर छोड़ा गया। श्री पुनित लिम्बा ने बताया कि पीड़िता को 3 लाख रुपए की राशि उनके खाते में एफ.डी. के रूप में जमा करवाने बारे सरकार को आदेश दिया गया है।

# जिलाध्यक्ष तेजीन्द्र सिंह गोल्डी ने टेका गुरद्वारा छठी पाठशाही में माथा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : नवनियुक्त जिलाध्यक्ष** तेजीन्द्र सिंह गोल्डी ने आज गुरद्वारा छठी पाठशाही में माथा टेका। इस अवसर पर उन्होंने गुरुओं के चरणों में श्रद्धा अर्पित की और समाज की भलाई के लिए आशीर्वाद लिया। जिला मीडिया प्रभारी शैलेश वत्स ने बताया कि गुरद्वारा समिति द्वारा सिंह का स्वागत करते हुए उन्हें सरोपा और किरपाण भेंट कर सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह में समिति के सदस्य और स्थानीय श्रद्धालु भी उपस्थित थे। शैलेश वत्स ने आगे बताया कि नवनियुक्त जिलाध्यक्ष तेजीन्द्र सिंह



गोल्डी ने गुरद्वारा छठी पाठशाही में माथा टेकने के बाद अपने कार्यकाल में समाज की सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की और कहा कि उनका उद्देश्य समाज के हर वर्ग की भलाई और सशक्तिकरण है। इस अवसर पर जसवीन्द्र सैनी, जिला मीडिया प्रभारी शैलेश वत्स, विक्रम शर्मा, गुलशन सैनी,रामपाल पाली,दीपक शर्मा, मोनिका,विजय लक्ष्मी,राहुल, ललित,पूनम, वंदना, राजवंत कौर सहीत बड़ी संख्या में कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

# चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिला पुलिस** की बरगलरी स्टाफ टीम के इंचार्ज निरक्षक सतबीर सिंह की अध्सक्षता में विश्वसनीय सूचना के आधार पर टीम द्वारा तखाना मोड तरावडी करनाल में नाकाबंदी करके दो आरोपियों कुलदीम पुत्र प्रीतम सिंह और विकास उर्फ बिक्कू पुत्र संतोष निवासी तरावडी को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से मौके पर चुराया गया एक एयर कंडीशनर बरामद किया गया। दोनों आरोपपियों को आज अदालत में पेश किया गया।

# पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को दिए दिशा-निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : केंद्र सरकार और** पुलिस महानिदेशक हरियाणा श्री शत्रुजीत कपूर के आदेशानुसार पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला ने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को दिए दिशा-निर्देश। पुलिस अधीक्षक ने एक्सीडेंट में घायलों को कैशलेस सुविधा प्रदान कराने बारे थाना प्रभारियों, अनुसंधान अधिकारियों को मीटिंग में आदेश दिए । जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि बुधवार देर शाम अपने कार्यालय में मीटिंग में आदेश देते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहा कि




पीड़ित को सुविधा देने के लिए समय पर सूचना का आदान-प्रदान करना अनिवार्य है। उन्होंने सभी कर्मचारियों को आदेश दिए कि सभी कर्मचारी समय पर सूचना देने सुनिशिचित करें। उन्होंने कहा कि सभी थाना प्रभारी और पुलिस कर्मचारियों को आदेश दिए गए हैं कि सड़क दुर्घटना में होने वाले घायलों को तुरंत नजदीकी पैनल वाले अस्पताल में पहुंचाएं। इन अस्पतालो में एक्सीडेंट के दौरान घायलो का 1.50 लाख रुपए तक कैशलैस उपचार किया जाएगा, ताकि घायलों की जान समय रहते बचाई जा सके। इस सम्बन्ध में सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिये गये हैं कि इस सूचना को आम जनता पहुंचाया जाए, ताकि एक्सीडेंट में घायलों को तुरंत नजदीकी पैनल अस्पताल में उपचार करवाकर हर साल होने वाली सड़क हादसों में मौतो पर अकुंश लगाया जा सके। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि हमारी गलती या लापरवाही से किसी सड़क दुर्घटना पीड़ित का नुकसान नहीं होना चाहिए इसलिए पुलिस कर्मचारी टीएमएस पर आई रिक्वेस्ट का छः घंटे के अंदर जवाब देना सुनिश्चित करें ।

# आर्य कॉलेज के गौतम ने ट्रैक साइकलिंग चौंपियनशिप में जीता गोल्ड

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन ) आर्य कॉलेज के खिलाडी** गौतम ने ऑडिशा के भुवनेश्वर में आयोजित ऑल इंडिया इन्टर यूनिवर्सिटी ट्रैक साइकलिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीत कर कॉलेज का नाम रोशन किया। मंगलवार को कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने खिलाड़ी गौतम का कॉलेज प्रांगण में पंहुचने पर स्वागत करते हुए बधाई दी व कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग के सभी प्राध्यापकों व कोचों को भी बधाई दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 9 से 13 मार्च को ऑडिशा के भुवनेश्वर में आयोजित ऑल इंडिया इन्टर यूनिवर्सिटी ट्रैक साइकलिंग चैंपियनशिप का आयोजन हुआ जिसमें आर्य कॉलेज के खिलाडी गौतम ने 30 किलोमीटर साइक्लिंग पॉइंट रेस में अपनी प्रतिभा का लौहा मनवाते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया व पदक जीत कर कॉलेज के साथ-साथ अपने जिले पानीपत का भी नाम रोशन किया। डॉ. गुप्ता ने कहा कि आर्य कॉलेज के विद्यार्थी न केवल शिक्षा के क्षेत्र में बल्कि खेलों व सांस्कृतिक गतिविधियों में भी अपने कॉलेज का नाम केवल अपने देश भारत ही नहीं बल्कि विदेशों में भी रोशन कर रहे हैं।

# लगभग 13 महीने से बंद पड़ा शंभु बॉर्डर खोलने में जुटा प्रशासन

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला: अमृतसर-दिल्ली** राष्ट्रीय राजमार्ग अम्बाला स्थित शंभू बैरियर को खोलने के दृष्टिगत उपायुक्त अजय सिंह तोमर व पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह ने संबधित अधिकारियों के साथ शुंभू बैरियर का जायजा लिया। इस मौके पर उन्होंने यहां पर एनएचएआई व लोक निर्माण विभाग द्वारा बैरिकैटिंग हटवाने के तहत जो कार्यवाही की जा रही थी उसका भी जायजा लिया और इस कार्य के तहत आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने शंभू बैरियर का जायजा लेते हुए लोक निर्माण विभाग व एनएचएआई विभाग से



संबधित मौके पर उपस्थित अधिकारियों से जानकारी ली कि यहां पर कंकरीट/ बैरिकैटिंग हटाने के लिए कितनी मशीनरी उपलब्ध है तथा यह कार्य कब पूर्ण किया जा सकता है उसकी जानकारी ली। उन्होंने यह भी कहा कि कंकरीट/बैरिकैटिंग हटाते हुए इस बात का भी ध्यान रखा जाए कि ब्रिज को कोई हानि ना हो। उन्होंने मौके पर उपस्थित ब्रिज कांन्सेनटल व सेफ्टी के तहत उपस्थित अधिकारियों से भी बातचीत करते हुए ब्रिज पर बैरिकेंटिंग हटाने को लेकर जो कार्रवाही की जा रही उसकी जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने इस पूरे कार्य के तहत लोक निर्माण विभाग के अधिकारीगण व एनएचएआई के अधिकारियों को मौके पर रहते हुए इन कार्यो को करवाने के निर्देश दिए। एनएचएआई से आए अधिकारी पुलकित कटारिया ने उपायुक्त को अवगत करवाते हुए बताया कि लोकनिर्माण विभाग के संयुक्त प्रयासों से यहां पर कंकरीट/बैरिकैटिंग को हटाने का कार्य कल रात से किया जा रहा हैं। यहां पर इस कार्य को जेसीबी, हाईड्रा, ब्रेकर, पोकलेंन, ट्रक-टिप्पर इत्यादि मशीनों से किया जा रहा है तथा इस कार्य को तकनीकी विशेषज्ञों की देखरेख में तेजी से किया जा रहा है। ंकरीट/बैरिकैटिंक हटाने के तहत ब्रिज पर ब्रिज कास्टेंल व सेफ्टी का भी ध्यान भी रखा जा रहा है, ताकि किसी प्रकार से ब्रिज को कोई क्षति न पहुंचे। उपायुक्त ने कहा कि इस कार्य के तहत जो भी लेन खोली जाएगी, यानि सडक पर पार्टिशन करते हुए सैफ्टी कोन भी लगाए जाए, ताकि यातायात सुचारू रूप से चल सकें। उपायुक्त ने इस मौके पर यह भी बताया कि सम्बधिंत टीमें बेहतर तरीके से कंकरीट बैरिकेटिंग को हटाने का कार्य कर रही है। सम्बधिंत टीमों ने उन्हें आश्वस्त किया है कि जल्द ही एक लेन को यातायात के लिए सुचारू रूप से खोल दिया जाएगा और दूसरी लेन को जल्द ही खोल दिया जाएगा।

# कोई भी अधिकारी खुद को जनता का मालिक न समझे: असीम गोयल

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला: अंबाला शहर** स्थित अपने निवास स्थान पर पूर्व मंत्री असीम गोयल ने जनता की समस्याएं सुनी। पूर्व मंत्री ने लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए और अधिकारियों को जनता के प्रति जवाबदेह होना होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश हैं कि कोई भी अधिकारी खुद को जनता का मालिक न समझे। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि जनता के कार्यों को लेकर



लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और तय समय सीमा के भीतर अधिकारियों को लोगों के काम पूरे करने होंगे। साथ ही, उन्होंने प्रशासन को आगाह किया कि टालमटोल की नीति अब नहीं चलेगी। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य जनता की सेवा करना होना चाहिए, न कि सिर्फ सत्ता में बने रहने के लिए राजनीति करना। किसान आंदोलन खत्म करवाने के मुद्दे पर संसद में विपक्ष करने को लेकर असीम गोयल ने विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला।

# निगम नरेला जोन ने मच्छर जनित रोगों को रोकने के लिए कार्यशाला आयोजित






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** बाहरी दिल्ली के नरेला विधानसभा अंतर्गत बांकनेर गांव में स्थित दिल्ली नगर निगम प्राथमिक विद्यालय में बुधवार को मच्छर जनित रोगों को रोकने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूल के अध्यापकों को मच्छर जनित रोगों के बारे में शिक्षा दी गई और एक प्रदर्शनी के माध्यम से उन्हें मच्छरों का जीवन चक्र समझाया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद अतिरिक्त निगम स्वास्थ्य अधिकारी डां सत्य प्रकाश अहीर ने कहा कि डेंगू के मौसम में स्कूली बच्चों को डेंगू होमवर्क कार्ड बाटे जाते हैं। इसमें बच्चों द्वारा अपने घर और उसके आसपास पानी न जमा होने के बारे में बताया जाता है। इसमें बच्चों के न केवल घर में बल्कि अड़ोसी - पड़ोसी के घरों में भी डेंगू के प्रति स्वास्थ्य जागरूकता फैलाई जाती है।
वहीं दूसरी ओर नरेला उपायुक्त पवन यादव ने बताया कि डेंगू, मलेरिया के मौसम में बच्चों को स्कूल की पढ़ाई के साथ-साथ अगर मच्छर जनित बीमारियों के बारे में स्वास्थ्य शिक्षा दी जाए तो क्षेत्र के लोगों में भी मच्छर जनित बीमारियों के बारे में जागरूकता पैदा होगी और इससे डेंगू की रोकथाम और नियंत्रण में मदद मिलेगी। दिल्ली नगर निगम नरेला जोन की शिक्षा उपनिदेशक उषा रानी ने कहा कि हर साल बच्चों द्वारा नगर निगम के स्कूलों में रैली और पेंटिंग प्रतियोगिता करवाकर बच्चों में डेंगू, मलेरिया के रोकथाम के लिए जागरूकता फैलाई जाती है और इस साल भी सभी अध्यापक स्कूलों में डेंगू, मलेरिया का सफाया करने के लिए अपनी पूरी क्षमता से कार्य करेंगे। उप-स्वास्थ्य अधिकारी अजय हांडा ने बताया कि नरेला क्षेत्र में पिछले साल डेंगू के बहुत कम मामले सामने आये हैं और डेंगू से कोई भी मृत्यु नरेला क्षेत्र में नहीं हुई है। उन्होंने ये भी बताया कि इस साल भी विभाग डेंगू के मौसम में युद्ध स्तर पर कार्य करेगा ताकि नरेला क्षेत्र में कम से कम मामले आएं। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे

## विजय पथ फाउंडेशन ने अशोक भारद्वाज को सोनीपत का जिला अध्यक्ष बनने पर दी शुभकामनाएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: भाजपा** सरकार द्वारा अशोक भारद्वाज को सोनीपत का जिला अध्यक्ष बनाये जाने पर मंगलवार को नरेला विजय पथ फाउंडेशन के अध्यक्ष विजय भगत अंकु और उनकी टीम ने अशोक भारद्वाज के निवास स्थान पर जाकर मिठाई खिलाकर पटका पहनाकर और पुष्पगुच्छ देकर अशोक भारद्वाज को जिला अध्यक्ष बनाए जाने की शुभकामनाएं दीं।
इस दौरान अशोक भारद्वाज ने कहा कि वे पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि वे सोनीपत



जिले में बीजेपी को और अधिक मजबूत करने तथा स्थानीय विकास कार्यों को गति देने के लिए काम करेंगे। विजय पथ फाउंडेशन के अध्यक्ष विजय भगत अंकु ने बताया कि भाजपा ने ब्राह्मण समाज के एक प्रतिनिधि को सोनीपत का जिला अध्यक्ष नियुक्त कर जो जिम्मेदारी सौंपी है, वह न केवल ब्राह्मण समाज बल्कि पूरे सर्व समाज के कल्याण के लिए एक सकारात्मक कदम है। उन्होंने विश्वास जताया कि नव नियुक्त जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज सामाजिक कार्यों में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाते हुए सर्वहित के लिए कार्य करेंगे। भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर ही जनता ने ट्रिपल इंजन की सरकार बनाई है और पार्टी की नीतियों के प्रति लोगों का भरोसा देश व प्रदेश में उनकी विश्वसनीयता को दशार्ता है। नवनियुक्त सोनीपत के जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज ने जनप्रतिनिधि के तौर पर राजनीति की शुरूआत वर्ष 2010 में की थी। वर्ष 2010 में वह कुंडली ग्राम पंचायत के वार्ड सदस्य बने थे। वर्ष 2016 में सरपंच का चुनाव लड़ा था और दूसरे स्थान पर रहे थे। वह वर्ष 2013 में भाजपा युवा मोर्चा के नाहरी मंडल अध्यक्ष बने, फिर वर्ष 2015 में भाजपा नाहरी मंडल उपाध्यक्ष, वर्ष 2019 और 2022 में नाहरी मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाली।

## स्वच्छ और हरित राजधानी बनाना हमारी प्राथमिकता: सिरसा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के वन एवं पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने गुरुवार को कहा कि दिल्ली को स्वच्छ और हरित राजधानी बनाना हमारी प्राथमिकता है। हम दिल्ली की सड़कों को कचरा मुक्त करने और दिल्ली के नागरिकों को प्रदूषण मुक्त माहौल देने के लिए त्वरित और ठोस कदम उठा रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने आज दिल्ली नगर निगम आयुक्त अश्विनी कुमार के साथ राजौरी गार्डन क्षेत्र का निरीक्षण कर यहां की साफ-सफाई एवं नागरिक सुविधाओं का जायजा लिया। इसके साथ ही उन्होंने स्थानीय निवासियों से बातचीत कर इलाके में साफ-सफाई व्यवस्था की जानकारी ली।

## अपने वादों से पीछे हटी भाजपा, तोड़ा जनता का भरोसा: श्याम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा चुनाव के भाजपा ने दिल्ली की जनता से अनेकों वादे किए थे, इसके साथ ही कई तरह की सुविधाएं भी देने के वादे किए थे, लेकिन दिल्ली की रेखा सरकार उन सभी वादों को दरकिनार कर सत्ता का खेल खेलने में लग गई, उक्त सभी बातें मुकुंदपुर वार्ड से कांग्रेस के पूर्व निगम प्रत्याशी श्याम सिंह सिसोदिया ने कही। इसके साथ ही श्याम सिंह ने कहा कि भाजपा की करनी और कथनी में बहुत अंतर है, भाजपा कभी भी अपने वादों पर खरा नहीं उतरी है, भाजपा ने हमेशा से ही जनता के साथ विश्वासघात किया है।



श्याम सिंह ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने मोदी की गारंटी के तहत दिल्ली की जनता से कई वादे किए थे, कि दिल्ली में अगर भाजपा की सरकार आती है तो वह दिल्ली की प्रत्येक महिलाओं को पच्चीस सौ रूपए हर महीने देगी, लेकिन अब दिल्ली की दिल्ली की मुख्यमंत्री ने लोगों से वादा खिलाफी करते हुए पच्चीस सौ रूपए की योजना में कई तरह के रूल रेगूलेशन जारी कर दिए है, जिससे की अधिकांश महिलाएं भाजपा की फॉरमेलिटिस को पूरा ही न कर पाए और वह पैसा खुद ही डकार जाए। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी के अनुसार दिल्ली की जनता को फ्री होली के अवसर पर गैस सिलेंडर देने का भी वादा किया था, जबकि होली आकर निकल भी गई और दिल्ली की रेखा सरकार के फ्री सिलेंडर का कोई अता पता ही नही है।

## शिक्षक संघ ने शिक्षा निदेशक से की मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** विद्यालय शिक्षक संघ (जीएसटीए) के महासचिव अजय वीर यादव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा निदेशक विदिता रेड्डी से मुलाकात कर शिक्षकों की प्रमुख समस्याओं और लंबित मांगों पर विस्तार से चर्चा की। लंबे समय से लंबित मामलों और शिक्षकों की सेवा संबंधी जटिलताओं को लेकर इस बैठक में कई महत्वपूर्ण बिंदु उठाए गए।
जीएसटीए ने मांग की कि शिक्षकों की शिकायत निवारण समिति को पुनः सक्रिय किया जाए, जिससे उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके। शिक्षकों के सेवा संबंधी कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए एम्प्लॉई चार्टर लागू करने का भी प्रस्ताव रखा गया। बैठक में अधिकारियों और प्रधानाचार्यों के कार्यकाल और स्थानांतरण से जुड़े नियमों को स्पष्ट करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया, ताकि शिक्षकों को अनावश्यक दबाव से मुक्त किया जा सके। प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली सरकार के कार्यकाल में शिक्षा विभाग में फैले भ्रष्टाचार पर भी चिंता व्यक्त की और इस दौरान स्थानांतरण प्रक्रिया को "उद्योग" में बदलने की आलोचना की।
जीएसटीए ने मांग की कि इस भ्रष्टाचार को रोकने के लिए ठोस नीतियां बनाई जाएं और जिम्मेदार अधिकारियों की जांच कर सख्त कार्रवाई की जाए। चुनाव ड्यूटी में लगे शिक्षकों को एछ (अर्जित अवकाश) का लाभ देने की मांग उठाई गई, ताकि वे अपने अन्य अधिकारों का समुचित उपयोग कर



सकें। छात्रों में अनुशासन सुनिश्चित करने के लिए मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट को फिर से लागू करने का भी प्रस्ताव रखा गया। इसके अतिरिक्त, वर्ष 2018 में भारी प्रधानाचार्य पद रिक्त होने के कारण लगभग 800 से अधिक उपप्रधानाचार्यों के एडहॉक प्रमोशन किए गए थे, लेकिन उन्हें अभी तक नियमित नहीं किया गया है। यह मुद्दा भी गंभीरता से उठाया गया। यहां तक कि जब इन शिक्षकों का एक प्रतिनिधिमंडल जॉइंट डायरेक्टर से मिला, तो उन्हें धमकाने की कोशिश की गई और कहा गया कि "आपको पुनः पीजीटी बना देंगे, चुप बैठिए।" प्रशासनिक अधिकारियों के ऐसे व्यवहार की निंदा की गई और इसे शिक्षकों के सम्मान के विरुद्ध बताया गया। बैठक में टअउढ, प्रमोशन और कन्फर्मेशन से जुड़े बैकलॉग को समाप्त करने और लंबित पदोन्नतियों को शीघ्र पूरा करने की आवश्यकता को रेखांकित किया गया। जीएसटीए ने वार्षिक तबादलों की नीति में सुधार लाने का सुझाव दिया, ताकि प्रधानाचार्यों को शिक्षकों के स्थानांतरण की अनावश्यक शक्ति न दी जाए।

## गांवों की मांगों को लेकर होगी महापंचायत: थान सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली पंचायत संघ ने दिल्ली नगर निगम सदन में दिल्ली देहात और गांवों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा व प्रस्ताव न लाने पर गहरा रोष प्रकट किया है। पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने सत्ता पक्ष को पहले ही चेताया था कि यदि ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं को नजरअंदाज किया गया तो विरोध किया जाएगा। लेकिन सदन में केवल राजनीतिक एजेंडे पर काम हो रहा हैए जबकि दिल्ली देहातएगांवए गरीब और किसानों के मुद्दों से सरकार का कोई सरोकार नहीं दिख रहा।
सभी पार्षद गांवों के मुद्दों पर आगे आए.पंचायत संघ के प्रमुख थान सिंह यादव ने दिल्ली नगर निगम



के सभी पार्षदों से आग्रह किया कि वे किसी भी राजनीतिक दल से होंए लेकिन देहात और गांवों की समस्याओं को प्राथमिकता दें और उनके समाधान के लिए कार्य करें। उन्होंने बताया कि पंचायत संघ ने बीते वर्षों में कई बार नगर निगम मुख्यालय पर प्रदर्शन किया और अपनी मांगों के ज्ञापन मुख्यालय के गेट पर चस्पा किएए लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।
दिल्ली पंचायत संघ ने नगर निगम से गांवों व ग्रामीणों की प्रमुख मांगें लगातार रखी हैं जिसमें गांवों का हाउस टैक्स पूरी तरह माफ किया जाए। पार्किंग शुल्क और कन्वर्जन चार्ज से गांवों को मुक्त किया जाए।गांवों को भवन उपनियम नियमों से बाहर रखा जाए। रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए दिल्ली के सभी गांवों को व्यावसायिक श्रेणी में शामिल किया जाए।
नगर निगम की सभी सरकारी सेवाओं में ग्रामीण युवाओं को आरक्षण दिया जाए।
केजरीवाल की नीति पर सवाल. संघ ने आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल से सवाल किया कि वह 100 से 500 गज तक की संपत्तियों का हाउस टैक्स आधा माफ करने की बात कर रहे हैं, चाहे वे संपत्तियां डीडीए या नगर निगम द्वारा विकसित सुविधाओं से संपन्न हों और नगर निगम व दिल्ली सरकार द्वारा बनाया औद्योगिक क्षेत्र हो। लेकिन दिल्ली के गांवों को अब तक हाउस टैक्स में कोई राहत नहीं दी गई ओर ना ही रोजगार के लिए गांवों को व्यवसायिक श्रेणी में नोटिफाईड किया।
महापंचायत का ऐलान. दिल्ली पंचायत संघ के प्रमुख थान सिंह यादव ने नगर निगम में सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि वे देहातए गांवए गरीब और किसानों को अनदेखा न करें।

## गुरुद्वारा बंगला साहिब के सरोवर में जल भरने की सेवा शुरू



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार हरमीत सिंह कालका और जनरल सैकेट्री सरदार जगदीप सिंह काहलों ने बताया कि गुरुद्वारा बंगला साहिब के सरोवर में जल भरने की सेवा शुरू हो गई है और अगले तीन-चार दिनों में सरोवर पूरी तरह से भर जाएगा। आज यहां जारी एक बयान में सरदार कालका और सरदार काहलों ने बताया कि 16 मार्च को बाबा बचन सिंह जी कार सेवा वालों के नेतृत्व में संगतों ने गुरुद्वारा बंगला साहिब के सरोवर की सफाई का कार्य शुरू किया था।

## समर एक्शन प्लान के तहत की समीक्षा बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली** के जल मंत्री प्रवेश वर्मा ने समर एक्शन प्लान के तहत नई पहल शुरू की है, जिसके तहत अब हर सप्ताह दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठकें हो रही हैं। इन बैठकों का मुख्य उद्देश्य जल आपूर्ति को सुचारू बनाना, सीवर व्यवस्था को सुधारना और जल वितरण में पारदर्शिता बढ़ाना है। इस पहल का लक्ष्य गर्मी के मौसम में दिल्लीवासियों को स्वच्छ पानी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करना, अवैध जल कनेक्शनों पर रोक लगाना और तंत्र में हो रहे नुकसान को रोकना है। गुरुवार की बैठक में पिछले सप्ताह किए गए कार्यों की समीक्षा की गई और अगले सप्ताह के लिए कार्ययोजना तैयार की गई। अधिकारियों को जल आपूर्ति प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने, लीकेज रोकने, सीवर जाम की समस्याओं का समाधान करने और समग्र जल वितरण को सुधारने के स्पष्ट निर्देश दिए गए। इसके अलावा, जल प्रबंधन में जवाबदेही और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण कदमों की घोषणा की गई। प्रवेश वर्मा ने जल कनेक्शनों को कानूनी रूप से मान्य बनाने और उन्हें जनता के लिए अधिक सुलभ बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया।


## गुरु तेग बहादुर की शहीदी शताब्दी पर होगा पाठ

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने निर्णय लिया है कि नौवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की 350वीं शहीदी शताब्दी के उपलक्ष्य में सहज पाठों की एक विशेष श्रृंखला चलाई जाएगी, जिनका समापन शहीदी दिवस पर किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए कमेटी के प्रधान सरदार हरमीत सिंह कालका, महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों एवं धर्म प्रचार के मुखी जसप्रीत सिंह करमसर ने बताया कि इन सहज पाठों के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिया गया है। इस कार्यक्रम में स्त्री सत्संग सोसायटी की सदस्य महिलाएं, सिंह सभाएं और समूचा सिख समाज भाग ले सकता है।




इच्छुक संगत अपनी रजिस्ट्रेशन कमेटी की धर्म प्रचार कमेटी के पास करा सकती है। उन्होंने बताया कि यह सहज पाठ 15 अप्रैल से शुरू होंगे और 25 नवंबर को गुरु साहिब के शहीदी दिवस पर पूरे किए जाएंगे। इस दिन गुरुद्वारा सीसगंज साहिब में एक भव्य समागम आयोजित किया जाएगा, जिसका दुनिया भर में लाइव प्रसारण होगा ताकि करोड़ों लोग इस ऐतिहासिक श्रद्धांजलि को देख सकें। उन्होंने यह भी बताया कि जिन संगतों को अपने घरों में सैंचियों या श्री गुरु ग्रंथ साहिब के स्वरूप की आवश्यकता होगी, कमेटी की ओर से उन्हें उपलब्ध कराया जाएगा। इस मौके पर राज्यसभा सदस्य सरदार विक्रमजीत सिंह साहनी ने बताया कि कमेटी ने साढ़े 3.5 लाख सहज पाठ करवाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि हमारे पास 220 दिन हैं, और यदि प्रतिदिन संगत 10 अंग पाठ करे, तो यह लक्ष्य पूरा किया जा सकता है।

# ठेकेदारों के भ्रष्टाचार को लेकर निगम पार्षद गुलाब सिंह राठौर ने सुनाई खरी-खोटी


**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र वैसे तो सालों से बुनियादी सुविधाओं की मार झेल रहा है, वहीं जब जैसे तैसे सीवर का काम चलने लगा तो उसमें ठेकेदारों की भ्रष्टाचारी का ग्रहण लग गया। जिसको लेकर बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले मुकुंदपुर वार्ड नंबर 8 के निगम पार्षद गुलाब सिंह राठौर ने ठेकेदार को उस वक्त फटकार लगाई जब उन्होंने देखा कि समता विहार, मुकुंदपुर में दिल्ली जल बोर्ड द्वारा गलियों में सीवर बनाने में ठेकदार की भ्रष्टाचार को देखा। मौके पर मौजूद गुलाब सिंह राठौर ने बताया कि क्षेत्रीय आप विधायक संजीव झा के भ्रष्टाचार का एक ओर खेल सामने आया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र स्थित समता विहार में सीवर के काम के नाम पर विधायक व ठेकेदारों की मिलीभगत से सीवर बनाने में भ्रष्टाचार किया जा रहा है। राठौर ने बताया कि सीवर का जो मैनहॉल बनाया जा रहा है उसमें न तो उच्च सीमेंट का इस्तेमाल हो रहा है और न ही कोई अन्य सामाग्री का उपयोग किया जा रहा है, उन्होंने कहा कि मोटी रकम बचाने के चक्कर में ईंटों को वैसे ही रखा जा रहा है, जो कि कुछ ही महीनों में टूटकर बाहर निकलने लगेगी। इस दौरान गुलाब सिंह राठौर ने ठेकेदारों को फटकार लगाते हुए संबंधित साइड इंजीनियर व दिल्ली जल बोर्ड के आला अधिकारियों को तलब किया। राठौर ने कहा कि अब दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार नही है जो भ्रष्टाचार से काम किया जाएगा और सरकार या जन प्रतिनिधी मौन बैठकर देखेंगे।

# जनपद में जनता को मदद देने वाली कई योजनाएं लक्ष्य से पिछड़ीं

टीम एक्शन इंडिया
**मथुरा।** जनपद में संचालित सरकार की कई जनता की मददगार योजनाएं लक्ष्य से पिछड़ गई हैं। युवाओं को लोन देने में बैंकों ने चालू वित्त वर्ष में अब तक कम रूचि दिखाई है। चालू वित्त वर्ष में लक्ष्य के सापेक्ष आधे लोन भी नहीं दिये जा सके हैं। सीडीओ मनीष मीना ने अब 25 मार्च तक लक्ष्य पूरा करने के निर्देश बैंकों को दिये हैं। साथ ही लापरवाह बैंक मैनेजरों के खिलाफ कार्यवाही की बात भी कही है। मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना द्वारा राजीव भवन सभागार में मुख्य मंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की समीक्षा की गई। बैठक में सभी बैंकों के शाखा प्रबंधक व जिला



समन्वयक उपस्थित रहे। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा इस योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु अभियान चला कर लक्ष्यों की शत प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। समीक्षा के दौरान पाया गया कि बैंकों में 1000 के लक्ष्य के सापेक्ष 1663 आवेदन अग्रेषित किए गए। जिसमें से 401 आवेदन पत्र स्वीकृत कर दिए गए हैं साथ ही 227 आवेदन पत्रों पर वितरण की कार्यवाही कर दी गई हैं। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, एचडीएफ सी,पीएनबी की बैंक शाखाओं में अत्यधिक लंबित आवेदन होने पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा गहरा रोष व्यक्त करते हुए इन बैंकों के शाखा प्रबंधकों की लचर प्रवृत्ति के चलते इनके विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश अग्रणी जिला प्रबंधक को दिए गए गया। सभी उपस्थित शाखा प्रबंधकों को 25 मार्च तक लंबित आवेदनों को स्वीकृत कर वितरित किए जाने के निर्देश दिए गए ।

**लाभ**

**इस योजना के अंतर्गत कन्या के विवाह को 20000 की आर्थिक सहायता का लाभ दिया जाता है**

**यह योजना भी लक्ष्य से पिछड़ी**
समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित शादी अनुदान योजना भी लक्ष्य से पिछड़ गई है। जितना लक्ष्य प्राप्त हुआ उतने तो आवेदन ही नहीं आये। जबकि इनकी पात्रता भी परखी जानी है। अंतर्गत सामान्य जाति एवं अनुसूचित जाति के लिए जनपद को 64 और 122 क्रमशः का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसके सापेक्ष अभी तक कुल 112 आवेदन ऑनलाइन किए गए हैं जो कि अभी भी लक्ष्य से कम है। इस योजना के अंतर्गत कन्या के विवाह को 20000 की आर्थिक सहायता का लाभ दिया जाता है। योजना के लिए आन लाइन आवेदन किया जा सकता है। आवेदक का इस योजना का लाभ उठाने के लिए गरीबी रेखा से नीचे का होना आवश्यक है।

# मुठभेड़ में एक बदमाश के पैर में लगी गोली, तीन अन्य गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया
**बलिया।** जिले की हल्दी थाने की पुलिस ने एटीएम कार्ड के जरिए फ्राड करने वाले बिहार निवासी चार अन्तर्राज्यीय धोखाधड़ी करने वालों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के दौरान हुई मुठभेड़ में पुलिस की गोली एक बदमाश के पैर में लगी है। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से 63 एटीएम कार्ड व दो तमंचे बरामद किए हैं। अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) कृपाशंकर ने मुठभेड़ की जानकारी देते हुए गुरूवार को क्षेत्राधिकारी बैरिया मो फहीम कुरैशी के नेतृत्व में हल्दी पुलिस टीम बुधवार की रात्रि में चेकिंग कर रही थी। चेकिंग करते समय लगभग रात्रि दो बजे जानकारी मिली कि हृदयाचक तिराहे से पीपा पुल पर जाने वाले



रास्ते पर एक कार से चार संदिग्ध लोग जा रहे हैं। पुलिस ने उन्हें रोककर चेकिंग करना चाहा लेकिन चारों उतरकर पुलिस को चकमा देकर भागने लगे। उन चारों में से एक ने पुलिस टीम पर अवैध असलहे से हमला कर दिया। थानाध्यक्ष हल्दी विश्वदीप के नेतृत्व में पुलिस टीम की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के दाहिने पैर में गोली लगी। पुलिस टीम द्वारा चारों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। एएसपी ने बताया कि पुलिस की गोली से घायल व्यक्ति की पहचान बच्चा लाल पुत्र स्व रामचन्द्र महतो निवासी हरदिया थाना रघुनाथपुर जिला मोतीहारी (पूर्वी चम्पारण) बिहार के रूप में हुई। उसे इलाज के लिए जिला चिकित्सालय ले गया। जबकि लालबाबू महतो पुत्र श्रवण महतो निवासी पंडितपुर थाना पीयरा कोठी जिला मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण) बताया।

## संक्षिप्त खबरें

### यूपी में सात आईपीएस अफसरों का तबादला

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में लगातार आईपीएस अधिकारियों के तबादले हो रहे हैं। इसी क्रम में गुरुवार सुबह सात आईपीएस अफसरों का स्थानान्तरण किया गया है। तबादलों के क्रम में उपेंद्र कुमार अग्रवाल को पुलिस महानिरीक्षक सुरक्षा लखनऊ बनाया गया है। इससे पहले वह पुलिस महानिरीक्षक आर्थिक अपराध में थे। विनोद कुमार सिंह को पुलिस महानिरीक्षक सुरक्षा लखनऊ के पद से मुक्त करते हुए अपर पुलिस आयुक्त अपराध कानपुर नगर बनाया गया है। अमित वर्मा को संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ से संयुक्त पुलिस आयुक्त अपराध एवं मुख्यालय पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ, बनाया गया है। इसी तरह बबलू कुमार कोसंयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ, प्रदीप कुमार को पुलिस अधीक्षक आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन वाराणसी। एसएम कासिम आबिदी को पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर बनाया गया। वहीं,मनोज कुमार अवस्थी को पुलिस अधीक्षक, कानून एवं व्यवस्था पुलिस महानिदेशक लखनऊ की नई जिम्मेदारी मिली है।

### जयसिंहपुरा में हुआ भाजपा महानगर अध्यक्ष का जोशीला स्वागत

**मथुरा।** भाजपा के नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष हरीशंकर उर्फ राजू यादव का गुरुवार को जयसिंहपुरा में जोशीला स्वागत हुआ। महानगर अध्यक्ष लाव लश्कर के संग पार्षद, कैबिनेट सदस्य राकेश भाटिया के जयसिंहपुरा स्थित आवास पर पहुंचे। भाजपा महानगर अध्यक्ष का भाजपाइयों ने गदा, स्वाफा, तस्वीर, माला और दुपट्टा ओढ़ा कर स्वागत किया। नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा की मजबूती के लिए वह हर कार्यकर्ता को संग लेकर चलेंगे। उनका ध्येय है कि कार्यकर्ताओं के लिए उनके दरवाजे हर समय खुले रहेंगे। कार्यकर्ताओं का सम्मान ही उनका सम्मान है। स्वागत करने वालों में पार्षद राकेश भाटिया, पार्षद हनुमान पहलवान, घनश्याम गौतम, घनश्याम सैनी, रवि शर्मा, अखिलेश मिश्र, शशांक गौड़, विक्रांत गौड़, भूपेंद्र कुमार, सनी ठाकुर, राकेश कुमार, सोनू कुमार का अलावा हरिओम शर्मा एडवोकेट, कुंजबिहारी चतुर्वेदी, ठाकुर सुरेंद्र कौशिक, यज्ञदत्त कौशिक, अंकुर अग्रवाल, मनोज ठाकुर, नितिन चतुर्वेदी मौजूद रहे।



### चौबिया पाडा में फट रहे मकानों को देखने पहुंचे नगर निगम के अधिकारी

**मथुरा।** गुरुवार को नगर निगम के अधिकारी चौबिया पाडा मोहल्ले में पहुंचे और मकान फटने की स्थिति को देखा। भारतीय किसान यूनियन सुनील के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन चतुर्वेदी ने चौबिया पाडा स्थित गली महोली की पौर में निरन्तर फट रहे मकानों के मुआवजे की मांग के लिये 20 मार्च को दिन में 11 बजे मथुरा महानगर के होली गेट चौराहे पर धरने पर बैठने का ऐलान किया था। अपर नगर आयुक्त रामजीलाल, नगर निगम के इंजीनियर व जेई अजय कुमार होली गेट चौकी इंचार्ज सनोज शर्मा आदि भारतीय किसान यूनियन सुनील के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन चतुर्वेदी के चौबिया पाडा गली महोली की पौर पर पहुंचे और उनकी बात को सुना। नगर आयुक्त के नाम संगठन ने इस बीच ज्ञापन दिया। किसान संगठन ने मांग की है कि गली महौली की पौर में पानी की पाइपलाइन जमीन के उपर डाली जाए। अंडर ग्राउण्ड पाइप लाइन से पानी का रिसाव हो रहा है और मकान फट रहे हैं। गली की नालियां बनाई जाएं जिन लोगों के मकान फटे हैं उनको उचित मुआवजा दिया जाए। पीड़ित लोगों के सभी टैक्स माफ किए जाएं। नगर निगम के अधिकारियों ने मांगों पर विचार करने का आश्वासन दिया। ज्ञापन देने वालों में महानगर अध्यक्ष भरत अग्रवाल, नगर अध्यक्ष करन ठाकुर, महानगर संयोजक असलम कुरैशी, नगर सचिव जीतू, विनोद गौतम, योगी, रवि, आकाश आदि थे।



## मौलाना ने जगह का नाम रख दिया मदीना नगर

**मथुरा।** कोसीकलां शहर के मोहल्ला निकासा के निकट एक मौलाना ने इलाके का नाम मदीना नगर रख दिया। कार्यक्रम के पर्चे में नाम सामने आने पर इसका खुलासा हुआ तो खलबली मच गई। पालिका प्रशासन मौलाना को नोटिस भेजकर तलब किया है। दरअसल शहर के मोहल्ला निकासा के एक इलाके में मदरसा इस्लामिया अरबिया दारूल उलूम द्वारा एक जलसे का आयोजन किया गया था। आरोप है कि मदरसे के मौलाना ताहिर ने कार्यक्रम वाले स्थान का नाम पर्चे में मदीना नगर रख दिया। इसी के माध्यम से प्रचार प्रसार किया गया। आयोजन के दौरान यह पर्चा

# पांच साल तक छात्राओं का यौन शोषण करने का आरोपी प्रोफेसर गिरफ्तार

**हाथरस।** छात्राओं के यौन शोषण के आरोपी असिस्टेंट प्रोफेसर डा. रजनीश कुमार को पुलिस और एसओजी ने प्रयागराज से गिरफ्तार कर लिया। वह सात दिन से हाईकोर्ट में गिरफ्तारी पर स्टे के लिए भागदौड़ कर रहा था। आरोप है कि डा. रजनीश पिछले पांच साल से कालेज की छात्राओं का यौन शोषण कर रहा था। मामला उत्तर प्रदेश के हाथरस के बागला डिग्री कॉलेज का है। आरोप है कि कालेज का असिस्टेंट प्रोफेसर डा. रजनीश कुमार 30 से ज्यादा छात्राओं का यौन शोषण कर चुका है। 50 वर्षीय प्रोफेसर छात्राओं को पास कराने और नौकरी लगवाने का झांसा देकर ऑफिस में बुलाकर उनके साथ अश्लील हरकतें करता था। चोरी-छिपे



वीडियो भी बना लेता था। प्रोफेसर के मोबाइल से 65 अश्लील वीडियो मिले हैं। ज्यादातर वीडियो कॉलेज की छात्राओं के हैं। कुछ वीडियो उसने पोर्न साइट पर भी अपलोड किए हैं। आरोपी प्रोफेसर 20 साल से बागला डिग्री कॉलेज में तैनात है। वह भूगोल पढ़ाता है। एसपी चिरंजीव नाथ सिन्हा ने पुलिस लाइंस में पत्रकार वार्ता में बताया कि छह मार्च को एक छात्रा ने राज्य महिला आयोग को गोपनीय लेटर लिखा था। उसमें डा. रजनीश की सभी कारगुजारियों का कच्चा चिट्ठा लिखते हुए फोटो-वीडियो भी भेजे थे। छात्रा के पत्र का महिला आयोग ने संज्ञान लेते हुए जांच के निर्देश दिए। इसके बाद हाथरस गेट कोतवाली पुलिस ने जांच शुरू की और प्रोफेसर को पूछताछ के लिए बुलाया। उसके मोबाइल को कब्जे में ले लिया, लेकिन उसने पहले ही वीडियो-फोटो डिलीट कर दिए थे। पुलिस ने मोबाइल का डेटा रिकवर कराया तो 65 अश्लील वीडियो मिले। पुलिस ने 13 मार्च को गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। आरोपी रजनीश कुमार मथुरा की मांट तहसील के गांव जावरा का रहने वाला है। पुलिस उसे गिरफ्तार करती, उससे पहले ही वह फरार हो गया। एसपी ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए कई टीमें लगाई गई थीं। पता चला कि वह प्रयागराज में है। पुलिस व एसओजी ने उसे गुरुवार को प्रयागराज के थाना सिविल लाइंस क्षेत्र से गुरुवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया। वह पिछले सात दिनों से इलाहाबाद हाईकोर्ट से गिरफ्तारी पर स्टे लेने का प्रयास कर रहा था। उसने गिरफ्तारी से बचने के लिए दाढ़ी भी बढ़ा ली थी। आरोपी प्रोफेसर के लैपटाप और मोबाइल की फोरेंसिक जांच

# विश्व गौरैया दिवस : गौरैया के संरक्षण के लिए गंगा तट पर जागरूकता अभियान

**वाराणसी।** विश्व गौरैया दिवस पर गुरुवार को ओ री गौरैया ... घर-अंगना आ जा रे ... की कामना कर श्री काशी विश्वनाथ धाम के गंगा द्वार पर जन जागरूकता अभियान चलाया गया। गंगा द्वार पर नमामि गंगे के सदस्यों के साथ इटली से आए विदेशी पर्यटकों ने पक्षी प्रेम दिखा चूं-चूं करने वाली गौरैया के संरक्षण के लिए लोगों से अपील की। आधुनिकता की दौड़ एवं मोबाइल टॉवरों के रेडिएशन से विलुप्त हो रही गौरैया के संरक्षण के लिए हाथ से लिखी तख्तियां भी लहराई गईं। पर्यावरण संरक्षण की अपील करते हुए घर आंगन से विलुप्त हो रही गौरैया की घर




वापसी के लिए जनभागीदारी सुनिश्चित करने के लिए बाबा विश्वनाथ से प्रार्थना की गई। इस दौरान नमामि गंगे के काशी क्षेत्र संयोजक राजेश शुक्ला ने कहा कि आधुनिकता की दौड़, पक्के घर और घरों की छत पर सुरक्षा के लगवाए जाने वाले जाल, मोबाइल टॉवरों के रेडियेशन, फलों एवं सब्जियों, अनाज में प्रयुक्त होने वाले कीटनाशक से पर्यावरण संतुलन में बड़ी भूमिका का निर्वहन करने वाली गौरैया को नुकसान पहुंच रहा है।

## वृंदावन में जुटेंगे भारत नेपाल के 180 साहित्यकार

**मथुरा।** भारत व नेपाल के मध्य साहित्यक व सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से तीन दिवसीय भारत नेपाल साहित्य सांस्कृतिक महोत्सव 2025, शुक्रवार 21 मार्च से 23 मार्च तक उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा संचालित गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी वृंदावन में आयोजित किया जा रहा है। महोत्सव में नेपाल से 80 और भारत के विभिन्न शहरों से 100 साहित्यकार, शिक्षाविद, लेखक, कवि, पत्रकार आदि भाग लेने आ रहे हैं। इसमें अलग-अलग सत्र होंगे।
कई पुस्तक विमोचन होगा। पुस्तक समीक्षा होगी। शोध पत्र वाचन, भारत-नेपाल के संबंधों पर परिचर्चा, नेपाल के विशिष्ट अतिथियों से साक्षात्कार आदि होंगे।

# निगम ने 2000 से अधिक बंदरों को पकड़ने का किया दावा



**मथुरा।** उत्पाती बंदरों से नगर की जनता एवं श्रद्धालुओं को मुक्ति दिलाने के लिए नगर निगम द्वारा नियमित अभियान चलाया जा रहा है। नगर निगम मथुरा वृंदावन क्षेत्र अंतर्गत आए दिन उत्पाती बंदरों से नगर की जनता को हो रही परेशानी से शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। जिसको देखते हुए नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार निविदा संबंधी समस्त औपचारिकताएं पूर्ण करते हुए उत्पाती बंदरों को पकड़ने हेतु पेशेवर एवं अनुभव युक्त संस्था गार्गी एनिमल केयर एंड कंट्रोल सर्विस प्रोवाइडर का चयन किया गया। संस्था को माह दिसंबर 2024 में बंदर पकड़ने का कार्य आरंभ करने हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके क्रम में संस्था द्वारा अब तक अपर नगर आयुक्त श्री रामजी लाल के निर्देशन में नगर निगम के विभिन्न वार्डों, प्रसिद्ध मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों से अब तक 2201 उत्पाती बंदरों को पकड़ कर चिन्हित स्थल पर छोड़ा गया है। संस्था द्वारा मथुरा जोन के विभिन्न क्षेत्रों में श्री कृष्ण जन्मस्थान मंदिर के समीप रुपम टॉकीज वार्ड नंबर 18 से 23 बंदरों को पकड़ा गया नगर आयुक्त शशांक चौधरी के निर्देशानुसार उत्पाती बंदरों को पकड़ने का कार्य निरंतर जारी है एवं अति शीघ्र नगर की जनता को उत्पाती बंदरों के आतंक से पूर्णतया मुक्ति दिलाने के लिए, नगर निगम प्रशासन प्रतिबद्ध है।

# गाय के गोबर से प्राकृतिक खादी पेंट बनाएंगी समूह की महिलाएं

टीम एक्शन इंडिया
**झांसी।** गोशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर झांसी के लुहरगांव में स्थित गोशाला में गाय के गोबर से पेंट बनाने का यूनिट स्थापित किया गया है। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन और नमामि गैया कंपनी की मदद से यह प्लांट स्थापित किया है। यहां मशीन की खरीद के लिए पूंजी महिलाओं ने जमा की जबकि प्रशिक्षण और प्लांट की स्थापना में आजीविका मिशन और नमामि गैया कंपनी ने महिलाओं की मदद की है। प्लांट से अब एक सप्ताह के भीतर पेंट के उत्पादन का काम शुरू हो जाएगा। इस यूनिट की स्थापना के बाद इसे



चलाने की जिम्मेदारी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के पास रहेगी। इस यूनिट की स्थापना के लिए लगभग 100 समूह की 1000 महिलाओं ने 30 लाख रुपए की धनराशि जुटाई थी। इन सबने मिलकर गौवर्धन प्रेरणा महिला लघु उद्योग समिति का गठन किया। भवन का निर्माण मनरेगा से किया गया है। जिस कंपनी की मदद से यूनिट की स्थापना की गई है, वह इस गोशाला में तैयार पेंट खरीदेगी। इसके अलावा विभिन्न सरकारी विभागों और कार्यालयों में उपयोग के लिए भी यहां से पेंट खरीदे जायेंगे। नमामि गैया कंपनी की एमडी सपना ने बताया कि लुहरगांव स्थित गोशाला में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने गाय के गोबर से खादी पेंट बनाने की यूनिट स्थापित की है। नमामि गैया कंपनी समूह की महिलाओं को तकनीकी सहयोग प्रदान कर रही है और यहां बनने वाले पेंट की बिक्री में मदद करेगी।

**यूनिट**

**झांसी के लुहरगांव में स्थित गोशाला में गाय के गोबर से पेंट बनाने का यूनिट स्थापित किया**

## 24 को राया में होगी किसान गोष्ठी

**मथुरा।** उप कृषि निदेशक (शोध) आगरा मण्डल, मथुरा राजीव कुमार ने अवगत कराया कि राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत सम्भागीय कृषि परीक्षण एवं प्रदर्शन केन्द्र, राया पर सम्भागीय किसान मेला एवं कृषक गोष्ठी का आयोजन 24 मार्च को किया जा रहा है। किसानों हेतु कृषि विभाग की प्रमुख योजनाओं एवं कृषकों को दिये जाने वाली राजकीय सुविधायें, वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिकों के माध्यम से फसल उत्पादन वृद्धि हेतु उन्नत एवं नवीन तकनीकी जानकारी, जैविक खेती की उपयोगिता, मृदा स्वास्थ्य एवं विभिन्न शासकीय प्रयास आदि की जानकारी दी जाएगी।

# ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने दिवंगत पत्रकार के परिवार के लिए जुटाई आर्थिक मदद

**मथुरा।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन मथुरा दिवंगत पत्रकार मोहनवीर सिंह के परिवार की आर्थिक मदद के लिए आगे आया है। पत्रकार संगठन ने इसके अलावा प्रशासनिक अधिकारियों को भी इस बात के लिए राजी किया कि वह दिवंगत परिवार के परिवार को यथासंभव सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाएं। सहयोग के लिए पत्रकार संगठन ने एसडीएम महावन और दूसरे प्रशासनिक अधिकारियों की सराहना की है। करीब दो महीने पहले पत्रकार मोहनवीर सिंह की आकस्मिक मृत्यु हो गई थी। लम्बी बीमारी पर अधिक खर्च होने से परिवार की आर्थिक स्थिति भी ठीक नहीं रही। इसे देखते हुए ग्रामीण पत्रकार



एसोसिएशन ने दिवंगत साथी पत्रकार के परिवार की आर्थिक मदद के प्रयास शुरू किये। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष विनोद अग्रवाल का कहना है कि दिवंगत पत्रकार के परिवार में बुजुर्ग मां पत्नी दो छोटे छोटे बच्चे हैं। संगठन ने सहयोग करने का प्रस्ताव रखा जिसे परिवार ने स्वीकार कर लिया। दोनो बच्चों और पत्नी के नाम 25-25 हजार की एफडी, 11000 नगद धनराशि की मदद की गई है। सरकार द्वारा अंत्योदय कार्ड तथा सरकार द्वारा पत्नी को 30000 अनुदान राशि दोनो बच्चों के खाते में 2500-2500 धनराशि प्रति माह का अनुदान सरकार द्वारा दिलाया जा रहा है। गुरूवार को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन मथुरा द्वारा महावन तहसील परिसर में एसडीएम महावन आदेश कुमार, तहसीलदार सुशील कुमार गुप्ता, नायब तहसीलदार प्रद्युम्न त्रिपाठी एवं पूर्ति निरीक्षक गौरव माहेश्वरी की मौजूदगी में आर्थिक सहयोग राशि परिवार को सौंपी गई। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला संरक्षक शिव प्रकाश शर्मा ने कहा है यह सराहनीय पहल है। प्रशासनिक अधिकारियों का पूरा सहयोग मिला है। संगठन इसके लिए जिला प्रशासन का आभारी है। पत्रकार साथियों का योगदान भी अमूल्य है। आगे भी संगठन पत्रकार हित में यथासंभव प्रयास जारी रखेगा। इस दौरान जिलाध्यक्ष विनोद अग्रवाल, जिला कोषाध्यक्ष बंकिलाल सारस्वत, महावन तहसील अध्यक्ष राकेश पचौरी, मांट तहसील अध्यक्ष गौरव गुप्ता, मनोज शर्मा, प्रदीप अग्रवाल, आकाश तोमर, इक्लाक कुरैशी, अमित अग्रवाल, पप्पन उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

**मदद**

**वह दिवंगत परिवार के परिवार को यथासंभव सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाएं**

# मुठभेड़ में युवती का अपहरण करने का आरोपी गिरफ्तार, गोली लगी

टीम एक्शन इंडिया
**फिरोजाबाद।** थाना फरिहा पुलिस व एसओजी टीम ने वृहस्पतिवार को अभियुक्त राजा तिवारी उर्फ रोनक को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। पैर में गोली लगने से घायल अभियुक्त को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया है। गिरफ्तार अभियुक्त पर 2 दिन पूर्व दोस्तो के साथ मिलकर एक युवती का जबरन अपहरण का आरोप है। अपर पुलिस अधीक्षक देहात अखिलेश भदौरिया ने बताया कि 17 मार्च को सांय 6 बजे एक युवती को राजा तिवारी उर्फ रौनक ने अपने



साथियों के साथ जबरदस्ती गाड़ी में बैठाकर अपहरण कर लिया था। घटना को लेकर युवती के पिता ने थाने पर मुकदमा दर्ज कराया था। इस घटना के अनावरण हेतु 3 पुलिस टीमों का गठन किया गया था। उन्होंने बताया कि थाना प्रभारी फरिहा गौतम सिंह वृहस्पतिवार की रात्रि में पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त पर थे। तभी सूचना मिली कि वांछित अभियुक्त राजा तिवारी किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में फरिहा रखावली रोड़ पर घूम रहा है।

# युवा शक्ति से आत्मनिर्भर बनेगा उत्तर प्रदेश: सीएम

**सीएम योगी ने देवीपाटन मंडल के 1,423 युवा उद्यमियों को बांटे 55 करोड़ रुपये के ऋण, लोन दिलाने के नाम पर ठगी बर्दाश्त नहीं**

**चेतावनी दी**

**▸ मुख्यमंत्री ने जनपद एक उत्पाद कार्यक्रम के अंतर्गत शिल्पकारों को टूलकिट भी वितरित किया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**गोंडा: मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को देवीपाटन मंडल के 1,423 युवा उद्यमियों को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) के तहत 55 करोड़ रुपये का ऋण वितरित किया। इस दौरान उन्होंने एक जनपद एक उत्पाद कार्यक्रम के अंतर्गत शिल्पकारों को टूलकिट भी वितरित किया। साथ ही सीएम योगी ने युवा उद्यमियों द्वारा लगाई गई स्टार्टअप प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि अगर युवा ऊर्जा को सही दिशा में अवसर मिले, तो उन्हें आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति से ही उत्तर प्रदेश आत्मनिर्भर बनेगा।

**डबल इंजन सरकार युवा उद्यमियों के आर्थिक स्वावलंबन में सहभागी बन रही है- सीएम योगी**

मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन सरकार युवा उद्यमियों के आर्थिक स्वावलंबन में सहभागी बन रही है। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र की ताकत उसकी युवा प्रतिभा, ऊर्जा और अनुशासन से मापी जाती है। जहां युवाओं को अवसर मिलते हैं, वहां कोई ताकत उस देश का बाल भी बांका नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान के तहत 3 लाख से अधिक युवाओं ने रजिस्ट्रेशन कराया है, जिसमें से 32,700 से अधिक युवा उद्यमियों को ऋण स्वीकृत हो चुका है। सीएम योगी ने बताया कि आने वाले 25, 26 और 27 मार्च को हर जनपद में होने वाले तीन दिवसीय मेले में और अधिक युवाओं को इस अभियान से जोड़ा जाएगा। उन्होंने युवाओं को सलाह दी कि वे लोन के कार्य की ट्रेनिंग लें, ताकि वे सफल उद्यमी बन सकें।

**महिलाओं को नौकरी में दी जा रही प्राथमिकता**

**महिलाओं** को सशक्त करने की दिशा में सरकार के प्रयासों का जिक्र करते हुए सीएम योगी ने कहा कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश पुलिस में केवल 10,000 महिलाएं थीं। हाल ही में 60,244 की भर्ती में 12,000 बेटियां शामिल हुईं। उन्होंने घोषणा की कि अब हर भर्ती में कम से कम 20% पद बेटियों के लिए आरक्षित होंगे। उन्होंने कहा कि अब तक 1,56,000 भर्तियों में 25,000 से अधिक बेटियों को नौकरी दी जा चुकी है। इसके अलावा, 7.5 लाख सरकारी कर्मचारियों की भर्ती पहले ही हो चुकी है। उन्होंने कहा कि हमारी बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं, और सरकार उनके लिए हर संभव अवसर सुनिश्चित कर रही है।
पहले बीमारू राज्य कहलाने वाला यूपी आज देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है- योगी सीएम योगी ने उत्तर प्रदेश की आर्थिक प्रगति पर गर्व जताते हुए कहा कि पहले बीमारू राज्य कहलाने वाला यूपी आज देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही हम इसे नंबर एक बनाएंगे। उत्तर प्रदेश देश में सर्वाधिक खाद्यान्न, गन्ना और एथेनॉल उत्पादन करने वाला राज्य है। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (टरटए) की सर्वाधिक इकाइयां यूपी में हैं, और हर इकाई को 5 लाख की सुरक्षा बीमा दी गई है। योगी ने कहा कि वन जिला वन प्रोडक्ट और विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के जरिए हस्तशिल्पियों और कारीगरों को सम्मान दिया गया। जो देश अपने युवाओं और अन्नदाताओं को सम्मान देता है वही समृद्धि के शिखर पर पहुंचता है। योगी
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हाल ही में उत्तर प्रदेश में आयोजित महाकुंभ ने दुनिया को भारत की ताकत का अहसास कराया। 1

# विद्युत परियोजनाओं को वापस लेने के लिए लेंगे कानूनी राय : सुक्खू

**नवीकरणीय**

**▸ अपार क्षमताओं को देखते हुए हिमाचल प्रदेश पूरे विश्व में नवीकरणीय ऊर्जा दोहन का एक केन्द्र बिन्दु बनता जा रहा**




**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमला। मुख्यमंत्री** ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज यहां अन्तरराष्ट्रीय बांध सुरक्षा सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि नदियों के जल के पर्याप्त दोहन से जल विद्युत उत्पादन की अपार क्षमताओं को देखते हुए हिमाचल प्रदेश पूरे विश्व में नवीकरणीय ऊर्जा दोहन का एक केन्द्र बिन्दु बनता जा रहा है। यह सम्मेलन 22 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है उन्होंने कहा कि प्रदेश के पास पानी ही एक मुख्य संसाधन है जिससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के प्रयास किए जाने चाहिए थे, लेकिन उसमें भी कहीं न कहीं हमारे साथ न्याय नहीं हुआ और हम पीछे रह गए। उन्होंने कहा कि विश्व में जल संसाधनों के दोहन का लाइसेंस सामान्यतः 35 से 40 वर्ष तक की अवधि के लिए दिया जाता है, लेकिन शुरू-शुरू में हमारे जल संसाधनों को जल विद्युत परियोजनाएं लगाने के लिए हमेशा के लिए बिना समय सीमा दे दिया गया। ऐसी बहुत सारी परियोजनाएं हैं जिन्हें हिमाचल प्रदेश को वापिस सौंपने की कोई समय सीमा तय नहीं की गयी है। उन्होंने कहा कि ऐसी सभी परियोजनाओं को हिमाचल को वापिस दिलाने के लिए कानूनी राय ली जा रही है। सुक्खू ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार प्रदेश के हितों की रक्षा के लिए हर संभव कदम उठाएगी ताकि आने वाली पीढ़ियों को इस विषय पर हमारी तरह संघर्ष ना करना पड़े। उन्होंने कहा कि यदि जरूरत पड़ेगी तो ऐसी सभी परियोजनाएं जहां हमारे हितों का ध्यान नहीं रखा गया, राज्य सरकार उनका निर्माण स्वयं करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश जैसे छोटे से राज्य ने विभिन्न जल विद्युत परियोजनाओं के निर्माण के लिए राष्ट्र हित में बहुत बड़ा योगदान दिया परन्तु इन पर बने बांधों से प्रदेश में काफी लोगों को विस्थापित भी होना पड़ा। भाखड़ा बांध तथा पौंग बांध के कारण विस्थापित हुए लोग अभी भी समुचित हक से वंचित हैं।

**फास्ट न्यूज**

## छींटाकशी को लेकर हुए दो पक्षों में विवाद में 12 गिरफ्तार

**हरिद्वार।** बीते रोज मंगलौर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम थिथौला में छींटाकशी को लेकर दो पक्षों में हुए विवाद के बाद मारपीट मामले में पुलिस ने एक दर्जन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी का चालान कर दिया है। जानकारी के मुताबिक बीते रोज मंगलौर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम थिथौला में दो पक्षों के बीच छींटाकशी को लेकर विवाद हो गया। विवाद में दोनों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोंनों पक्षों को समझाने की कोशिश की, किन्तु दोनों पक्ष शांत नहीं हुए और एक-दूसरे की जान लेनी की कोशिश में लगे रहे। पुलिस ने मामला बिगड़ता देख दोनों पक्षों में एक दर्जन लोगों को गिरिफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनका चालान कर दिया। पकड़े गए आरोपितों के नाम पते शहनवाज पुत्र हाजी शरीफ, शाकिर पुत्र जमशेद, अदनान पुत्र शमशाद, जैद पुत्र जुल्फकार, अनस पुत्र शमशाद, महोतसीन उर्फ मोती पुत्र शरीफ, जुल्फुकार पुत्र हासिम, फुरकान पुत्र हासिम, नाजिम पुत्र हासिम, मौ. सहबान पुत्र सुलेमान, साकिब पुत्र कासिम व हुसैन पुत्र हाजी शराफत निवासीगण ग्राम थिथौला मंगलौर, हरिद्वार बताए गए हैं।

## राम सुतार को मिलेगा महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार

**टीम एक्शन इंडिया**
**मुंबई:** महाराष्ट्र सरकार ने अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान "महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार" के लिए प्रसिद्ध शिल्पकार राम सुतार को चुना है। इस बात की जानकारी मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने गुरुवार को विधानसभा में दी। महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार के तहत ?25 लाख और एक स्मृति चिह्न प्रदान किया जाएगा। इस पुरस्कार के लिए 12 मार्च को मुख्यमंत्री फडणवीस की अध्यक्षता में हुई बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। 100 वर्ष पूरे कर चुके शिल्पकार राम सुतार को इससे पहले पद्म भूषण से भी सम्मानित किया जा चुका है।

# वित्त आयोग के सामने खुलकर आया बिहार का दर्द



**टीम एक्शन इंडिया**
**पटना:** सोलहवें वित्त आयोग के साथ बिहार सरकार की बैठक ने भी राज्य के विपक्षी दलों को बड़ा मुद्दा दे दिया था। यह मुद्दा पुराना है, लेकिन विपक्ष भी भूले बैठा था। राज्य की नीतीश कुमार सरकार ने वित्त आयोग से जो अपील की है, वह साफ-साफ बता रही है कि डबल इंजन सरकार के दोनों इंजन के बीच ईंधन (धन) का बंटवार सही तरीके से नहीं हो रहा है। राज्य सरकार ने साफ-साफ अपील की है कि केंद्र सरकार सेस और सरचार्ज के जरिए अपनी कमाई बढ़ा रही है, लेकिन उस राजस्व का हिस्सा राज्य को नहीं मिल रहा है। इन दोनों को विभाज्य पूल में शामिल करने की मांग के साथ सरकार ने केंद्रीय करों की शुद्ध आया के न्यूनतम 50 फीसदी को अपना हक बताया है।

**अपनी पीठ थपथपाई, और प्रयास की जरूरत स्वीकारी**

**मांग**

**▸ डबल इंजन सरकार के दोनों इंजन के बीच ईंधन (धन) का बंटवार सही तरीके से नहीं हो रहा हैं: सीएम**

सोलहवें वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया के सामे राज्य सरकार ने लिखित तौर पर प्रस्ताव के साथ अपनी मांग बताई है। सरकार ने मांगों की जानकारी से पहले दावा किया है कि बिहार ने पिछले लगभग दो दशकों में उच्च आर्थिक विकास दर को बनाए रखा है तथा विभिन्न सामाजिक-आर्थिक विकास संकेतकों में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। इसके साथ ही यह भी स्वीकार किया है कि विभिन्न संकेतकों में राष्ट्रीय औसत को प्राप्त करने के लिए और प्रयास किए जाने की आवश्यकता है।



उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) ने गुरुवार को नई दिल्ली में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने उपराष्ट्रपति के स्वास्थ्य एवं कुशलक्षेम की जानकारी ली।

# 'सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को कानून का पालन करना चाहिए'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिग्गज अमेरिकी कारोबारी एलन मस्क के स्वामित्व वाली सोशल मीडिया कंपनी 'एक्स' ने भारत सरकार के खिलाफ कर्नाटक हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। अपनी याचिका में एक्स ने आईटी एक्ट को लेकर कहा, यह एक गैरकानूनी और अनियमित सेंसरशिप सिस्टम बनाता है, जिसके तहत कंटेंट को ब्लॉक कर प्लेटफॉर्म के संचालन को प्रभावित किया जा रहा है। अब इसको लेकर केंद्र सरकार का जवाब सामने आया है। एक्स ने आईटी अधिनियम की केंद्र धारा 79(3)(बी) के इस्तेमाल को लेकर चिंता जाहिर की है। इसे लेकर 'एक्स' ने तर्क दिया है यह धारा सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का उल्लंघन करती है। साथ ही यह ऑनलाइन अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कमजोर भी करती है। केंद्र पर मुकदमा दायर करने के बाद अब सरकार ने कहा है कि सरकार सही प्रक्रिया का पालन करेगी और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को कानून का पालन करना चाहिए।

## पत्नी की शिकायत लेकर कोर्ट पहुंचा पति

**नई दिल्ली**
**मद्रास** हाई कोर्ट ने एक अहम और बड़ा फैसला सुनाते हुए कहा है कि अगर कोई महिला अकेले में पोर्न देखती है और मास्टरबेट करती है, तो ये पति के लिए क्रूरता नहीं है। दरअसल, एक फैमिली कोर्ट ने एक शख्स की तलाक की अर्जी को खारिज कर दिया था, जिसे हाई कोर्ट ने सही ठहराया है।
'पुरुषों का मास्टरबेट करना आम तो महिलाओं का क्यों नहीं'
जस्टिस जी.आर. स्वामीनाथन और जस्टिस आर. पूर्णिमा की बेंच ने फैसला सुनाया है।

# शंभू बॉर्डर: अब चक्कर काटने की जरूरत नहीं



**टीम एक्शन इंडिया**
**पटियाला। खनौरी** और शंभू बॉर्डर पर करीब 13 महीने से आंदोलन कर रहे किसानों को आखिर पंजाब सरकार ने हटा दिया है। बुधवार देर रात शुरू किया गई कार्रवाई गुरुवार तक जारी है। बुधवार को पंजाब पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई के बाद अब ढांचों और शेडों को ध्वस्त कर दिया गया है और शंभू बॉर्डर पर एक तरफ की सड़क खोल दी गई है। ट्रैफिक की आवाजाही को लेकर पटियाला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (ररढ) नानक सिंह ने गुरुवार को कहा की कि अगले 3-4 घंटों के भीतर इलाके में सड़कों को साफ करने और उन्हें यातायात के लिए फिर से खोलने के प्रयास चल रहे हैं। शंभू बॉर्डर पर प्रदर्शनकारी किसानों द्वारा लगाए गए टेंट को गुरुवार को अधिकारियों ने हटा दिया। सिंह ने कहा कि एक बार सड़कें साफ हो जाने के बाद, वे हरियाणा के अधिकारियों के साथ मिलकर यह निर्धारित करेंगे कि सड़कों को यातायात के लिए खोलना कितना सुरक्षित है या नहीं।

www.actionindialive.com
जब चाहें, जहां चाहें
ताजा खबरों से अपडेट रहें



H.O: Action Balaji House, Majlis Park,
Near Rakesh Bhardwaj Chowk, Delhi- 110033
B.O: Shakti Complex, 6/18, Main Gt Road,
Samaypur Industrial Area, Delhi -110042
9999889104, 8447314925

**हत्याकांड** सौरभ की हत्या उसकी पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर की और शव को ड्रम में डालकर सीमेंट से जमा दिया

# सौरभ हत्याकांड: मेरी बेटी को लाइव 'सजा-ए-मौत हो'



**टीम एक्शन इंडिया**
**मेरठ।** उत्तर प्रदेश के मेरठ से सामने आए सौरभ हत्याकांड मामले ने सबको हिलाकर रख दिया है। लंदन से लौटे सौरभ की हत्या उसकी पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर की और शव को ड्रम में डालकर सीमेंट से जमा दिया। मामला सुर्खियों में आने के बाद मुस्कान के पिता का भी बयान सामने आया है। मुस्कान के पिता ने कहा कि उनकी बेटी को लाइव सजा-ए-मौत होनी चाहिए। समाचार एजेंसी एएनआई से बातचीत करते हुए मुस्कान के पिता ने कहा, मेरी बेटी ने मेरे दामाद की अपने ही एक दोस्त के साथ मिलकर हत्या कर दी। उन्होंने कहा, वो (मुस्कान) इस समाज के लायक नहीं है वो दूसरों के लिए भी खतरनाक है और दूसरे बच्चों को ये सबक देना चाहता हूं कि इस तरह का कदम नहीं उठाना चाहिए।
मुस्कान के पिता ने आगे कहा, उसे (मुस्कान) को सजा-ए-मौत होनी चाहिए और हो सके तो लाइव होनी चाहिए।

**सीने पर वार खाकर भी जिंदा था सौरभ**

गौरतलब है कि सौरभ की हत्याकांड मामले की पुलिस जांच कर कर रही है। पुलिस ने मुस्कान और उसके प्रेमी साहिल को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में अभी तक जो सामने आया है वह भी वारदात की तरह ही हैरान करने वाला है। एसएसपी विपिन ताडा ने बताया है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सामने आया कि सीने पर वार करने के बाद भी सौरभ की मौत नहीं हुई थी। उस समय तक भी वह जिंदा था। बाथरूम में गर्दन कटने पर सौरभ ने दम तोड़ दिया। उसके शरीर पर चाकू से करीब दस वार किए गए।

**हत्या के तरीके जानने के लिए यूट्यूब खंगाला**

सौरभ की हत्या करने से पहले मुस्कान और साहिल ने हत्या के